वाराणसी, शनिवार, 24 दिसम्बर, 2022

पौष मास, शुक्ल पक्ष 1, वर्ष 11, अंक 316, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - शन्नो खुराना : 95 वर्ष की संगीत साधिका

अन्दर : पुजारा 7000 रनों के आंकड़े तक पहुंचने वाले आठवें भारतीय बने




नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# सिक्किम में सेना के 16 जवानों की मौत

## चार को किया गया एयरलिफ्ट, रक्षा मंत्रालय ने जारी किया बयान

**नई दिल्ली।** उत्तरी सिक्किम में भारतीय सेना के जवानों को ले जा रहा ट्रक हादसे का शिकार हो गया। जवानों को ले जा रही ट्रक के एक खाई में फिसलने के बाद ये हादसा हुआ जिसमें 16 जवानों की मौत हो गई, जबकि 4 जवानों को इलाज के लिए एयरलिफ्ट किया गया है। हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। ये हादसा उत्तरी सिक्किम के लाचेन से 15 किमी दूर जेमा इलाके में हुआ।

रक्षा मंत्रालय के जारी किए गए बयान में बताया गया कि उत्तरी सिक्किम में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के 16 जवानों की मौत हो गई। 23 दिसंबर को नॉर्थ सिक्किम के जेमा में एक ऑर्मी ट्रक के सड़क हादसे में भारतीय सेना को ये बड़ी क्षति उठानी पड़ी। दुर्घटनाग्रस्त वाहन उस तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था जो सुबह चटन से थंगू की ओर जा रहा था। जेमा के रास्ते में, वाहन एक तेज

**दर्दनाक मंजर**

**ट्रक के खाई में फिसलने से हुई दुर्घटना**

**हादसे के बाद मौके पर राहत और बचाव कार्य शुरू**

मोड़ पर एक खड़ी ढलान पर फिसल गया इस हादसे में 3 जूनियर कमीशन्ड अधिकारियों के अलावा 13 जवानों ने दम तोड़ दिया।

खाई में गिरने के बाद सेना की बस चकनाचूर हो गई। ये बस तीन बसों के उस काफिले का हिस्सा थी जो चट्टेन से थांगू के लिए निकली थीं। जेमा में एक तीव्र मोड़ पर ढलान जैसी सड़क से मुड़ते वक्त बस खाई में समा गई। चुंगथांग उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अरुण थाटल ने बताया कि सेना की गाड़ी 20 जवानों के साथ सीमा पर मौजूद चौकियों की ओर जा रही थी। जेमा



पहुंचते ही गाड़ी एक मोड़ पर सड़क से उतर गई और सैकड़ों फीट नीचे गिर खाई में गिर गई।

भारतीय सेना ऐसे दुखद समय में शोक संतप्त परिवारों के साथ है। इस हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया है। राजनाथ सिंह ने ट्विटर पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, उत्तरी सिक्किम में एक सड़क हादसे की वजह सेना के कई जवानों की जान चली गई जिसका गहरा दुख है देश उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है, हादसे में घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं उत्तरी असम में ऑर्मी के ट्रक हादसे को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हादसे पर शोक व्यक्त किया।

### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी और राजनाथ ने हादसे पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** सिक्किम में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शुक्रवार को सेना के 16 जवान शहीद हो गए। घटना उत्तरी सिक्किम के जेमा में हुई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन तीन वाहनों के काफिले का हिस्सा था, जो चटन से सुबह थंगू की ओर बढ़ा था। घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख जताया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के वीर जवानों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। वहीं, पीएम मोदी ने भी हादसे पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि उत्तरी सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना के कारण भारतीय सेना के जवानों की जान जाने का गहरा दुख है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए हृदय से आभारी है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिक्किम में एक सड़क दुर्घटना में सेना के जवानों का निधन अत्यंत दुःखद व पीड़ादायक है। भारत के वीर सपूतों को विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

## देश में सप्ताह-दर-सप्ताह कम हो रहे कोरोना मामले

**ये कैसा बयान**

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया बयान**

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कोरोना के मामलों में उछाल के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में सप्ताह-दर-सप्ताह गिरावट जारी है। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट जारी है और 22 दिसंबर को साप्ताहिक संक्रमण दर 0.14 प्रतिशत दर्ज की गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि आठ राज्यों और चार केंद्रशासित प्रदेशों में वर्तमान में कोरोना का एक भी सक्रिय मामला नहीं है। वहीं पांच राज्यों में देश के 78 प्रतिशत मामले हैं, जिनमें गिरावट जारी है।




मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि सात से 13 अक्टूबर तक औसत दैनिक मामले 2408 आ रहे थे, जो 1.05 प्रतिशत थे। 16 से 22 दिसंबर के बीच यह घटकर 153( 0.14 प्रतिशत) हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि 21 दिसंबर तक वैश्विक कोरोना मामलों में भारत का योगदान केवल 0.03 प्रतिशत था। देश में इस सप्ताह में केवल 153 मामले सामने आए थे। जबकि, जापान का 26.8 प्रतिशत यानी 1,54,521 मामले आए थे।




## मोहनलाल पांडा को 2022 का अटल उपलब्धि पुरस्कार

**नई दिल्ली।** विज्ञान भवन में गत दिनों सम्मान पाने के बाद डॉ. मोहनलाल पंडा ने कहा कि यह समय है जब हम सामाजिक संतुलन को तोड़ते हैं और सुधार को मजबूत करते हैं। कोई भी व्यक्ति, कोई समूह या कोई भी नेटवर्क कहीं भी स्थिति को बदल सकता है। हमें यह देखना होगा कि अधिक से अधिक लोग पिरामिड के निचले भाग में अधिक संपत्ति बनाने का प्रयास करें। लोकतांत्रिक पूंजीवाद की छत्रछाया में नवाचार और प्रतिस्पर्धा होने दें। सामाजिक उद्यमियों की संख्या जितनी अधिक होगी, देश उतना ही आत्मनिर्भर और आत्मनिर्भर बनेगा। डॉ. पंडा के जन्मदिन पर यह उनके लिए यादगार तोहफा था। दिल्ली में रहने वाले डॉ. मोहनलाल पांडा के पास पीएचडी जेएनयू से डिग्री और एक विकास सलाहकार और एक स्वतंत्र परियोजना मूल्यांकनकर्ता के रूप में काम करता है। वह जनमित्र न्यास के सेंटर फॉर लाइवलीहुड एंड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप, जन मित्र न्यास के निदेशक भी हैं। केंद्र समाज के सबसे हाशिये पर रहने वाले समुदायों के लिए आजीविका के अवसर पैदा कर रहा है। यह ट्रस्ट के स्वयंसेवकों को उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से भी जोड़ रहा है।

## किसानों की बेहतरी के लिए उप्र सरकार कर रही प्रयास

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए पूर्व प्रधानमंत्री के संघर्ष को भी याद किया। योगी ने शुक्रवार सुबह लखनऊ में विधानसभा के मुख्य द्वार पर स्थापित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई प्रमुख हस्तियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा के सामने कृषक उत्पादक संगठनों को दिए जाने वाले ट्रैक्टर को हरी झंडी दिखाकर

**आयोजन**

**पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर योगी ने श्रद्धांजलि अर्पित की**

रवाना किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों की भलाई के लिए कई काम किये हैं। उन्होंने कहा किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं किसानों के लिए ही हैं। उन्होंने कहा सभी योजनाएं बिना किसी बिचौलिए के किसानों तक सीधे लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा पिछली सरकारें जहां चीनी मीलों को बेचने का काम करती थी वहीं हम प्रदेश में नयी मिलें लगा रही हैं।

# संसद का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** चीन से सीमा विवाद पर चर्चा की मांग और राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर टिप्पणी पर मचे विवाद के बीच संसद के दोनों सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गए। इस दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 102 फीसदी रही, जबकि राज्यसभा में 97 फीसदी काम हुआ।

संसद के शीतकालीन सत्र बैठक निर्धारित समय से छह दिन पहले स्थगित हुई। संसद का शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर तक चलना था। लेकिन क्रिसमस एवं नववर्ष के कारण विभिन्न दलों के सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता वाली कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सत्र को समय से पहले स्थगित करने का आग्रह किया था। इसके आधार पर सत्र को समय से पहले स्थगित करने का फैसला

**हंगामे की भेंट चढ़ा सत्र**

**चीन से सीमा विवाद और सोनिया गांधी पर टिप्पणी के बाद हुआ था विवाद**

**सात दिसंबर को शुरू हुआ था संसद का शीतकालीन सत्र**

**सत्र की कार्य प्रोडक्टिविटी लगभग 97 फीसदी रही**

किया गया।

बिरला ने कहा कि इस बार सत्र की कार्य प्रोडक्टिविटी लगभग 97 फीसदी रही। 13 बैठकों में 68 घंटे 42 मिनट काम हुआ। सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, निचले सदन में कांग्रेस



के नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से उनके कक्ष में जाकर मुलाकात की। सोनिया गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया नहीं देता तो ये शपथ के साथ धोखा होता राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने वढअ अध्यक्ष सोनिया गांधी की न्यायपालिका के संदर्भ में टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया को जायज ठहराते हुए कहा कि उन्होंने प्रतिक्रिया नहीं दी होती तो वह अपनी शपथ के साथ अन्याय करते। वो अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करने में विफल रहते।

राज्यसभा में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने यह मुद्दा उठाया और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनका समर्थन किया। तिवारी ने कहा कि अगर सोनिया गांधी बाहर कुछ कहती हैं तो उस पर राज्यसभा में चर्चा नहीं की जानी चाहिए। अगर चेयर की ओर से उस पर प्रतिक्रिया आती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा कभी नहीं हुआ। खड़गे ने कहा कि जो कुछ कहा गया है उसे कृप्या कार्यवाही से निकाल दिया जाए। अगर इसे कार्यवाही से नहीं निकाला जाएगा तो यह अच्छी मिसाल पेश नहीं करेगा। खड़गे ने कहा कि सोनिया दूसरे सदन की सदस्य हैं और राज्यसभा की यह परंपरा रही है कि यहां अन्य सदन के सदस्य के वक्तव्य पर चर्चा नहीं की जाती है।

# आरक्षण की याचिका पर सुनवाई टली

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में विचाराधीन याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी। खंडपीठ ने यह आदेश रायबरेली निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव पांडेय व अन्य की जनहित याचिकाओं पर दिया। बीते बुधवार को सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।

राज्य सरकार ने दाखिल किए गए

**निकाय चुनाव**

**एक जनहित याचिका पर कोर्ट का निर्णय, आज होगी सुनवाई**

अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव मामले में 2017 में हुए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सर्वे को आरक्षण का आधार माना जाए।

सरकार ने कहा है कि इसी सर्वे को ट्रिपल टेस्ट माना जाए। कहा है कि ट्रांसजेंडर्स को चुनाव में आरक्षण नहीं दिया जा सकता। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा था कि किन प्रावधानों के तहत निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति की गई है? इस पर सरकार ने कहा कि 5 दिसंबर 2011 के हाईकोर्ट के फैसले के तहत इसका प्रावधान है। जनहित याचिकाओं में निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का उचित लाभ दिए जाने व सीटों के रोटेशन के मुद्दे उठाए गए हैं। याचियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत जब तक राज्य सरकार तिहरे परीक्षण की औपचारिकता पूरी नहीं करती तब तक ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं दिया जा सकता। राज्य सरकार ने ऐसा कोई परीक्षण नहीं किया। यह भी दलील दी कि यह औपचारिकता पूरी किए बगैर सरकार ने गत 5 दिसंबर को अनंतिम आरक्षण की अधिसूचना के तहत ड्राफ्ट आदेश जारी कर दिया। इससे यह साफ है कि राज्य सरकार ओबीसी को आरक्षण देने जा रही है। साथ ही सीटों का रोटेशन भी नियमानुसार किए जाने की गुजारिश की गई है। याचियों ने इन कमियों को दूर करने के बाद ही चुनाव की अधिसूचना जारी किए जाने का आग्रह किया है।

## मुख्तार की कस्टडी रिमांड पांच दिन बढ़ी



**प्रयागराज।** मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार माफिया मुख्तार अंसारी की कस्टडी रिमांड पांच दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। उसकी पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने दस दिनों की कस्टडी रिमांड पूरी होने के बाद माफिया मुख्तार को जिला न्यायालय में पेश किया था। पूछताछ के लिए और रिमांड की मांग की थी। जिस पर कोर्ट ने पांच दिन की रिमांड अवधि और बढ़ा दी। मुख्तार के वकील ने कस्टडी रिमांड बढ़ाने का विरोध किया था। ईडी के अधिवक्ता ने कहा कि अभी पूछताछ के लिए और समय चाहिए।

# चिमनी में विस्फोट, 9 की मौत

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां एक ईंट भट्ठे के चिमनी में विस्फोट के बाद नौ लोगों के मारे जाने की सूचना है। कुछ लोगों के चिमनी तले दबने से मौत होने की सूचना है। इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पास के एसआरपी हॉस्पिटल, रक्सौल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने अब तक पांच लोगों के मरने की पुष्टि कर दी है। घटना स्थल पर पूर्वी चंपारण के डीएम समेत कई आला अधिकारी कैंप कर रहे है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ईंट भट्ठे में आग लगाने के दौरान चिमनी में विस्फोट हो गया है। इस हादसे में मौके पर मौजूद चमनी मालिक समेत करीब 9 लोगों की मौत हो गयी। जबकि आधा दर्जन मजदूर घायल हुए हैं। मौके

**दुखद**

**ईंट के भट्ठे में आग लगाने के दौरान हुआ हादसा, कई शवों की शिनाख्त नहीं, 10 से अधिक घायल, स्थिति गंभीर**

पर मौजूद लोगों की मानें तो कुछ लोग चिमनी तले दबे हुए हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ी सहित कम से कम 10 एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंच चुकी हैं। आधा दर्जन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रामगढ़वा थाने ने नीलगिरी की है।

रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रप्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को शाम के चार बजकर 30 मिनट पर चिमनी में ईंट बनाने के काम की शुरूआत की जा रही थी। इसमें चिमनी संचालकों, यहां काम करने वाले मजदूरों के साथ स्थानीय लोगों को आमंत्रण देकर बुलाया गया था। चिमनी को चालू करने की औपचारिक प्रक्रिया शुरू करने के बाद जैसे ही लोग दुआ के लिए बैठे, चिमनी ब्लास्ट कर गयी। इसके बाद अफरातफरी मच गयी। घटनास्थल से अब तक पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। एसडीआरएफ की टीम के आने का इंतजार किया जा रहा है।

इधर एसआरपी अस्पताल में पांच लोगों का शव रखा हुआ है। इसमें चिमनी संचालक रामगढ़वा के आमोदेई निवासी मो. इरशाद आलम का भी शव है। मलबे से निकाले गये तीन शवों में एक की पहचान रामगढ़वा के नरीरगीर निवासी अनिल बैठा के रूप में की गयी है, उसका शव ग्रामीणों की मदद से निकाला गया है। अन्य शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# शैली ओबेरॉय होंगी 'आप' की मेयर

## डिप्टी मेयर के उम्मीदवार होंगे आले मोहम्मद इकबाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मेयर पद के लिए आम आदमी पार्टी ने नाम का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने शैली ओबेरॉय का नाम तय किया है। वहीं डिप्टी मेयर के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल होंगे। इसके अलावा स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर आमिल मलिक, रविंद्र कौर, मोहिनी जीनवाल और सारिका चौधरी होंगी। आपको बता दें कि मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव 3 महीने के लिए हुआ है।

आम आदमी पार्टी की ओर से मेयर पद को लेकर पार्टी की पीएसी की बैठक हुई। इस बैठक में मेयर पद के नाम पर मुहर लगा। दिल्ली नगर निगम के मेयर के लिए 6 जनवरी 2023 को मतदान होगा। इसके लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख 27 दिसंबर 2022 है। इससे पहले हाल ही में

**ऐलान**

**31 मार्च तक के लिए होगा कार्यकाल, एमसीडी की बैठक में 250 पार्षद लेंगे हिस्सा**



दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने 6 जनवरी 2023 को नगर निगम की पहली बैठक बुलाने के प्रस्ताव को हाल में मंजूरी दी है। इसके बाद दिल्ली नगर निगम ने कहा था कि एमसीडी के महापौर, उप महापौर और सदन की स्थायी समिति के छह सदस्यों के पदों के लिए चुनाव 6 जनवरी को दिल्ली नगर निगम की पहली बैठक के 11 बजे होगी।

दिल्ली नगर निगम के महापौर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख मंगलवार 27 दिसंबर 2022 है। वहीं चुनाव से पहले कभी भी नॉमिनेशन को वापस लिया जा सकता है। दिल्ली नगर निगम के मेयर का चुनाव सीक्रेट बैलेट के जरिए होगा। एमसीडी में मेयर का कार्यकाल 1 अप्रैल से लेकर 31 मार्च तक के लिए होता है। इसलिए पहले महापौर का कार्यकाल सिर्फ 31 मार्च तक के लिए होगा। सदन की बैठक मिंटो रोड पर एमसीडी के मुख्यालय, सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। एमसीडी की बैठक में 250 पार्षद हिस्सा लेंगे। महापौर का पद रोटेशन के आधार पर एक-एक साल के लिए होगा।

# 'टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट एंड वैक्सीनेशन' पर केंद्र का जोर

## नए साल के जश्न से पहले अमल में लाने का राज्यों दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** चीन, अमेरिका, दक्षिण कोरिया समेत कई देशों में कोरोना केसों के बढ़ने के साथ अब भारत में भी संक्रमण को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। इस बीच सूत्रों ने दावा किया है कि स्वास्थ्य मंत्रालय न्यू ईयर और आगामी त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कोरोना संबंधी नई एडवायजरी जारी की है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आने वाले त्योहारों और नए साल के जश्न को ध्यान में रखते हुए 'टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट एंड वैक्सीनेशन' और मास्क

**कस ली कमर**

**स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की बैठक**

**केंद्र और राज्यों को सहयोगात्मक भावना से काम करने की जरूरत है, जैसा कि हमने पिछली बार केसों में उछाल के दौरान किया**

**बढ़ते संक्रमण के बीच नेजल वैक्सीन को केंद्र की मंजूरी, पहले निजी अस्पतालों में होगी उपलब्ध**

पहनने एवं सोशल डिस्टेंसिंग पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने राज्यों को सतर्क रहने और कोविड-19 प्रबंधन के लिए सभी तैयारियां रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोगात्मक भावना से काम करने की जरूरत है, जैसा कि हमने पिछली बार उछाल के दौरान किया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करना कोविड प्रबंधन के लिए परीक्षित रणनीति बनी हुई है। राज्यों को निगरानी प्रणाली मजबूत करने की सलाह दी गई है। उनसे परीक्षण बढ़ाने और अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

वहीं केंद्र सरकार ने भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। यह वैक्सीन बूस्टर डोज के तौर पर लग सकेगी। नेजल वैक्सीन शुरूआत में प्राइवेट अस्पतालों में लग सकेगी। इस टीके में किसी तरह की सूई का इस्तेमाल नहीं होगा और इसे नाक से दिया जाएगा। यह निजी केंद्रों पर उपलब्ध होगा और इसे शुक्रवार शाम टीकाकरण पंजीकरण मंच को-विन पर भी जारी किया जाएगा। इससे पहले भारत के औषधि महानियंत्रक डीसीजीआई ने भारत बायोटेक की इंट्रा नेजल कोविड वैक्सीन को आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। यह वैक्सीन नाक के जरिए स्प्रे कर-के दी जाती है, मतलब वैक्सीन लेने वाले की बांह पर टीका नहीं लगाया जाता। डीसीजीआई ने इंट्रा नेजल कोविड वैक्सीन को 18 साल से ऊपर के लोगों के लिए मंजूरी दी है। भारत बायोटेक की इस वैक्सीन का नाम बीबीवी154 है। हैदराबाद की कंपनी भारत बायोटेक ने नेजल वैक्सीन का 4 हजार वॉलिंटियर्स पर क्लीनिकल ट्रायल किया है। इनमें से किसी पर इसका कोई साइड इफेक्ट देखने को नहीं मिला है। अगस्त महीने में तीसरे चरण के क्लीनिकल ट्रायल के बाद साफ हो गया था कि बीबीवी154 वैक्सीन इस्तेमाल के लिए सुरक्षित है।

# अश्लील हरकत व फब्तियां कसने वाले 15 गिरफ्तार

## शिकायत के बाद सादे वेश में पुलिस ने की छापेमारी

**देह व्यापार की आशंका**

### मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस



**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन के सामने सड़क पर महिलाओं से अश्लील हरकत व फब्तियां कसने वाले 15 युवकों को सिगरा पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने सादे वेश में छापेमारी की। इस दौरान वहां 15 युवकों को अश्लील हरकत करते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। जिनपर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

एसीपी शिवा सिंह ने बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि स्टेशन के आस-पास कुछ लोगों द्वारा महिलाओं पर अनावश्यक कमेंट व अश्लील हरकतें की जा रही हैं। इसके मद्देनजर अभियान चलाया गया। मौके से 15 को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद मुकदमा लिखा गया। इसमें कई कार व बाइक से थे। गिरफ्तार आरोपितों में चंदौली के नई कोट निवासी अनूप सिंह, लौंदा अलीनगर के दिनेश यादव, आलमपुर अलीनगर निवासी पप्पू सोनकर, मिजार्पुर के कोठी लालगंज निवासी सत्यम गिरी, गाजीपुर के मुड़ियार सैदपुर के रहने वाले श्याम सुंदर यादव, नंदगंज के अविनाश यादव, बस्ती के नथना निवासी कृष्ण कुमार शर्मा, आजमगढ़ के अतरौलिया के सौरभ निषाद, आगरा बाह के विक्रमपुर निवासी रवि सिंह, बिहार के बक्सर निवासी तारकेश्वर पांड़ेय, वैशाली के हसनपुर निवासी किशन महतो, फाफामउ प्रयागराज निवासी गौतम तिवारी, वाराणसी के त्रिलोचन, गायघाट निवासी रोहित सिंह, हरहुआ के जितेंद्र जायसवाल, मिजार्पुर के लालगंज कोठी के रहने वाले जय गिरी समेत 15 शामिल हैं। छापेमारी में सिगरा एसओ राजीव सिंह, रोडवेज चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह, एसआई मीना सिंह आदि शामिल रहे। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रैक्टर चोर गिरफ्तार दूसरे की तलाश

**रोहनिया।** ट्रेक्टर चोरी के मामले में एक अरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से चोरी की ट्रेक्टर व ट्रॉली बरामद कर एक और आरोपी की तलाश की जा रही है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिहरपुर यूनियन बैंक के समीप से पिछले हफ्ते शुक्रवार को हरिहरपुर निवासी कन्हैया लाल की ट्रैक्टर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था, जिसकी शिकायत पीड़ित ने रोहनिया थाने में दर्ज कराई थी, प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसी कैमरे के फुटेज पर ट्रैक्टर चोर तराव सैदपुर गाजीपुर निवासी मृत्युंजय कुशवाहा उम्र 22 वर्ष को मोहनसराय नतलदेई मार्ग पर मिल्की चक के पास ईट भट्टा के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके कब्जे से ट्रेक्टर सहित ट्राली बरामद हुई। जिसके निशानदेही पर एक अन्य ट्रैक्टर ट्राली बरामद किया गया गिरफ्तार आरोपी पर गाजीपुर जिले में कई मुकदमे दर्ज हैं, वहीं उसका एक साथी देवकली सैदपुर गाजीपुर निवासी मोहित कुमार की तलाश अब भी जारी है।

## नगर आयुक्त को पंपिंग स्टेशन पर मिलीं खामियां, दूर करने का निर्देश



पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करते नगर आयुक्त

**वाराणसी।** नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने शुक्रवार को भदैनी स्थित जलकल रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन के साफ-सफाई, रख-रखाव आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जहां खामियां पाए जाने पर तत्काल खामियों को दूर किए जाने का निर्देश दिया। भदैनी स्थित जलकल रॉ-वाटर पंपिंग स्टेशन कंपाउंड में निरीक्षण के दौरान काफी गंदगी देखने को मिली, जिसे तत्काल साफ-सफाई कराए जाने का निर्देश दिया, बाउंड्री वॉल से सटे घाटों पर काफी मात्रा में लोगों द्वारा अतिक्रमण किए हुए पाया गया जिसे तत्काल हटाए जाने का निर्देश दिया, ब्रिज पर पेड़ की डाली लटके हुए थे को डालियों की छटाई कराए जाने के निर्देश दिया और स्टेशन पंप हाऊस में बेतरतीप तरीके से रखे सामान को व्यवस्थित किए जाने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त अमित शुक्ला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमपी सिंह, महाप्रबंधक जलकल राघवेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता ओपी सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षेप

### शेल्टर होम के प्रचार प्रसार के लिए निगम ने लगाये होर्डिंग



**वाराणसी।** नगर आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को निगम द्वारा संचालित शेल्टर होमों के प्रचार के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग बैनर लगवाये गये, जिससे निराश्रित एवं बेघर व्यक्तियों को शेल्टर होम की आसानी से जानकारी प्राप्त हो सके। निराश्रित एवं बेघर व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिये नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों में संचालित 12 स्थायी और 10 अस्थायी शेल्टर होमों को पूर्ण रूप से सभी सुविधाओं के साथ संचालित किया जा रहा है, सभी शेल्टर होमो में नगर निगम द्वारा बिस्तर, कंबल, शौचालय, प्रकाश, अलाव एवं पेयजल की व्यवस्था की गयी है। नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर निगम के जोनल अधिकारियों द्वारा रात्रि भ्रमण कर सड़क पर सोने वालों को नजदीक के शेल्टर होमो में आश्रय के लिए भेजा जा रहा है।

### चलते ट्रक में ट्रेलर ने मारी टक्कर, दो घायल



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के मिजार्मुराद स्थित ओवरब्रिज पर शुक्रवार की सुबह प्रयागराज की तरह से वाराणसी की ओर जा रही ट्रेलर ट्रक में अनियंत्रित होकर जा भिड़ा, जिसमें ट्रेलर चालक राजस्थान निवासी चेतन गुर्जन व खलासी ओमप्रकाश घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को ट्रेलर से बाहर निकलवाकर इलाज के लिए समीप के अस्पताल में भर्ती करवाया। मार्ग बाधित न हो इसके लिए ओवरब्रिज पर दुर्घटना के बाद खड़ी ट्रेलर को क्रेन की मदद से नीचे उतरवाकर साइड करवाया गया।

### मामूली बात पर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के रखौना गांव स्थित शराब ठेका के पास मामूली बात को लेकर कहासुनी के बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों में देखते देखते मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के रखौना गांव निवासी सुधारी राजभर को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। घटना गुरुवार शाम की है। घायल ने थाने पहुंचकर चित्तापुर गांव निवासी गोलू व सड़कू गोंड के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल का मेडिकल मुआयना करवाने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### ह्रदयाघात से मजदूर की मौत

चौबेपुर। क्षेत्र के रजवाड़ी में शुक्रवार को मिट्टी उठाते वक्त ह्रदयाघात से मजदूर की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। चौबेपुर के ग्राम रजवाड़ी निवासी विनोद चौधरी (45) उसके परिवार में पत्नी फूला देवी के अलावा पांच लड़किया हैं। वह कई वर्षों से मुंबई में निजी कंपनी में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी फूला देवी ने रोते हुए बताया की हम मनरेगा के तहत गांव में मिट्टी उठाने का काम कर रहे थे। मेरे पति मिट्टी उठाने में मेरा हाथ बटा रहे थे की अचानक ह्रदयाघात होने से पति विनोद की मौत हो गई।

### आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेष की अदालत ने शुक्रवार को शादी के नाम पर शारीरिक शोषण करने के मामले में आरोपी फौजी शिवरामपुर चोलापुर निवासी आनंद पटेल की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन की ओर से डीजीसी व वादिनि के अधिवक्ता ब्रजेश मिश्र कमल कांत तिवारी ने पैरवी की। बता दें की चोलापुर निवासिनी वादिनि ने कोर्ट के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया की आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया, बाद में सेना में नौकरी लग जाने के बाद उससे किनारा कर लिया और धमकी देने लगा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

### सारनाथ स्टेशन पर छापा, हड़कम्प

**सारनाथ।** पूर्वोत्तर रेलवे आरपीएफ की सीआईबी इकाई ने शुक्रवार को सारनाथ स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। टिकट काउंटरों की पड़ताल हुई। वहीं संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों से पूछताछ किया गया। अचानक टीम की धमक से रेलकर्मी भी हरकत में आ गए। सीआईबी प्रभारी निरीक्षक अभय राय ने बताया कि स्टेशन परिसर में संदिग्ध वस्तु और व्यक्तियों की पड़ताल हुई है। वहीं रेलकर्मियों को जागरूक किया गया है।

### समितियों को दिये यंत्र व ट्रैक्टर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ यानि हाफेड की ओर से शुक्रवार को सेवापुरी के गजेपुर स्थित आदर्श छात्र निर्माण विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर कृषि विभाग की फार्म मशीनरी बैंक स्थापना योजना के तहत किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्र और ट्रैक्टर बांटे गये। एमएलसी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम था।



हाफेड के प्रबंध निदेशक अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने स्कीम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि औद्यानिक सहकारी समितियों को अथक प्रयास कर यह सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। स्कीम के माध्यम से यूपी की लगभग 20 समितियों को यह लाभ मिला है। डीडी उद्यान जयकरन सिंह विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# युवती को झांसा देकर युवक फरार

**धोखेबाजी**

### नोएडा से तीन माह बाद लौटा था युवती सुबह से लगा रही कछवांरोड पुलिस चौकी का चक्कर

**मिजार्मुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कछवांरोड पुलिस चौकी क्षेत्र की एक युवती को छतेरी गांव का युवक तीन माह पहले शादी का झांसा देकर ग्रेटर नोएडा के सुरजपुर ले गया। जिसके बाद लौटा तो युवती को गांव में छोड़कर फरार हो गया। उधर युवती दिनभर पुलिस थाने का चक्कर काटती रही। युवती का आरोप है कि वह और छतेरी गांव का शिवा प्रजापति तीन माह से साथ-साथ रहे। नोएडा में बोला की चलो बनारस चल कर कोर्ट मैरेज करते हैं और गुरुवार की रात 10 बजे गांव में छोड़कर गायब हो गया। शिवा का मोबाईल भी बंद है। युवती का कहना है कि उसके घर वाले भी उसे घर से निकल दिए है। वह कहां जाए, युवती का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह से ही कछवांरोड चौकी का चक्कर लगा रही हूं, चार घंटे पुलिस चौकी पर बैठी रही लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चौकी प्रभारी अतुल कुमार अंजान ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच की जा रही है। वहीं खबर लिखे जाने तक युवती मिजार्मुराद थाने पर बैठी हुई थी।

### छेड़खानी के मामले में दो वर्ष की कैद

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो द्वितीय अभिनव द्विवेदी की अदालत ने मिजार्मुराद थाने के छेड़खानी के एक मामले में अभियुक्त रमेश पटेल को दोषी पाते हुए दो वर्ष की कैद और तीन हजार जुमार्ने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक वर्ष 2017 की घटना में अभियुक्त ने वादिनी व उसकी भतीजी के साथ छेड़छाड़ की थी, अदालत ने विचारण के बाद अभियुक्त को छेड़खानी का दोषी पाया और सजा सुना दी।

### स्विस पर्यटकों को लेकर छह को आएगा क्रूज

**वाराणसी।** स्विटजरलैंड के लगभग तीन दर्जन पर्यटकों को लेकर कोलकाता से गंगा विलास क्रूज आगामी छह जनवरी को वाराणसी पहुंचेगा। बीते गुरुवार को यह क्रूज वहां से रकवाना हो चुका है। जानकारीके मुताबिक स्विस टूरिस्ट काशी के पर्यटन स्थलों समेत चुनाव का भ्रमण भी करेंगे। उसके बाद क्रूज 13 जनवरी को डिब्रूगढ़ के लिए रवाना हो जाएगा। क्रूज से उनकी पूरी यात्रा करीब 52 दिनों में पूरी होगी।

### तापमान चार डिग्री और गिरा

वाराणसी। जनपद में शीतलहरी के चलते शुक्रवार को गलन में और इजाफा हुआ। तापमान चार डिग्री सेल्सियस गरने के कारण ऐसा रहा। वहीं, सुबह से धूप निकलने तक कई इलाकों में कोहरा छाया था। ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे की चादर अपेक्षाकृत अधिक थी। दिन में विभिन्न स्थान पर लोग धूप सेंकते दिखे। उत्तर पश्चिमी हवा चलने के कारण गलन जारी है। हालांकि गत दिनों की तुलना में शुक्रवार को हवा की गति कम रही।

# नरमू ने समस्याओं की रखी लंबी लिस्ट



बैठक में भाग लेते कर्मचारी

**वाराणसी।** एन.ई.रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) की ओर से शुक्रवार को रेल अधिकारियों के साथ स्थाई वार्ता कर कर्मचारियों की समस्याओं को बताया गया। बैठक में नरमू के मंडल मंत्री एन बी सिंह ने कर्मचारियों के हित से सम्बन्धित अनेक म्को रेल अधिकारियों के समक्ष रखते हुए कहा कि उम्मीद हैं कि इस पर जल्द ही निस्तारण का विचार किया जायेगा। उन्होंने रेलवे की प्रगति में रेलकर्मियों के पूर्ण सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबन्धक सहित अनेक स्तरों पर जारी निदेर्शों के अनुपालन में अधिक और शीघ्रता लाने पर बल दिया । उन्होंने औड़िहार डेमू शेड पर चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान करने और शेड कर्मचारियों के हितों पर विशेष जोर देते हुये कहा कि कर्मचारियों की संतुष्टि रेल को विकास के पथ पर ले जाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है तथा इस दिशा में रेल प्रशासन के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया । डीआरएम रामाश्रय पाण्डेय ने कहा कि रेल संचलन में कर्मचारी यूनियन की महत्वूपर्ण भूमिका है तथा उनके माध्यम से प्राप्त अनेक महत्वपूर्ण सुझावों के क्रियान्वयन से कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से वाराणसी मंडल ने अनेक उपलब्धियां प्राप्त की। परिवादों के निस्तारण में पूर्वोत्तर रेलवे सम्पूर्ण भारतीय रेल पर पहले स्थान पर है, जिसके लिये सभी बधाई के पात्र हैं। अन्य समस्याओं के निस्तारण पर भी उन्होंने आश्वासन दिया। बैठक में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर(समन्वय) राकेश रंजन, मंडल यांत्रिक इंजीनियर, एस पी श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)पंकज केशरवानी, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, आलोक केशरवानी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक(सामान्य) ए के सक्सेना आदि थे।

# प्रमाण-पत्र नवीनीकरण को करें आवेदन

**वाराणसी।** सहायक संम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार गाड़ियों के प्रमाण-पत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है।

**ये करें आवेदन:** अधिसूचित मोटर यान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रेशन और कार्य) नियम, 2021 के आलोक में प्रदेश के ऐसे यानों, जिनका केन्द्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम-52 के अनुसार रजिस्ट्रकरण प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण न किया गया हो, नियम-62 के अनुरूप फिटनेस प्रमाण-पत्र न पाने वाले, आग, दंगा, प्राकृकित आपदा दुर्घटना या किसी अन्य आपदा के कारण क्षतिग्रस्त यानों, केन्द्रीय या राज्य संगठनों द्वारा अप्रचलित/अधिशेष या आर्थिक मरम्मत से परे घोषित यानों, रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा द्वारा किसी भी एजेन्सी से स्क्रैपिंग के लिए नीलामी में खरीदे गये यानों, वाहन स्वामी द्वारा स्वप्रमाणित उपयोगिता से अधिक समय तक खनन, राजमार्ग, बिजली, खेतों आदि में प्रयुक्त यानों, प्रवर्तन एजेन्सी द्वारा नीलाम/जब्त/छोड़ दिये गये यानों, वाहन स्वामी द्वारा स्वेच्छा से प्रस्तावित यान, विनिर्माण के लिए खारिज/परीक्षण/प्रोटोटाइप यानों, अविक्रीत अथवा अरजिस्ट्रीकृत यानों, जिसे उपस्कर विनिमार्ता द्वारा सत्यापित किया गया है, की स्क्रैपिंग हेतु रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में व्यक्ति/ फर्म/संस्था/ट्रस्ट को प्रदेश में पंजीयन किये जाने हेतु मोटर यान (यान स्क्रैपिंग सुविधा का रजिस्ट्रेशन और कार्य) नियम, 2021 के अन्तर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु उक्त नियमों का विवरण व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या-173/तीस-4-2022 दिनांक 27.01.2022 तथा आवेदन पत्र के साथ संलग्न होने वाले प्रारूप परिवहन विभाग की वेबसाइट यूपीटीआरएएनएसनीओआरटीडॉटयूपीएसडीसीडॉटजीओवीडॉटइन पर अपलोड कर दिया गया है। उक्त नियमावली के अन्तर्गत प्रदेश में रजिस्ट्रीकृत यान स्क्रैपिंग सुविधा केन्द्र स्थापित करने हेतु नेशनल सिंगल विंडो वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटपीपीईडॉटन्यूजडॉटजीओवीडॉट/एससीआरएपीपीएजीईपीओएलआईसीई पर 18 फरवरी से आवेदन किया जा सकता है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

I, MANJEET JAISWAL, have lost my transfer certificate of class 12th, mentioned year 2020, in Varanasi. If found, please return. Mo. 7800448807

In my army service number 15217261A, my name is wrongly mentioned as Lavakusha, but correct name is Lavakush. Lavakush Yadav s/o Ramakant Yadav Vill-Pouta Post-Bhitari, District-Gazipur. U.P.

In my army service number 15217261A, my wife's name is wrongly mentioned as Vindhywasini, but correct name is Vindyavasini. Lavakush Yadav s/o Ramakant Yadav Vill-Pouta Post-Bhitari, District-Gazipur. U.P.

मेरा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2550641 का मूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। ऋषिकेश भारती पुत्र हरिहर प्रसाद, ग्रा0 भैरोपुर, पो0 जेवल, जिला-गाजीपुर उत्तर प्रदेश।

सूचित किया जाता है मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2671464 इण्टर वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217148974 का अंकपत्र एवं मूल प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। नाम नितीश कुमार पुत्र राममनोहर निवासी ग्राम मझवां पोस्ट कछवां मीरजापुर मो0 9005573788

आवश्यकता है

राम अवध यादव गन्ना कृषक पीजी कॉलेज ताखा शाहगंज जौनपुर (सम्बध्द-वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत शिक्षा संकाय (बीएड) में प्रवक्ता की (कुल-02 पद)। योग्यता वेतनमान यूजीसी / एनसीटीई / शासन / विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार । अभ्यर्थी 21 दिन के भीतर फोटो प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन भेजे।
प्रबंधक
मो0-9451179103

## थमने लगीं ट्रेनों की रफ्तार



**वाराणसी।** कोहरे की धुंध ने ट्रेनों के पहियों की रफ्तार को धीमी कर दी है। कैंट स्टेशन पर आने वाली लंबी दूरी की ट्रेनें दस घंटे तक देरी से लगभग स्टेशन पहुंची, शुक्रवार को कैंट स्टेशन से मिले आंकड़ों के अनुसार कैंट स्टेशन से संचालित बेगमपुरा एक्सप्रेस सर्वाधिक दस घंटे विलंब से पहुंची। इसके अलावा चंडीगढ़-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे, सद्भावना एक्सप्रेस नौ घंटे, हिमगिरी एक्सप्रेस सात घंटे, दून एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, शिवगंगा एक्सप्रेस और नई दिल्ली - बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस छह - छह घंटे विलंब से आई। वहीं, गंगा सतलुज एक्सप्रेस का आगमन पांच घंटे विलंब से हुआ।

## कैंट स्टेशन पर पे एंड यूज लाउंज जल्द

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन ) पर यात्रियों की सुविधा में और इजाफा करते हुए पे एंड यूज लाउंज की व्यवस्था की जा रही है। जल्द ही इस सुविधा से यात्री लाभान्वित होंगे। सूत्रों की मानें तो इस महीने के अंतिम सप्ताह में कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर यात्रियों को एक अलग माहौल में विश्राम करने का अवसर मिलेगा। जहां वातानुकूलित कमरे में मनोरंजन के साधन होंगे, साथ ही हल्के नाश्ते का भी प्रबंध होगा। हालांकी इसके लिए उन्हें इसके लिए शुल्क भी चुकाना पड़ेगा। दरअसल, यात्री सुविधा के मद्देनजर उत्तर रेलवे प्रशासन की ओर से यहां पे एंड यूज ' वेटिंग लाऊंज ' खोलने की कवायद चल रही है। निविदा आमंत्रित कर संचालन के लिए कार्यदाई संस्था का चयन हो चुका है। पे एंड यूज वेटिंग लाऊंज में सिर्फ यात्रियों को विश्राम करने की अनुमति मिलेगी। रेल प्रशासन की नीतियों के अनुसार टिकटधारी व्यक्ति को ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए लाइसेंसी को बकायदा रजिस्टर में प्रत्येक यात्री उपस्थिति दर्ज करानी होगी। निविदा पत्र में लाऊंज के अंदर सामान्य दवाओं की बिक्री की स्वीकृति मिल सकती है, लेकिन संबंधित दस्तावेज अनिवार्य होंगे। इसके अलावा लाऊंज में पुस्तक, समाचार पत्र और पत्रिकाएं रखने की छूट दी जा रही है।

# कटियामारी देखनी हो तो संदहा गांव आइये

**लापरवाही**

### चिरईगांव ब्लॉक के इस नवशहरी क्षेत्र में बांस-बल्लियों के जरिये भी तार खींचकर ली जा रही बिलजी

जनसंदेश न्यूज

**चिरईगांव।** स्थानीय ब्लॉक में कटियामारी देखनी हो तो नगर निगम में शामिल हुए संदहा स्थित राजभर बस्ती में आइये। यहां बिजली के खंभों से की गयी कटियामारी की भरमार है। जहां विद्युत पोल नहीं हैं वहां ग्रामीणों ने बांस-बल्ली का जुगाड़ कर 200 मीटर तक तीर खींचकर कटियामारी की है। इन बांस-बल्लियों में से अधिकांश सड़कर कमजोर हो चुके हैं। कई बांस-बल्ली धराशायी भी हो चुके हैं।

गांव में इस प्रकार लटके और जमीन पर पड़े करंट दौड़ते तार से कभी भी अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। फलस्वरूप किसी भी समय किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। गांव में हाल यह है कि बिजली के तार पोखरी की भीगी झाड़ियों में भी दबे पड़े हैं। ग्रामीण जूठन राजभर, चंदन सिंह, लक्ष्मन राजभर, सोपालु विश्वकर्मा आदि ने बताया कि पोखरी में पानी पीने के लिए प्रायः मवेशी आते रहते हैं। इसके अलावा गांव के संपर्क मार्ग पर भी केबल के तार नीचे तक लटक रहे हैं। गांववालों ने आरोप लगाया कि विभागीय अभियंताओं को कई बार सूचना दिये जाने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। दूसरी ओर, इस बारे में पूछे जाने पर महकमे के एसडीओ चिरईगांव रवींद्र यादव ने पूरे प्रकरण में अनभिज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की कोई समस्या है तो उसे जल्द दुरुस्त करा दिया जाएगा।



चिरईगांव विकास खंड के संदहा गांव में ऐसी कटियामारी तमाम जगहों पर देखी जा सकती है

## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत बाँसडीह, जनपद-बलिया

पत्रांक 223 (2)/आ0न0प0बा0/2022-2023 दिनांक 22.12.2022

### निविदा आमंत्रण सूचना/ई-टेण्डरिग

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बाँसडीह, बलिया में कार्य करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों/निर्माताओं जिनका आयकर/जी0एस0टी0 में पंजीकृत हो से प्रतिशत दरो में अधोलिखित विवरण के अनुसार ऑनलाइन निविद दिनांक 23.12.2022 से दिनांक 30.12.2022 को अपरान्ह 02 बजे दिन तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदाओं की ऑनलाइन उपलब्धता | ऑनलाइन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि | मूल अभिलेख (निविदा सुचना के अनुसार) जमा करने की अन्तिम तिथि, समय व स्थान | वित्तीय ई-टेण्डरिग निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | कार्यालय नगर पंचायत बाँसडीह के पत्रांक सं0 223/आ0न0पं0बाँ0/2022-23 दिनांक 23.12.2022 समानों की आपूर्ति एवं निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा पोर्टल पर www.etender.up.nic.in पर अपलोड कुल 06 अदद लाट की निविदा | दिनांक 23.12.2022 से दिनांक 30.12.2022 | 30.12.2022 को अपरान्ह 02 बजे तक | 31.12.2022 की प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय आदर्श नगर पंचायत बाँसडीह, बलिया। | दिनांक 02.01.2023 को शाम 4.00 बजे |

www.etender.up.nic.in पर उक्त निविदाओं की विस्तृत जानकारी हेतु लॉग-ऑन करके देखी जा सकती है।

लिपिक
आदर्श नगर पंचायत बांसडीह
बलिया

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पंचायत बांसडीह
बलिया



# वाराणसी



# अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत

## बंधपत्र की प्रक्रिया पूरी होने पर कोर्ट ने किया रिहा

**कोर्ट की मंजूरी**

**प्रतिकार यात्रा मामले में बनाया गया था आरोपी**

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेष की अदालत ने शुक्रवार को अन्याय प्रतिकार यात्रा मामले में आरोपी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत अर्जी सशर्त मंजूर कर ली। कोर्ट ने बंधपत्र की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिहा कर दिया। कोर्ट ने गुरुवार को अविमुक्तेश्वरानंद की अंतरिम जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए 23 दिसंबर को तिथि नियत की थी। कोर्ट में स्वामी की ओर से अधिवक्ता धीरेंद्र नाथ शर्मा, ब्रजेश मिश्र आदि ने पैरवी की। बता दें की गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन पर अड़े स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद समेत अन्य लोगों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में पांच अक्तूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउनहाल मैदान से प्रतिकार यात्रा निकाली गई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के आगे-आगे भी एक जत्था चल रहा था। जिसके बाद गोदौलिया चौराहे पर बवाल हो गया इसमें आगजनी हुई थी। इस मामले पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपितों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। आरोप पत्र के पहले आरोपी अविमुक्तेश्वरानंद ने अरेस्ट स्टे लिया था। आरोप पत्र आने के बाद आरोपी समेत कई लोगों के खिलाफ पहले समन फिर वारंट जारी हुआ। नहीं आने पर कुर्की के आदेश भी जारी किए जा चुके थे।



कचहरी परिसर से बाहर आते स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

## अभियान चलाकर तीन घाटों से हटवाया अतिक्रमण

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा शुक्रवार को शहर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें भदैनी घाट पर अवैध रूप से काउंटर, चौकी लगाकर अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया, साथ ही तीनों घाटों को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी के उपस्थिति में फार्मासिस्ट अमर नाथ द्विवेदी और उनकी टीम के साथ मिलकर सुंदर पुर सट्टी और आसपास इलाके में अवैध पशु पालन व डेयरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 13 पशु जब्त कर कांजी हाउस भेजा गया। अभियान के दौरान पूरे मार्ग में प्रतिबंधित प्लास्टिक का ईस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व वेंडरों से प्लास्टिक के थैले जब्त कर सभी को जुमार्ना किया गया। इस दौरान कुल जुमार्ना राशि 3,500रुपये वसूल किया गया।

# विधायक सौरभ ने बांटे कम्बल और गर्म कपड़े

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वार्ड बजरडीहा के जख्खा व पटिया में एवं वार्ड शिवपुरवा के जयप्रकाश नगर में विधायक कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने क्षेत्र के सैकड़ों निर्धन व असहाय लोगों के बीच ठंड के प्रकोप से बचने के लिए कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि ‍इस कड़कती ठंड एवं शीतलहर से बचने के लिए गरीबों और जरूरतमंदों का सहयोग करना हमारा कर्तव्य है। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। इस भीषण ठंड को देखते हुए गरीबों, असहायों के बीच आगे भी कम्बल एवं वस्त्र वितरण का कार्य जारी रहेगा। जक्खा व पटिया में पार्षद श्यामआसरे मौर्य व मल्लू गौड़ के साथ वितरण का आयोजन किया गया था। रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल के प्रेसिडेंट तन्मय जैन, सेक्रेटरी गर्वित चहारिया, कन्वेनर निशांत नेवर, फाउण्डेशन पर्सन अभिनव पांडेय, वाइस प्रेसिडेंट कुशाग्र अग्रवाल, बोर्ड मेंबर हर्ष अग्रवाल, बोर्ड मेंबर विभोर अग्रवाल व जयप्रकाश नगर में के गौरव राय, प्रज्ज्वल पाण्डेय, राकेश पाण्डेय, अमन सिंह, हर्ष गुप्ता, विकास वर्मा व अन्य ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग किया।



गरीबों को कंबल बांटते सौरभ श्रीवास्तव

# कोविड कमाण्ड कन्ट्रोल सेंटर सक्रिय

जनसंदेश न्यूज

**जानकारी**

**टेलीफोन नम्बर 0542-2720005 पर कोविड सम्बन्धी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है**

**सांध्य कालीन टेली मेडिसिन सेवा के लिए गठित हुई चिकित्सकों की टीम**

**वाराणसी।** कोविड के नये वैरियंट को देखते हुए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। इसके तहत ही कोविड कमाण्ड सेंटर को पुनः सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही सांध्य कालीन टेली मेडिसिन सेवा के लिए चिकित्सकों की टीम गठित कर दी गयी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि चीन समेत अन्य कई देशों में कोविड के बढ़ते मरीजों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। इसके तहत मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा व जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के निर्देश पर काशी एकीकृत कोविड कमाण्ड सेंटर को पुनः सक्रिय कर दिया गया है। यहां के टेलीफोन नम्बर 0542-2720005 पर कोविड सम्बन्धी जानकारियां प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त श्री शिव प्रसाद गुप्त मण्डलीय चिसिकत्सालय (एसएसपीजी) के मोबाइल नम्बर-7460850285, पं. दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय के मोबाइल नम्बर-9790417847, लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर के मोबाइल नम्बर- 9628171629 व आईएमएस (बीएचयू) के फोन नम्बर-0542-2368029 पर भी कोविड सम्बन्धित जानकारियों के संदर्भ में सम्पर्क किया जा सकता है।



### सायंकाल इन नंबरों पर लें जानकारी

सांध्य कालीन सायं चार बजे से रात्रि आठ बजे टेली मेडिसिन सेवा के लिए भी चिकित्सकों की टीम गठित कर दी गयी है। इनमें डा. शिवम शेखर 9140114887 यू०पी०एच०सी० चौकाघाट, डा० ए०के० पाठक-9415386669 यू०पी०एच०सी० पाण्डेयपुर, डा.आकाश गुप्ता 8887512605 यू०पी०एच०सी० सदर बाजार, डा० प्रेम शंकर पाण्डेय 9839554297 यू०पी०एच०सी० लल्लापुरा, डा० राहुल झुनझुनवाला- 8005345181 यू०पी०एच०सी० अर्दली बाजार, डा० रिषभ शुक्ला 8382005555 यू०पी०एच० सी० अबजरडीहा, डा0 रोहित सिंह 9568248436 यू०पी०एच०सी० बेनिया, डा० सचिन लाल-9651806854 यू०पी०एच०सी० जैतपुरा, डा० शास्वत सिंह 9557869471 यू०पी०एच०सी० अशफाक नगर, डा० शिवान्सु पाण्डेय-9198128097 यू०पी०एच०सी० कैन्टोनमेन्ट, डा0 शोमेन्द्र सिंह 8299183462 यू०पी०एच०सी० मदनपुरा, डा० अरून शंकर पाण्डेय 9415225759 यू०पी०एच०सी० आनन्दमयी, डा० शुभम प्रकाश - 9305368227 यू०पी०एच०सी० माधोपुर को शामिल किया गया है। जो टेलीमेडिसिन के माध्यम से भी आवश्यक चिकित्सकीय सलाह प्रदान करेंगे। कोविड के लक्षण नजर आने पर कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इन नम्बरों पर सायं चार बजे से रात्रि आठ बजे तक सम्पर्क कर चिकित्सकों से सलाह ले सकता है। इससे घर बैठे फोन के माध्यम से परामर्श और इलाज की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।

# क्रिसमस के उल्लास में डूबीं परियां



**मैरी क्रिसमस**


**आज मध्य रात्रि मनेगा प्रभु यीशु का जन्मोत्सव, बिशप हाउस सजकर तैयार**

**वाराणसी।** क्रिसमस पर्व चर्च में पूरी तरह से परवान चढ़ने लगा है। कैंटोमेंट स्थित सेंट मैरीज केथोलिक चर्च में शुक्रवार प्रार्थना सभा आयोजित कर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परियों के वेश में बच्चों ने सभी को मैरी क्रिसमस का संदेश दिया, रंग बिरंगे परिधान में सजे बच्चे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव को खास बनाने का भी संदेश देते रहे। पूरे चर्च को आकर्षण विद्युत झालरों से सजाया जाने लगा है। इसके साथ ही पूरे परिसर में को भी मैरी क्रिसमस का स्वरुप दिया जा रहा है। प्रभु यीशु के आगमन पर मध्य रात्रि कैरोग सांग से पूरा चर्च गूंज उठेगा तो सांता क्लाज की ओर से उपहारों की बौछार भी होगी। सांता क्लाज को बच्चों की ओर अपने उपहारों की ढेर सारी लिस्ट दे दी गयी है। बच्चों की मानें तो रात्रि को उनके घरों में उनके बताये गये उपहारों की लिस्ट के अनुसार सांता क्लाज उन्हें उपहार देंगे। कैंटोमेंट स्थित विशप हाउस को भी आकर्षण ढंग से सजाया जा रहा है।

### मन्नत पूरी होने पर महारानी विजयानगरम् ने बनवाया था चर्च

**वाराणसी।** इसाई धर्म के लोगों के लिए क्रिसमस का त्योहार बेहद ही खास और महत्वपूर्ण है, पूरे साल क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने वाले खासतौर पर बच्चों के बीच इस यह त्योहार इस लिए खास है कि इस त्योहर में सांता क्लाज की ओर से रात से ही उपहारों की बौछार शुरू हो जाती है। खाने को चाकलेट से लेकर खिलौने तक का सफर सांता क्लाज के माध्यम से पूरा करते हैं। प्रभु यीशु किसी एक सम्प्रदाय के दुख को दूर करने वाले नहीं बल्कि उनके पास प्रेम से आने वाला हर भक्त अपनी मन्नत को पूरा करते नजर आता है। शायद यही संदेश देता है कैंटोमेंट का सेंट मैरीज कैथोलिक चर्च जीं हां ब्रिटिश हुकुमत के समय अंग्रेजों के चैपल के रूप में स्थापित इस चर्च में महारानी विजयानगरम् ने अपनी मन्नत को पूरा करने के लिए माता मरियम को स्थापित एक चर्च की स्थापना कर दी, मरारानी विजयानगरम् की ओर से चर्च में बनाये गये इस छोटे से चर्च को सौ साल पूरे होने में कुछ साल बचे हैं। महारानी विजयानगरम् की महारानी भागीरथी देवी की ओर से 1929 में इस चर्च को स्थापित कर दिया गया। उन्होंने जो मन्नत चर्च में मांगा उसे प्रभु यीशु ने पूरा किया।



# वीडीए ने 12 बीघे अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण वीडीए प्रवर्तन टीम द्वारा शुक्रवार को दो वार्डों में लगभग 12 बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्रवाई हुई। सिकरौल वार्ड के अंतर्गत कालोनाइजर द्वारा खुशहाल नगर कॉलोनी, मौजा-लालपुर मीरापुर बसही पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। जिसके विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं थाना-शिवपुर पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। वहीं दशाश्वमेध वार्ड के अंतर्गत कालोनाइजर द्वारा मौजा-नरउर, थाना-रोहनिया पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग दो बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गयी थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम एवं थाना-रोहनिया पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तिकरण की कार्रवाई हुई। ध्वस्तिकरण के दौरान सिकरौल में जोनल अधिकारी लाला सतीश कुमार सुमन, क्षेत्रीय अवर अभियंता रामचंद्र व दशाश्वमेध में जोनल अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी और क्षेत्रीय अवर अभियंता पीएन दुबे व वीडीए टीम के साथ स्थानीय पुलिस मौजूद रही।



# वर्कप्लान में शामिल करें जनता के सुझाव और विचार

जनसंदेश न्यूज

**सुशासन सप्ताह**

**प्रशासन गांव की ओर-2022 कार्यशाला में मंडलायुक्त ने गुड गवर्नेंस के लिए दिए टिप्स**

**सभी विकास खंडों में अफसरों ने लगायी चौपाल, ग्रामीणों ने दर्ज करायीं कई शिकायतें**

**वाराणसी।** यदि ग्रामस्तरीय कर्मचारी अपने क्षेत्रों में नियमित निवास करें और लोगों की शिकायतों का निबटारा वहीं से कर दिया जाए तो जनपद स्तर तक कम से कम शिकायतें मिलेंगी। गुड गवर्नेंस के लिए जनता के सुझाव-विचार को योजना का वर्कप्लान बनाते समय शामिल किया जाय तो बगैर किसी बाधा के नागरिकों को वास्तविक रूप से योजना का लाभ मिलेगा इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक विभागीय अफसर गांव स्तर पर जानकारी देकर लोगों के सुझाव और शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करें। उसके बाद संबंधित फीडबैक लिया जाय।

सुशासन सप्ताह के तहत ‘प्रशासन गांव की ओर-2022’ के तहत शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित जिलास्तरीय प्रसार कार्यशाला में जनपद के डीएम रह चुके मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। इस अवसर पर गुड गवर्नेंस संबंधी उनके सुझाव लिए गये। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने शासन के निर्देश एवं कमिश्नर के सुझावों को ध्यान में रखकर कार्य करने को कहा। साथ ही निर्देश दिये कि कार्यालय के जरिये रेंडमली कुछ शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर पूछा जाय कि वह महकमे की पहल से संतुष्ट हैं अथवा नहीं। डीएसओ ने उपभोक्ताओं कती सहूलियत और डिजिटलाइजेशन से राशन वितरण में लाभ के बारे में बताया। कार्यशाला में उपायुक्त श्रम रोजगार करुणाकर अदीब, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी रामप्रकाश सिंह, बीएसए ने विभागीय कार्यों में किये गए अभिनव प्रयोगों की जानकारी दी। काशी विद्यापीठ प्रतिनिधि के अनुसार ‘प्रशासन गांव की ओर’ कार्यक्रम के तहत स्थानीयी विकास खंड की बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह ने भुल्लनपुर गांव के पंचायत भवन पर चौपाल लगायी। ग्रामीणों ने जलनिकासी की समस्या, कूड़ाघर का अभाव, पेंशन योजनाओं से जुड़े प्रकरण, बिजली का पोल की अनुपलब्धता आदि शिकायतें दर्ज करायीं। पिंडरा प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय तहसील से जुड़े ब्लॉकों में चौपाल लगी। जगदीशपुर गांव में बीडीओ दीपकंर आर्य ने शिकायतें सुनीं। इसी प्रकार सुरही, चकरमा, करोमा और पचरसी में चौपाल लगायी गयी।



प्रशासन गांव की ओर-2022 की जिला स्तरीय कार्याशाला में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने संबोधित किया

# सेंट्रल बैंक ने मनाया 112वां स्थापना दिवस

**वाराणसी।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 112वें स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसके अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक दुर्गेश एन सिंह द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती दशाश्वमेध, गंगा सेवा समिति के प्रमुख महंत बाबू महाराज और उपस्थित सभी विशिष्ट ग्राहकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते समय बाबू महाराज ने बैंक के कार्यों की प्रशंसा की व बैंक की प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बैंक क्षेत्र की शाखाओं द्वारा 112 खुदरा ऋण वितरण का लक्ष्य प्राप्त किया गया और 22.20 करोड़ रुपये के ऋण स्वीर्कत किए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के अंतर्गत 1417 ग्राहकों को भी जोड़ा गया।





मेले में हैंडीक्राफ्ट सामानों का अवलोकन करती युवती






# 52 स्टॉल पर सजे सामानों ने रिझाया

**बांग्ला मेला प्रारंभ**

**साड़ियां, ज्वेलरी, बुटिक कूकीज, बंगला मिठाइयों की सजीं दुकानें**

**महिलाओं की हुई म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता**

**वाराणसी।** बंगीय समाज की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय बांग्ला मेला का शुक्रवार को पूर्वाह्न में बंगाली टोला इंटर कालेज परिसर में आगाज हुआ। मेले का उद्घाटन बंगीय समाज के अध्यक्ष अशोक कांति चक्रवर्ती ने विद्यालय स्थित शहीद बेदी पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि के उपरांत मुख्य मंच पर दीप प्रज्जवलित एवं नारियल फोड़ कर मेले का उद्घाटन किया। इस मौके पर मेला संयोजक आशीष कुमार दास, महेन्द्र केशरी बनर्जी, अर्चिता धर, अतनु मुखर्जी, अजय राय, विश्वनाथ भट्टाचार्य, सैगत भट्टाचार्य, श्यामा प्रसाद आदि मौजूद थे। अपराह्न में तीन बजे से महिलाओं का म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता हुई जिसमें 60 महिलाओं ने भागीदारी की। सायंकाल 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। रीता विश्वास के निर्देशन असतो मा सद्गमय की प्रस्तुति की गई। इसमें स्वातिका भट्टाचार्य, अशोक बसाक, स्नेहा दीक्षित ने हिस्सा लिया। सायंकाल 7.30 बजे से आयन भट्टाचार्य व उनकी टीम का कार्यक्रम हुआ।

### हर तरह की बचत के लिए कर रहे जागरूक

फाइनेंसियल सिक्युरिटी प्रदान करने के लिए लोगों को न केवल लाइफ इंशोरेंस व हेल्थ इंशोरेंस की सुविधा मिलने के साथ ही हर तरह के बचत जैसे एफडी, म्यूच्युअल फंड, वाहन बीमा आदि के लिए जनसामान्य को इंश्योरेंस व मल्टी सर्विसेज की ओर से अभिषेक भट्टाचार्य जागरूक कर रहे हैं। वे पिछले आठ वर्षों से स्टॉल लगा कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इसके अलावा यहां ब्लड शूगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी का नि:शुल्क जांच भी की जा रही है।



क्रिसमस की खरीदारी करती बालिकाएं



साड़ी की खरीदारी करतीं महिलाएं

### महिलाओं ने लगायी घरेलू सामानों की दुकानें

मेले में विभिन्न आइटमों के 52 स्टॉल लगाये गये हैं। जिसमें साड़ियां, बुटिक, कुकीज, बांग्ला मिठाइयां के अलावा ज्वेलरी की भी दुकानें सजायी गई है। इसमें क्रिसमस को लेकर स्टाल लगाया गया है। सोनम अग्रवाल बताती है कि उनके यहां फ्लावर ज्वेलरी, चाकलेट बुके, बनारसी बैग, बैलून आदि सभी हैंड मेड है। आत्म निर्भरता के लिए मेले में महिलाओं के चार अलग-अलग स्टॉल लगाये गये हैं। इसमें बंगीय समाज की महिलाओं ने गृह उद्योग को बढ़ावा देने के लिए घरेलू सामानों का स्टॉल लगाया है। जिसमें बंगाली सामानों में खजूर का गुड़, अचार, सब्जी मसाला, चूड़ा मटर मसाला, मस्टर्ड ऑयल के अलावा हाथ का बुना हुआ मफलर, स्वेटर, मोबाइल कवर आदि का स्टाल लगाया गया है। इसमें जो भी सामानों की बिक्री होगी उसका पैसा उस सामान बनाने वाली महिला को सौप दिया जायेगा। इसमें बंगीय समाज की अर्चिता धर, प्रिया राय, रीना भट्टाचार्य, सोमा भट्टाचार्य, सोमा भौमिक, सुदीप मुखर्जी, अर्पणा भादुड़ी, मंदिरा चक्रवर्ती, प्रीति गौतम, अनिता चौधरी, सोमा दत्ता आदि महिलाएं जुटी हुई हैं।


रिटेल डायरेक्ट्री



## संक्षेप

### 'बाबा' के दरबार में पूर्व पीएम देवगौड़ा ने टेका मत्था



**वाराणसी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा दो दिनी भ्रमण पर शुक्रवार को अपराह्न वाराणसी पहुंचे। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने बताया कि वह काशी विश्वनाथ के दरबार में मत्था टेकेंगे। श्री देवगौड़ा विस्तारा एयरलाइंस के विमान से परिवार के साथ बाबतपुर हवाईअड्डा पहुंचे। उन्हें व्हील चेयर से लाउंज में लाया गया। उसके बाद व्हीलचेयर पर वह एयरपोर्ट से बाहर आये। उन्होंने देर शाम बाबा के दरबार में पूजन अर्चन किया। वह सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद शनिवार को दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

### यूरोपीय यूनियन से समझौता बड़ी उपलब्धि

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में छात्रों ने भारत और यूरोपीय यूनियन के मुक्त व्यापार समझौता के विषय पर राय रखी। छात्रों ने कहा कि सीधे यूरोपीय यूनियन से समझौता होना भारत की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम में एमए की छात्रा हिमांजली ज्योति व कशिश बर्मन ने विचार रखें। संचालन छात्र मयंक ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनूप कुमार मिश्रा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह मंच छात्र जीवन में ही खुद को स्थापित करने का मंच है, जिसका लाभ सभी विद्यार्थियों को अपने कौशल एवं प्रतिभा को निखारने में करना चाहिए।

### जामा मस्जिद से वेद मंत्र का उद्घोष करने वाले स्वामी श्रद्धानंद का स्मरण

**वाराणसी।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के जयन्ती एवं शुद्धि आन्दोलन, दलित उद्धार आन्दोलन, गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली के प्रणेता, स्वतंत्रता सेनानी, तपोनिष्ठ संन्यासी, अमरहुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के 96वें बलिदान दिवस के अवसर पर विभिन्न आर्य समाजों सहित सार्वदेशिक आर्य वीर दल, वाराणसी के तत्वावधान में आर्य निवास शारदा नगर खोजवां में यज्ञ तथा बलिदान दिवस समारोह का आयोजन पाणिनि कन्या महाविद्यालय की आचार्या सुश्री दिव्यकिरण आर्या 'वेदरत्न' व सुश्री दामिनी आर्या द्वय शोध छात्रा बीएचयू के पौरोहित्य में यज्ञ से आरंभ हुआ। अध्यक्षता जिलासभा अध्यक्ष व पूर्व आर्य वीर दल उत्तर प्रदेश के संयोजक प्रमोद आर्य 'आर्येय' के किया।

### भाई-बहन ने एक साथ जीता राष्ट्रीय कुश्ती में ब्रॉन्ज मेडल

**वाराणसी।** बनारस के भाई-बहन ने एक साथ राष्ट्रीय सीनियर कुश्ती चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर शहर का नाम रौशन किया। रोहित यादव ने 55 किलो ग्रीकोरोमन में तो वहीं उनकी छोटी बहन मानसी यादव ने 55 किलो में ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह उपलब्धि अब तक के इतिहास में बनारस को पहली बार मिली। वाराणसी कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने बताया कि भाई-बहन एक साथ एक ही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में और एक ही दिन मेडल जीते हैं, दोनों पहलवान सिगरा स्टेडियम में अभ्यास करते हैं सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप विशाखापत्तनम में 21 से 23 दिसंबर तक हो रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व मानसी यादव ने किया और रोहित यादव ने भारतीय रेल का प्रतिनिधित्व किया।

### चौधरी चरण सिंह का स्मरण

**वाराणसी।** किसान न्याय मोर्चा प्रदेश कैंप कार्यालय कचहरी में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 121वीं जयंती मनायी गयी। स्व. चौधरी चरण सिंह के जनहित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए किसान न्याय मोर्चा प्रदेश संयोजक महेंद्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि चौधरी साहब हमेशा कहा करते थे कि भारत में खुशहाली खेत और खलिहानों से होकर गुजरती है? किसान का एक बेटा खेत में एक बेटा राजनीति में आगे एक बेटा फौज में होना चाहिए। इस समारोह में राष्ट्रीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र गांधी सुरेश पाल, पन्ना लाल यादव रमापति यादव और मुन्ना चौहान जगरनाथ कुशवाहा जीवा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष डॉक्टर उमाकांत यादव इत्यादि अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किये।

### यूपी कॉलेज में प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला प्रारंभ

**तरना।** राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उदय प्रताप (यूपी) कॉलेज के केंद्रीय पुस्तकालय में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान एवं एग्रीविजन के सहयोग से प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने कृषि की औपचारिक शिक्षा न ग्रहण करने के बावजूद अपने गांव-घर पर ही रहकर अनुभव व सतत प्रयास से विभिन्न फसलों की आठ प्रजातियां विकसित की, जिनको उगाकर क्षेत्र के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यशाला के पहले दिन बीएचयू स्थित कृषि विज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. जैनेंद्र कुमार सिंह ने प्राकृतिक खेती के वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों जैसे- बीजामृत, जीवामृत, पंचगव्य, अंडा अर्क, मछली अर्क, नरियल छाछ, घड़ा अर्क, संजीवक तथा अमृत पानी आदि को तैयार करने की विधियां एवं उनके उपयोग विधियों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। संयोजक प्रो. मनीष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन सह-संयोजक डॉ. देव नारायण सिंह ने किया।

### रविदास जयंती की तैयारियां शुरू

**वाराणसी।** सीरगोवर्धनपुर में पांच फरवरी को आयोजित होने वाले रविदास जयंती तैयारी शुरू हो गई। अमृतवाणी के पाठ से मंदिर क्षेत्र गुंजायमान होगा। आयोजित मेला में सेवादारों 25 जनवरी से आने लगेंगे। मेला क्षेत्र में टेंट लगने लगा शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। लंगर पकाने के लिए मिर्जापुर सहित अन्य जगहों से 50कुंटल लकड़ी मंगवाया गया। जेसीबी से मेला क्षेत्र में जमीन का समथल करवाया जा रहा है। मंदिर का रंगाई पुताई सफाई करने में कामगार जुट हैं। संत निरंजन दास 3 फरवरी को संगत और सेवादारों के साथ स्पेशल ट्रेन से पहुंचेंगे।

### चूल्हे की सर्विस कराने में दो लाख की ठगी

**वाराणसी।** लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के प्रेमचंद नगर कॉलोनी पांडेयपुर निवासी देवेंद्र कुमार सिंह चूल्हे की सर्विस कराने के चक्कर में साइबर ठगों के शिकार बन गए। उन्होंने सर्विसिंग कराने के लिए फोन किया और जानकारी प्राप्त करने लगे, जिसके बाद उनके खाते से पौने दो लाख उड़ा दिया गया। देवेन्द्र ने गूगल पर सर्च करके हिंद वेयर कंपनी का नंबर निकाला और उसे चूल्हे की सर्विसिंग कराने के लिए 19 दिसंबर को कॉल किया। उसी दौरान ठग ने बातचीत के दौरान दो रुपए देवेंद्र कुमार से भेजने को कहा। उसके बाद 20 दिसंबर की शाम को 6 बार में कुल 194000 (एक लाख चौरानबे हजार) खाते से गायब हो गया। जानकारी होने पर देवेंद्र ने लालपुर पांडेयपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पांच दिनी अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**वाराणसी।** बीएचयू में गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आयोजित पांच दिनी पूर्णकालिक अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। विवि के राजभाषा प्रकोष्ठ के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर सुंदरलाल चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. केके गुप्ता थे। उप कुलसचिव डॉ. रश्मि रंजन की विशिष्ट उपस्थिति रही। प्रशिक्षक केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के उपनिदेशक नरेश कुमार एवं सहायक निदेशक जनसं सिंह रोहिल्ला से आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुर्तुजा आलम, के संचालन में अंशुमान ने आभार व्यक्त किया।

### पूर्व विद्यार्थियों ने ताजा की यादें

**वाराणसी।** काशी हिन्दू विव के प्रबंध शास्त्र संस्थान ने शुक्रवार को एमबीए 1997 बैच की रजत जयंती सम्मिलन का आयोजन किया। मौके पर यहां के पूर्व विद्यार्थियों ने पुरानी यादें ताजा कीं। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. एसके दुबे, प्रो. एचपी माथुर, डॉ. राजकिरन प्रभाकर, डॉ. उषा किरण राय, रचना मेहरा, अनिल श्रीवास्तव, हिमांशु शेखर, वेद प्रकाश मधु, सतीश शर्मा आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### क्लब के जरिये रचनात्मक प्रतिभाओं को देंगे प्रोत्साहन

**वाराणसी।** बीएचयू में सांस्कृतिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने फोटोग्राफी क्लब शुरू करने की पहल की है। जिसके तहत फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले विवि के विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए 'ऑबस्क्युरा-द फोटोग्राफी आर्ट क्लब' आरंभ किया है। इस क्लब का उद्देश्य विद्यार्थियों की सांस्कृतिक दृष्टि और रचनात्मक कौशल को विकसित करना है। ऐसे कार्यों में रुचि रखने वाले विद्यार्थी क्लब में भागीदारी कर सकते हैं। क्लब के संयोजन का दायित्व दृश्य कला संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष अरोड़ा को सौंपा गया है।

### संस्थान का वृहद स्वच्छता अभियान जारी



**मिर्जामुराद।** कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से स्वच्छता के प्रति किसानों में जागरुक करने के लिए चलाए जा रहे वृहद स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को कई क्षेत्रों में साफ-सफाई का अभियान चलाया। संस्थान अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने आगामी 31 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन के बारे में बताया। मुहिम में डॉ. राहुल सिंह, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. अमितेश सिंह, डॉ. प्रतीक्षा, डॉ. मनीष एवं प्रकाश आदि शामिल रहे।

# कोलकाता-वाराणसी जलमार्ग तीन सौ दिन होगा संचालित

**बैठक में दी जानकारी**

**मासिक रूप से वेसल कार्गो का संचालन वाराणसी से किया जाएगा, जिससे जीआई प्रोडक्ट समेत अन्य उत्पादों के भी जलमार्ग द्वारा निर्यात में बढ़ावा हो**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भाअजप्रा) द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग-एक में यातायात समृद्धि विषयक ट्रेड मीट का आयोजन शुक्रवार को सर्किट हाउस में किया गया।

सुधांशु पंत ओएसडी, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, जयंत सिंह, उपाध्यक्ष, भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, कौशल राज शर्मा, मंडलायुक्त, समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में कोलकाता वाराणसी के बीच संचालित होने वाले जलयान पर अधिकारियों ने कहा कि भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा वाराणसी जलमार्ग का विकास एक विस्तृत कार्यप्रणाली से किए जाने हेतु तत्पर है।





जयंत सिंह ने बताया कि वर्तमान में वाराणसी-कोलकाता जलमार्ग वर्ष में 300 दिन संचालन हेतु उपलब्ध है। बताया कि वाराणसी-गाजीपुर-मझऊआं-बाढ़ जलमार्ग का विकास कार्य पटना-फरक्का जलमार्ग के तर्ज पर किया जाएगा।

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेशन (इफको) के प्रतिनिधि ने बताया कि फर्टिलाइजर तथा यूरिया के निर्यात ससमय करने हेतु नाईट नेविगेशन सुविधा की आवश्यकता है। जिसपर सुधांशु पंत ने विचार करने की बात कही है। बताया कि जनवरी, 2023 से मासिक रूप से वेसल कार्गो का संचालन वाराणसी से किया जाएगा जिससे जीआई प्रोडक्ट समेत अन्य उत्पादों के भी जलमार्ग द्वार निर्यात में बढ़ावा हो।

# राज्य निधि से आर्थिक मदद ले सकते हैं दिव्यांगजन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे का दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगजनों के हित में 'राज्य निधि' मद से वित्तीय सहायता देता है। इसके लिए चार प्रकार का प्रावधान हैं। इसका लाभ लेने के लिए पात्र दिव्यांगजन आवश्यक औपचाारिकताएं पूर्ण कर विकास भवन स्थित विभागीय कार्यालय में आगामी 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी रामप्रकाश सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य निधि मद से दिव्यांगजनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद के अंतर्गत यूपी निवासी दिव्यांगजन के बनाए चित्र व हस्तकला आदि सहित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने व कार्यशाला आयोजित करने के लिए धनराशि उपलब्ध करायी जाती है। इसी प्रकार प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर एवं साहित्य जैसे क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में हिस्सेदारी करने और खेल आयोजनों के लिए वित्तीय सहायता देते हैं। वहीं, रोजमर्रा की गतितिधियों को बेहतर बनाने के लिये बेंच मार्क दिव्यांगता वाले के लोगों को उच्च सहायता वाले उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, कैंसर थैलीसीमिया, एप्लास्टिक, बहुस्केलोरोसिस जैसी गंभीर बीमारियों के ग्रसित दिव्यांगजनों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने का प्रावधान है।

**अवसर**

**पात्रों के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की पहल, 15 जनवरी तक लेंगे आवेदन**

# आत्मनिर्भरता से ही महिला हिंसा को रोकना संभव : शिवा सिंह



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वर्तमान समय में महिलाओं को आत्मनिर्भर होना पड़ेगा, आत्मिर्भरता ही वह ताकत है, जिससे महिलाओं पर हो रहें हिंसा को रोका जा सकता है। स्त्री-पुरूष सभी को मिलकर परिवार एवं समाज में महिला उत्पीड़न को रोकने के लिए प्रयास करना चाहिए।

उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि काशी जोन की एसीपी शिवा सिंह ने काशी विद्यापीठ में महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति द्वारा आयोजित 'महिला हिंसा की रोकथाम एवं सुरक्षा' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। मुख्य वक्ता अध्यक्ष महिला यौन उत्पीड़न प्रतिषेध समिति व कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह ने कहा कि महिला शक्तिस्वरूपा हैं भारतीय नारी कभी भी न कमजोर थी, न हैं और न रहेंगी। संगोष्ठी को कुलसचिव डॉ. हरिश्चंद्र एवं छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ. केके सिंह ने भी संबोधित किया। इस संगोष्ठी में काजल, आशीष, अनुभव, शुभम आदि छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन डॉ. नीरज धनकड़ व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार सिंह, प्रो. पीतांबर दास, डॉ. अनिता, डॉ. अंजना वर्मा, डॉ. जया कुमारी आर्यन, डॉ. राकेश कुमार मिश्र, डॉ. प्रीति शारदा, हेमंत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सर्वेश्वरी समूह में छात्र-छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**वाराणसी।** पड़ाव स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान देवस्थानम, अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के पुनीत प्रांगण में चलने वाले अवधूत भगवान राम नर्सरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और रक्त-समूह (ब्लड-ग्रुप) परीक्षण संस्था के अध्यक्ष औघड़ गुरुपद संभव राम के निदेर्शानुसार किया गया। वाराणसी के सुप्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ हरिशंकर सिंह तथा प्रयागराज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ० यूपी सिंह ने कुल 137 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके अतिरिक्त 88 बच्चों के रक्त-समूह (ब्लड-ग्रुप) की निःशुल्क जाँच शम्भूशरण सिंह ने किया। इसी क्रम में एक दिन पूर्व बुधवार, दिनांक 21 दिसंबर, 2022 को बच्चों का आपस में खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री रमेश जी तथा अन्य अध्यापक-अध्यापिकाओं की उपस्थिति में गंगातट स्थित अघोरेश्वर महाविभूति स्थल के पुनीत प्रांगण में किया गया था। इस प्रतियोगता के सफल प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के विद्यार्थियों को आगामी गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जायेगा।

# मारवाड़ी समाज के अधिवेशन में हुई परिचर्चा



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के चर्तुदशम राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न सत्रों में नारी शक्ति व युवाओं से संबंधित कई विमर्श किये गये। राष्ट्रीय संगठन के द्विवार्षिक चुनाव में नोखा राजस्थान के सुरेन्द्र भट्टड़ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

अधिवेशन का औपचारिक उद्घाटन केन्द्रीय संसदीयमंत्री अर्जुन राम मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लाखोटिया ने द्विवार्षिक उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। नारी चेतना सत्र में सामाजिक मंत्री दीपिका पारिख का स्वागत व अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर देश भर से पधारी महिलाओं ने कल्चर वॉक प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक संध्या नवरस में देश भर की शाखाओं ने आकर्षक नृत्य संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अलवर के सांसद महंत बालक नाथ व नेपाल राष्ट्रीय मारवाड़ी मंचके अध्यक्षमहेश अग्रवाल ने भी अधिवेशन में संबोधित किया।

इस मौके पर राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी, अनिल जाजोदिया,रवि अग्रवाल, बलराम सुल्तानिया, अमित अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्ता, अनुराग चांदवासिया, उमेश जोगाई, आलोक बोहरा, अनिल अग्रवाल, महेश चौधरी, सुरेश तुलस्यान, दीपक बजाज, अशोक कानोडिया, मनीष लोहिया आदि मौजूद थे।

**आयोजन**

**आकर्षक नृत्य व संगीत का कार्यक्रम पेश किया**

# मोबाइल दे रहा शारीरिक व मानसिक समस्या : डॉ. मनोज



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चौकाघाट स्थित एनडीआरएफ 11वीं बटालियन के लिए कमांडेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार को एक दिवसीय तनाव प्रबंधन एवं योग शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याएं आ रही हैं, जिसे मोबाइल के प्रयोग को कम करके नियंत्रित किया जा सकता है। अपने उत्तरदायित्व के साथ-साथ अपने शौक को भी पर्याप्त समय प्रदान करने से भी तनाव में कमी आती है। स्वामी विवेकानंद स्मारक राजकीय चिकित्सालय भेलूपुर के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक मनीष पांडेय ने जवानों को जीवन में योग के महत्व को समझाया। बटालियन के सहायक कमांडेंट रवि सिंह और बीएचयू से आयी श्रेया सिंह ने अपने विचार रखें। शिविर में आयुष विभाग के द्वारा आयुष किट का वितरण जवानों में किया गया।

# व्यापारियों ने जाम का निदान और गश्त बढ़ाने को कहा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** भोजूबीर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बैठक की। जिसमें क्षेत्र की समस्या पर विचार विमर्श हुआ।

व्यापारियों ने क्षेत्र में जाम की समस्या के निदान दिलाने व रात के समय सुरक्षा के लिए गस्त बढ़ाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक कैंट अतुल अंजान त्रिपाठी ने सभी व्यापारियों से सीसी कैमरे लगाने की अपील की। शिवपुर थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से दुकान के सामने ठेला-खुमचा नहीं लगवाने की सलाह दी, बैठक के बाद एसीपी कैंट ने व्यापारियों के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया।

बैठक में शिवपुर थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी गिलट बाजार, भोजूबीर व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, महामंत्री मुन्ना मौर्या, आनंद सोनकर राकेश सिंह अलगु, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बावन यादव, राजकुमार, रूद्रप्रताप सिंह,किशन सेठ,विजय अस्थाना, नंदलाल साहू,राजेश गुप्ता,हीरा यादव, देवेंद्र सिंह आदि व्यापारी शामिल थे।



**सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा**
**नाम अदालत-उपजिलाधिकारी महोदय**
**सैदपुर गाजीपुर**
**मु0न0 टी202214290403212**
**नाम फरीकैन-अशोक बनाम रामसिंह आदि**

बेचन पुत्र रामदेव, अनिल पुत्र राममूर्ति, ओमकार पुत्र रत्ती, मनोज, अजीत, सरोज, संजय पुत्रगण ऊधो, राजदेव पुत्र सजीवन, जगदीश पुत्र रामदेव, हरिद्वार पुत्र भोला समस्त निवासीगण ग्राम-बहेरी, पोस्ट-बहेरी, परगना-खानपुर, तहसील-सैदपुर, जिला गाजीपुर

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्व दफा दाखिल किया गया है जिसमें तारीख 28 माह 12 सन् 2022 ई0 मुकर्रर है इसलिये आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाबदेही दावा की करें वरना मुकदमा आपके खिलाफ एकतरफा समाप्त होगी।

तारीख 19 माह 12 सन् 2022

उपजिलाधिकारी
सैदपुर, गाजीपुर

## नृसिंह भगवान की झांकी ने भक्तों का मन मोहा

**वाराणसी।** श्री ऋषि आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में डाफी स्थित बजरंग नगर, अशोकपुरम कॉलोनी में चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को राघव ऋषि ने कहा कि मन अत्यंत चंचल है, मन को सतत सत्कर्म में लगाए रखो नहीं तो वह दिग्भ्रमित होकर पाप करेगा। जीवन में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के साथ-साथ मन्त्र, ग्रन्थ, कन्त व सन्त भी होने चाहिए जिससे मानव जीवन मे सर्वांगीण कल्याण और विकास मिलता है। कहा कि मन का विश्वास मत करो, यह बड़ा विश्वासघाती है उसे अंकुश में रखो। जीव यदि धर्म की मर्यादा में रहकर जीवन यापन करता है तो उसे सुख व अन्त में स्वर्ग की प्राप्ति होती है। कथा में सौरभ ऋषि ने भजनों से कथारसिकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के अन्त में नृसिंह भगवान की झांकी ने भक्तों का मन मोह लिया। कथा में राजेन्द्र गोयनका मुन्नालाल गुप्ता, दुर्गाप्रसाद पालीवाल, शिवानन्द पाठक सहित अन्य भक्तों ने व्यासपीठ का पूजन एवं आरती उतारी।

# बरेका में हुई पुरस्कारों की बौछार

**पुरस्कार वितरण समारोह**

**बरेका के महाप्रबंधक अंजलि गोयल ने 65 अधिकारियों व कर्मचारियों को किया पुरस्कृत**

**वाराणसी।** बनारस इंजन रेल कारखाना में शुक्रवार को 67वां रेल सप्ताह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2021-22 के दौरान संरक्षा, सुरक्षा, समय पालन, रेल राजस्व वृद्धि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कुल 65 अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। महाप्रबंधक अंजली गोयल ने सभी को नगद पुरस्कार, पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक ने बरेका के आठ अनुभागों /शॉपों को सामूहिक पुरस्कार भी प्रदान किया, जिनमें सर्वोत्तम हाउसकीपिंग शॉप अवार्ड- ट्रक मशीन शॉप को , सर्वोत्तम कार्यप्रणाली शॉप अवॉर्ड-न्यू ब्लॉक शॉप, सर्वोत्तम संरक्षा परफॉरमेंस शॉप अवॉर्ड-एम.आर.एस., सर्वोत्तम सर्विस शॉप अवॉर्ड- मेंटेनेंस एरियाझक (एम.ए.-क), सर्वोत्तम स्टाकिंग वार्ड अवॉर्ड- एच.एल.एस.-39, द्वितीय सर्वोत्तम स्टाकिंग वार्ड अवॉर्ड- टी.ओ.टी.-37, सर्वोत्तम क्रय अनुभाग अवॉर्ड- क्रय अनुभाग-07 एवं द्वितीय सर्वोत्तम क्रय अनुभाग अवॉर्ड - क्रय अनुभागझ 03 को दिया गया।





**नये वेब्रिज की लागत में बचत पर पुरस्कार**

व्यक्तिगत पुरस्कारों की श्रृंखला में रेल मंत्रालय द्वारा विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रीय रेल पुरस्कार-2022 प्राप्त करने वाले बरेका के कार्य प्रबंधक, एम. एंड पी. भगवान प्रसाद गुप्ता को महाप्रबंधक ने सम्मानित किया। महाप्रबंधक सुश्री अंजलि गोयल ने बरेका को ऊर्जा संरक्षण हेतु वर्ष 2022 में सर्वोच्च स्थान करने पर प्रमुख के मुख्य विद्युत इंजीनियर एस.के श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही रेलवे वर्कशॉप सेक्टर के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2020-21 के सापेक्ष वर्ष 2021-22 में ऊर्जा बचत करके प्रशंसनीय एवं उल्लेखनीय कार्य किया है जिसके फलस्वरूप रेलवे वर्कशॉप सेक्टर में ऊर्जा संरक्षण हेतु वर्ष 2022 में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जिसके लिए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्मानित किया गया है। बरेका सोलर उर्जा के क्षेत्र में कार्य करते हुए 3.859 टहस्त्र के सोलर पावर प्लांट लगाकर कुल उर्जा की खपत में 23% का भागीदारी कर रहा है। महाप्रबंधक ने सभी को बधाई दी, कहा कि कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी कार्यक्षमता से न केवल उत्पादन क्षमता को बनाए रखा, बल्कि गत वर्ष के तुलना में अधिक लोकमोटिव का उत्पादन भी किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

www.ireps.gov.in

फर्जी सूचित सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. पर SMS करें।

# रोडवेज बसों में कमी मिलने पर एआरएम पर लगेगा जुर्माना

जनसंदेश न्यूज

**सख्त कदम**

## परिवहन मुख्यालय ने दिया बसों की दशा सुधारने का निर्देश

**बलिया।** रोडवेज बसों में कमी पाए जाने पर संबंधित डिपो के एआरएम पर जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माने की राशि 500 रुपये तक हो सकती है। यह निर्देश परिवहन मुख्यालय की ओर से जारी किए गए हैं। इसके चलते अब बलिया डिपो की बसों में कमियों को दूर करने का काम शुरू हो गया है। परिवहन मुख्यालय की ओर से सभी डिपो को बसों की दशा सुधारने के निर्देश दिए गये हैं। परिवहन निगम की ओर से संचालित बसों की बाडी कंडीशन, पेंट, विंड शील्ड, खिड़कियों के शीशे, फर्श की स्थिति, सीटों की दशा, डस्टीनेशन बोर्ड, स्टीकर, राइटिंग कार्य, रिफ्लेक्टिव टेप, साफ-सफाई आदि की गुणवत्ता अच्छी करने के बारे में कहा गया है।

बसों की दशा एक जनवरी 2023 तक सुधारने का समय दिया है। इसके बाद बसों में कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, अनुबंधित बसों में कमी पाए जाने पर अनुबंधित बस स्वामियों पर भी जुर्माना लगेगा। बस में कमी पाए जाने पर अनुबंधित बस स्वामी को पहली बार 100 रुपये, दूसरी बार 500 रुपये, तीसरी बार 1000 रुपये जुर्माना लिया जाएगा। इसके बाद हर बार पकड़े जाने पर 2000 रुपये जुर्माना लगेगा। बस में कमी मिलने पर मार्ग पर भेजने वाले ड्यूटी क्लर्क पर पहली बार 50 रुपये, दूसरी बार 100 रुपये, तीसरी बार 200 रुपये लिया जाएगा। वहीं, बार-बार कमी मिलने पर हर बार 500 रुपये जुर्माना वसूला जाएगा। ऐसे ही एआरएम से जुर्माना लिया जाएगा। एआरएम की ओर से जांच में बसों में कमी पाए जाने पर चालक पर पहली बार 10 रुपये, दूसरी बार 20 रुपये और इसके बाद 40 रुपये लिए जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप इंचार्ज, सीनियर फोरमैन, ड्यूटी क्लर्क से पहली बार 25 रुपये, दूसरी बार 50 रुपये और इसके बाद हर बार 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### वर्कशॉप में खड़ी हैं आठ बसें

**बलिया।** वर्कशाप में ठीक होने के लिए करीब आठ बसें खड़ी हुई हैं, जिन्हें ठीक किया जा रहा है। जिन बसों के शीशे टूट गए हैं, उनमें शीशे लगाए जा रहे हैं। वहीं, कुछ बसों में सर्विस और अन्य काम चल रहा है। वहीं, वर्कशाप में रोजाना बसों में कमियों को दूर किया जा रहा है।

> बलिया डिपो की सभी बसों को ठीक कराया जा रहा है। सभी बसों में शीशे लगे हुए हैं। इसके अलावा, रिफ्लेक्टिव टेप लगवा दिया गया है। मुख्यालय से जो निर्देश मिले हैं, उनका पालन किया जा रहा है।
>
> उमाकांत मिश्र, एआरएम, बलिया डिपो

## कोटेदारों के गोदाम तक नहीं पहुंचा खाद्यान्न

**नगरा।** समय से खाद्यान्न आपूर्ति नहीं होने से वितरण में हो रही देरी को लेकर उपभोक्ताओं में असंतोष व्याप्त है। ब्लाक क्षेत्र में कुल लगभग सवा सौ राजकीय सस्ते गल्ले की दुकान है। खाद्यान्न आपूर्ति में सरकार द्वारा डोर स्टेप डिलीवरी की योजना लागू किया गया है। इसमें ठेकेदारी प्रथा से ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में राशन उपलब्ध होना है। इधर, कुछ महीने से चालू हुई इस योजना में भारी अनियमितता से वितरण हो रहा है। इसकी शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा किए जाने पर कोटेदार व ठेकेदार की आपसी मिलीभगत से सारी व्यवस्था में पलीता लगता जा रहा है। वितरण तिथि 22 दिसम्बर घोषित है, लेकिन अभी तक अक्टूबर माह का ही पीएमजीकेएवाई का राशन उठान का शुभारम्भ नहीं हुआ है। कोटेदारों के गोदाम तक खाद्यान्न नहीं पहुंचा है। इससे कोटेदार परेशान है। साथ ही कार्डधारक भी दुकान का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इससे दुकानदारों के साथ कार्डधारकों की आये दिन किचकिच हो रही है। नियमित एवं अतिरिक्त का राशन महीने में दो बार मिलना है, मगर लापरवाही के चलते वितरण खटाई में पड़ा हुआ है।

# मॉडल तहसील पर जारी रहा गोंगपा का धरना



मॉडल तहसील के समीप धरना देते गोंगपा कार्यकर्ता

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित कराने की मांग को लेकर मॉडल तहसील के समीप चल रहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को 16वें दिन भी जारी रहा। धरना प्रदर्शन को समर्थन देते हुए सत्यनरायन तुरैहा ने कहा कि तहसील से लगायत जिला प्रशासन और प्रदेश की भाजपा सरकार में संविधान का राज की बजाय तानाशाही राज चल रहा है।

भाजपा सरकार में हर तबका परेशान व उत्पीड़ित है। संविधान की घोर अवहेलना की जा रही है। जब 2012 व 2017 के निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित की गयी थी तो किस आधार पर 2022 के प्रकाशन सूची से वार्ड सदस्य/सभासद पदों की अनुसूचित जनजाति की सीटें गोल कर दी गई। भाजपा सरकार का यह गणित समझ से परे है। मौके पर गोपाल खरवार, सुमेर गोंड, दादा अलगू गोंड, संजय गोंड, ओमप्रकाश गोंड, मनोज शाह, शिवशंकर खरवार, सुरेश शाह, चन्द्रशेखर खरवार, दुर्गविजय खरवार, हीरालाल गोंड, गोपाल गोंड, राजीनन्द गोंड, विनित गोंड, रामनरायन गोंड, रामअवतार, घनश्याम गोंड, नित्याबचन, अरविन्द खरवार, ओमकार, प्रमोद कुमार, राजेश पाल, अरविन्द गोंडवाना आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग

**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र सेनानी शंभूनाथ मिश्र ने कहा कि मोदी एवं योगी सरकार कितना भी विकास का ढ़िढ़ोरा पीट लें, लेकिन धरातल पर उनकी योजनाएं शुन्य है। कड़ाके की ठंड में सिकन्दरपुर नगर में कहीं भी अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है। इसकी जितनी कड़ी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक एवं चेयरमैन से मांग किया कि ठंड के मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द बस स्टेशन चौराहे सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर तत्काल प्रभाव से अलाव की व्यवस्था कराई जाए, जिससे ठंड में ठिठुरने वाले व्यक्तियों को ठंड का शिकार ना होना पड़े।

### स्नानार्थियों को कोर्ट के निर्देशों से कराया अवगत



**बलिया।** राष्ट्र की तकदीर सुधारनी है तो गंगा का तस्वीर संवारने के लिए हरसंभव प्रयास करना होगा। यह बातें गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने शुक्रवार को महावीर घाट पर साबुन व शैम्पू लगाकर गंगा में गोता लगाने वाले स्नानार्थियों को मौके पर ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के गंगा के प्रति जारी किये गये निर्देशों से अवगत कराते हुए व्यक्त किया। कहा कि मानवता द्वारा दी जा रही पीड़ा को गंगा अब बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। प्रकृति एवं नदियों के प्रति की जा रही नादानी घातक है। इसका मौसम पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इस अवसर पर विनय कुमार पांडेय, राजेश पांडेय, राजकुमार शाह, सुमित यादव, नथुनी पांडेय आदि मौजूद रहे।

### रिजनल मैनेजर ने किया बैंक का निरीक्षण

**नगरा।** यूनियन बैंक शाखा नगरा मे 3/4 की रात्रि में आगलगी के कारण क्षतिग्रस्त हुए सामान व स्टूमेट को देखने रिजनल मैनेजर मऊ मिथिलेश कुमार पहुंचे। इस दौरान शाखा प्रबंधक चन्द्र भूषण कुमार ने क्षेत्रीय प्रबन्धक से ग्राहको के लिए बैंक मे लॉकर सुविधा की व्यवस्था देने के लिए सुझाव रखा। बैंक शाखा के आगे लगे साइन बोर्ड को नया लगाने की बात उठाई। रिजनल मैनेजर ने बैंक के नवीनीकरण का आश्वासन दिया। साथ ही मौजूद खाताधारकों से भी वार्ता की। इस अवसर पर सहायक प्रबन्धक नितिन कुमार, लेखाधिकारी निजामुद्दीन अंसारी, विधिक सलाहकार विनय त्रिपाठी, पंकज कुमार सिंह, मणिभूषण सिंह, आदर्श भारद्वाज, आदित्य सोनी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने प्रस्तुत किया लघु नाटक



**बैरिया।** नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में गणित मेला दिवस का आयोजन किया गया। वंदना सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम ज्ञान प्रकाश दूबे और निशांत मिश्रा की देखरेख में संपन्न हुआ। इस दौरान कई बच्चों ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन पर भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा अष्टम के छात्रों ने उन पर एक लघु नाटक भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जयप्रकाश सिंह, देवेश चौबे गुड्डु, संजीव तिवारी, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में शराब पीने का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**बलिया।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के देवलवीर गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शराब पी रहे कुछ लोगों का वीडियो वायरल हो रहा है। गांव के प्रधान अश्वनी सिंह ने इस मामले से पुलिस को अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं, ग्राम प्रधान का कहना है कि बुधवार को स्कूल बंद होने के बाद थाने के हिस्ट्रीशीटर के साथ ही कुछ अन्य लोग स्कूल में पहुंचकर शराब पीने लगे। उसकी जानकारी होने पर जब मैने विरोध किया तो सभी खिसक गये। इस तरह की घटना आये दिन हो रही है। इस संबंध में एसएचओ का कहना है कि जानकारी मिलने के बाद मौके पर गया था। वायरल वीडियो के आधार पर पूरे प्रकरण की छानबीन की जा रही है।

### किसान गोष्ठी संपन्न



**बलिया।** फेफना विधानसभा क्षेत्र के गंगहरा गांव में हिंद पूर्वांचल किसान यूनियन के तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनता दल-यू के प्रदेश महासचिव अवलेश कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सरकार किसानों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। प्राथमिकता के आधार पर किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुधीर राय, डा. अनिल राय, राजीव राय, डा. शोभनाथ सिंह, रघुवंश राय, तेजबहादुर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता केडी सिंह तथा संचालन भैया मुन्ना बहादुर सिंह ने किया।

### अगले सप्ताह से चलेगा बूट पालिश व भिक्षाटन कार्यक्रम



**बलिया।** पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय धरना के अंतिम दिन शुक्रवार को धरना को संबोधित करते हुए नागेन्द्र बहादुर सिंह झुन्नू ने कहा कि सतीश चन्द्र कालेज के गालीबाज शिक्षक की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। छात्रों से वसूला गया पैसा अभी तक वापस नहीं किया गया है। अब उसके खिलाफ आंदोलन की अगली कड़ी में अगले सप्ताह से पूरे शहर में घूम-घूम कर बूट पालिश एवं भिक्षाटन का कार्यक्रम किया जाएगा। उसके द्वारा एकत्र किया गया पैसा डीएम के माध्यम से सतीश चन्द्र कालेज के भ्रष्ट शिक्षकों को भिजवाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर मिथिलेश यादव मोती, राहुल मिश्रा, विवेक पाठक, नितेश सिंह, यशजीत सिंह, अदित्य प्रताप योगी, सूरज गुप्ता, रितेश पांडेय, आकाश सिंह, आदर्श मिश्र, मदनी नसीम, दिवेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# किसानों को दिया जैविक खेती करने का टिप्स



आत्मनिर्भर किसान अभियान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं अन्य

**बैरिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा बैरिया द्वारा किसानों को जैविक खेती के लिए जागरूक किया गया। कहा कि जैविक खेती से स्वर्णिम भारत एवं आत्मनिर्भर किसान बनेंगे। नारायणगढ़ गांव में आयोजित अमृत महोत्सव में वीके राज योगिनी पुष्पा बहन की मौजूदगी में किसानों को गोबर की खाद को जैविक खेती में उपयोग करने एवं उससे होने वाले लाभ पर टिप्स दिया गया। कहा गया आत्मनिर्भर किसान व युवा किसान जैविक खेती कर देश तथा परिवार को समृद्ध बना सकते है।

ब्रह्मकुमारी बहनों ने उपज का औसत बढ़ाने एवं किसानों को नशा से दूर रहने का आग्रह किया। साथ ही राजयोग व मेडिटेशन के लाभ बताएं गए। इस अवसर पर रामाधार भाई, प्रधान संघ के अध्यक्ष अरुण यादव, प्रधान बसन्त यादव, अखिलेश यादव, प्रधान पप्पू वर्मा, शंकर दयाल यादव, भोला वर्मा, कृपाशंकर वर्मा, पप्पू सिंह, चुनमुन शाह, मदन यादव, शिवजी गिरी, लक्ष्मण यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधान अरुण कुमार यादव तथा संचालन भरत यादव ने किया। सभी का आभार प्रेमनाथ वर्मा ने व्यक्त किया।

## आज अधिवेशन में शामिल होने जायेंगे अभाविप कार्यकर्ता

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रान्त का 62वां प्रान्त अधिवेशन देवरिया जनपद के सेंट्रल एकेडमी स्कूल में 24 दिसम्बर की शाम चार बजे से 27 दिसम्बर की शाम तक समारोह सत्र के बाद समाप्त होगा। इसमें बलिया जनपद से कुल 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए बलिया और संगठनात्मक जिला रसड़ा के सभी नगर इकाइयों की बैठक पिछले 15 दिनों से अलग-अलग नगर इकाइयों की हुई हैं। विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख डॉ. अनिल तिवारी ने कहा कि अधिवेशन विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के लिए एक पवित्र त्योहार की तरह है। अधिवेशन में विभिन्न विषय शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ, स्वावलम्बन, आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होता हैं। इसी क्रम में 24 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे टीडी कालेज चौराहा स्थित परिषद कार्यालय पर वरिष्ठ जनों द्वारा हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया जाएगा।

# अभिभावक बैठक में शामिल होकर दें सुझाव

**बोले मनीराम सिंह**

## बीएसए ने किया चंद्रावती सिंह स्मृति स्मार्ट क्लास भवन का लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज



चंद्रावती सिंह स्मृति स्मार्ट क्लास भवन का लोकार्पण करते बीएसए

**रेवती।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय त्रिकालपुर में भारतीय मानक ब्यूरो के पूर्व उप महानिदेशक डा. राज किशोर सिंह ने अपनी पत्नी की स्मृति में स्व. चन्द्रावती सिंह स्मृति स्मार्ट क्लास भवन का निर्माण कराया है। इसका लोकार्पण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीराम सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विद्यांजलि पोर्टल लांच किया गया है। इसमें किसी भी ग्रामीण द्वारा सरकारी विद्यालयों में भवन निर्माण सहित दान दिया जा सकता है। विद्यांजलि पोर्टल आने के बाद जनपद में यह पहला अवसर है, जब किसी व्यक्ति द्वारा विद्यालय में भवन निर्माण कराकर उसे दान दिया गया है। इसके लिए डा. आरके सिंह साधुवाद के पात्र हैं। बीएसए ने ग्रामीणों से अपील किया कि जब भी विद्यालय में बैठक हो, उसमें आप सभी आकर अपना अमूल्य सुझाव जरूर दें, ताकि विद्यालय सहित छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। कहा कि आपके नौनिहाल प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे हैं। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाओं में मां की तरह बच्चों को शिक्षित करने की उच्च क्षमता है।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रत्नशंकर पांडेय, डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर सत्येंद्र राय, प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह, पूर्व प्रधान ददन पांडेय, प्रधान श्याम बिहारी राजभर, हरिहर सिंह, गोविंद सिंह, ओम प्रकाश कुमार मुन्नू, रामायण सिंह, शिव कुमार मिश्रा, शिक्षक प्रेम चौबे, दिनेश वर्मा, प्रदीप शुक्ला, राजीव कुमार, सुनील सिंह, अनिल सिंह, राजेश कुमार, राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन मेजर धनंजय सिंह ने किया।

# गोपाल नगर नई बस्ती में तीव्र गति से हो रहा कटान

**दहशत**

## पिछले एक सप्ताह में नदी में समा गई एक सौ एकड़ भूमि



सरयू नदी में कटकर समाहित होती जमीन

**बैरिया।** सुरेमनपुर दियरांचल के उत्तर दिशा में गोपाल नगर नई बस्ती के सामने सरयू नदी में एक बार फिर कटान तेज हो गया है। पिछले एक सप्ताह में एक सौ एकड़ से अधिक उपजाऊ खेत सरयू नदी में समा गया है। ग्रामीणों के बार-बार के आग्रह के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचा है। ऐसे में कटान को लेकर गोपाल नगर नई बस्ती के लोगों में दहशत व्याप्त है।

बता दे कि गोपाल नगर टाढ़ी के पास पिछले बरसात में कटान तेज हो रहा था। वहां बाढ़ विभाग ने स्पर बनवा दिया है। इसके बाद सरयू नदी ने इस स्थान से पूरब और उत्तर तरफ गोपाल नगर नई बस्ती के सामने कटान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों की माने तो पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन पन्द्रह से बीस एकड़ खेत सरयू नदी में कटकर विलीन हो रहा है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती सरयू नदी के कटान की जद में होगा। यहां लगभग एक हजार की जनसंख्या निवास करती है।

उक्त गांव निवासी शिवनाथ यादव, परमेश्वर यादव, मुखराम यादव, डा. हीरा यादव, विजय यादव, गुड्डू यादव आदि ने बताया कि कटान की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है। बावजूद इसके कोई भी अधिकारी इस मामले का संज्ञान नहीं ले रहा है। सरसों, गेहूं व अन्य बोई गई फसल कटान में खेत के साथ कटकर सरयू नदी में समा रही है। अगर यही स्थिति रही तो जल्द ही गोपाल नगर नई बस्ती का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

> मौका मुआयना के लिए लेखपाल को मौके पर भेजा हूं। रिपोर्ट प्राप्त होते ही इस संदर्भ में उचित कार्रवाई की जाएगी।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

## भाजपाइयों ने अधिशासी अभियंता को दिया शिकायती पत्र

**सुखपुरा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा मानक के विपरित सड़क निर्माण को लेकर भाजपाइयों ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग किया है। भाजपा बेरुआरबारी के मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में दिये गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि सुखपुरा-बेरूआरवारी मार्ग से बांसपाली भठ्ठे के पास से खडेला मार्ग में त्रिलोकीनाथ पाण्डेय के दरवाजे तक करीब एक किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया गया है। इस सड़क की स्थिति यह है कि अभी इसको बने एक मी६ना भी नही हुआ कि सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है। सड़क की हालत यह है कि गिट्टी को झाड़ू के द्वारा इकठ्ठा कर कही ले जाया जा सकता है। यह सड़क पूरी तरह से मानक के विपरीत बनी है। इस बावत प्रमोद सिंह ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सरकार को बदनाम करने के लिए इस तरीका से काम किया गया है। हम भाजपाई ऐसे काम का पुरजोर विरोध करते हैं। चेताया कि अगर ठेकेदार ने पुनः काम नहीं कराया तो हम लोग मुख्यमंत्री के दरबार में जाकर इसकी शिकायत करेंगे।

# जनपदवासियों को जल्द मिलेगी टेली मेडिसिन की सुविधा

**बलिया।** प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए टेली मेडिसिन की सुविधा पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सुविधा को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए गंभीर हैं। इसके लिए शासन से कई निर्देश दिए गये हैं। जनपद में कुल 401 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों की स्वीकृति है। इसमें अभी 163 पर सीएचओ की तैनाती है। हालांकि तैनाती वाले केंद्रों पर भी टेली मेडिसिन की सुविधा गति नहीं पकड़ पाई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से 50 चिकित्सकों की सूची मुख्यालय भेजी गई है। इनके पैनलाइज होते ही टेली मेडिसिन की सुविधा के गति पकड़ने की उम्मीद है। सीएमओ डा. जयंत कुमार ने बताया कि इस सुविधा के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मरीजों की चिकित्सक से बात कराएंगे। डाक्टर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मरीज का हाल लेंगे। जांच रिपोर्ट आनलाइन उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी और फिर डाक्टर जांच रिपोर्ट के अनुरूप मरीज को आवश्यक सलाह देते हुए इलाज शुरू करेंगे। एनएचएम के डीपीएम आरबी यादव ने बताया कि शासन से प्रति सीएचओ 10 मरीजों को दिखाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभी चिकित्सकों के आवश्यकतानुसार पैनलाइज नहीं होने से लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो रही है।

इसलिए सीएचसी और पीएचसी के 50 चिकित्सकों की सूची पैनलाइज करने के लिए भेजी गई है। यह चिकित्सक सुबह 10 बजे से अपराह्न 12 बजे तक एक स्थान पर बैठेंगे और आनलाइन मरीजों का इलाज करेंगे। बताया जाता है कि शासन से जल्द ही 124 सीएचओ और मिलने वाले हैं। नए सीएचओ के मिलने और चिकित्सकों के पैनलाइज होने के बाद टेली मेडिसिन की सुविधा के भी तेजी पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

# ऑक्सीजन प्लांट का लाभ मरीजों को मिलेगा

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगउर में शो-पीस बने आक्सीजन प्लांट का लाभ अब मरीजों को मिलने लगेगा। शासन ने आक्सीजन प्लांट के संचालन के लिए एकल पाइप लाइन, जेनरेटर और स्टेब्लाइजर आदि की खरीद के लिए धनराशि की स्वीकृति दे दी है। अस्पताल में 10 लाख की लागत से पाइप लाइन का काम होगा और 12 लाख की लागत से जेनरेटर एवं तीन लाख की लागत से स्टेब्लाइजर आदि की खरीद होगी।

कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए बांसडीह विधानसभा के अगउर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आक्सीजन प्लांट लगाने के लिए तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कार्यदायी संस्था को 51.68 लाख की धनराशि दी थी। जून में धनराशि मिलने के बाद इस पर कार्य शुरू किया। लगभग एक माह पहले आक्सीजन प्लांट को सीएचसी के सुपुर्द कर दिया गया। सीएचसी में अभी पाइप लाइन न होने से सीधे बेड पर आक्सीजन की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके साथ ही बिजली न रहने या वोल्टेज कम रहने पर भी इस प्लांट को चलाने की समस्या थी। इसे देखते हुए शासन को पाइप लाइन, जेनरेटर और स्टेब्लाइजर आदि के लिए प्रस्ताव भेजा गया था।

शासन ने इसे स्वीकृति दे दी है। अस्पताल में 10 लाख की लागत से पाइप लाइन का काम होगा। 12 लाख की लागत से जेनरेटर और तीन लाख की लागत से स्टेब्लाइजर आदि की खरीद होगी। पाइपलाइन का काम होने के बाद सीधे बेड पर आक्सीजन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। आक्सीजन प्लांट लोगों के लिए संजीवनी साबित होगी। सीएमओ डा. जयंत कुमार ने बताया कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। धनराशि मिलने के बाद कार्य कराया जाएगा।

## बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में चाचा-भतीजा घायल

**सिकंदरपुर।** सिकंदरपुर-बेल्थराराड मार्ग पर स्थित धोबहा के समीप गुरुवार की देर रात बाइक एवं बोलेरो की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के लोगों की सहायता से घायलों को सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के कठौड़ा निवासी भूरा राम (45) अपने भतीजे मिथुन (25) के साथ बाइक से बेल्थरारोड की तरफ जा रहे थे। अभी वह जैसे ही धोबहा के समीप पहुंचे कि अचानक सामने से आ रही बोलेरो से टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये। इधर, टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। इधर, चालक बोलेरो छोड़कर भागने में सफल रहा।

# किसानों की खुशहाली से समृद्ध होगा देश



सपा कार्यालय पर पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता

**आयोजन**

## सपाईयों ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश

**बलिया।** किसानों के मसीहा भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती शुक्रवार को धूमधाम से समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए नमन किया।

वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब के सपनों को साकार करने का काम पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव ने किया। आज उन्हीं के विचारों को आगे बढ़ाने का काम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं। अनुशासन प्रिय एवं गरीब, कमजोर की बात करने वाले चौधरी साहब सदन से लेकर सड़क तक किसानों के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले व्यक्ति थे। आज किसान और किसानी को बर्बाद करने वाली सरकार चौधरी साहब के सपने को चकनाचूर कर रही है। इसके खिलाफ समाजवादी पार्टी हमेशा से मुखर रही है और आगे भी रहेगी। आज देश में किसान आत्महत्या कर रहा है। समाजवादी पार्टी किसानों के हित की बात करने वाली पार्टी है। हमारे नेता अखिलेश यादव स्पष्ट कहते हैं कि जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं होगा, तब तक देश खुशहाली के रास्ते पर नहीं जा सकता। इस अवसर पर डा. विश्राम यादव, यशपाल सिंह, सुशील कुमार पांडे कान्हजी, लक्ष्मण गुप्ता, शशिकांत चतुर्वेदी, राघव सिंह, हरेंद्र सिंह, चुन्ना सिंह, मुन्ना खान, जेडी जलालुद्दीन, रामेश्वर पासवान, रविंद्रनाथ यादव, वीरलाल यादव, राजप्रताप यादव, मंटू दुबे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजमंगल यादव ने किया।

### सपा नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की मनायी 120वीं जयंती



**बेल्थरा रोड।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा स्व. चैधरी चरण सिंह की 120वीं जयन्ती शुक्रवार को नगर के चैधरी चरण सिंह तिराहे पर सपा नेताओं द्वारा मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ सपा नेताओं द्वारा चैधरी चरण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल ने कहा कि चैधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, वे जीवन पर्यन्त किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया और पटवारी प्रथा को समाप्त करते हुए सभी को समान अधिकार देने का काम किया। उन्होंने चरण सिंह को युग दृष्टा बताया और कहा कि उन्होंने किसानों के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आद्याशंकर यादव ने कहा कि चरण सिंह गरीबों, मजलूमों, किसानों के नेता थे, आज हम लोगों को उनकी कमी खल रही है। वक्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प जताया। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष इरफान अहमद, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल, जिला पंचायत सदस्य हरेराम यादव, राजन कन्नौजिया, रुद्रप्रताप यादव, बब्बन यादव, आनन्द यादव, बसन्त यादव, रामाश्रय यादव, प्रशान्त कुमार जायसवाल मन्टू, सुनील कुमार टिंकु, पिंटू यादव, अंगद यादव, सोनू यादव, फाइटर, पतिराम यादव, आफताब सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना पंजीकरण संचालित हो रहे नर्सिंग होम

**मनमानी**

## गांव-गांव में फैले हुए है एजेंट मिलता है भारी कमीशन

**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के रानीगंज, बैरिया, सुरेमनपुर, लालगंज व टोला शिवन राय आदि बाजारों में संचालित होने वाले कतिपय निजी चिकित्सालय या नर्सिंग होम का पंजीकरण नहीं है। यहां जरूरी संसाधन तक उपलब्ध नहीं है। भ्रूण हत्या ही उनकी आमदनी का मुख्य स्त्रोत है। गांव-गांव में इनके एजेंट फैले हुए हैं। उन्हें केस लाने पर अच्छा खासा कमीशन दिया जाता है।

स्थानीय स्तर पर सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों से इस बाबत बात करने पर वह कहते हैं कि मेरा कोई अधिकार नहीं है। यह अधिकार मुख्य चिकित्साधिकारी को प्राप्त है। अगर वह किसी चिकित्साधिकारी को लिखित रूप से अधिकृत करते हैं तो हम जांच या कार्रवाई कर सकते हैं। वही, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि बलिया जनपद बहुत बड़ा जनपद है। यहां 17 ब्लाक हैं। कई एक बड़े बाजार और कस्बे हैं। जहां की जानकारी मेरे संज्ञान में आती है, मैं कार्रवाई करता हूं। अगर सरकारी अस्पतालों के चिकित्साधिकारियों को ऐसे मामले संज्ञान में हो तो उन्हें मुझे बताना चाहिए। मैं जरूरी कार्रवाई करूंगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों बैरिया के एक निजी चिकित्सालय में एक दुराचार पीड़िता गर्भवती किशोरी का जबरन डरा-धमका कर गर्भपात कराया गया। एसडीएम आत्रेय मिश्र के घटना को गंभीरता से लेने पर मुकदमा दर्ज हुआ। संबंधित अस्पताल सील किया गया और तथाकथित डॉ. एवं अस्पताल संचालक जेल भेजे गए। एसे में प्रश्न यह उठता है कि कितने जगह एसडीएम हस्तक्षेप करेंगे? आखिर स्वास्थ्य विभाग क्यों नहीं ऐसे नर्सिंगहोम या निजी चिकित्सालय में ऊपर रोक लगा रहा है? जो बिना पंजीकरण भ्रूण हत्या को अपना कुटीर उद्योग बनाए हुए हैं।

### डीएम व सीएमओ से की कार्रवाई की मांग

**बैरिया।** स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता को लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अकेले डेढ़ दर्जन से अधिक अवैध तरीके से नर्सिंगहोम व निजी चिकित्सालय संचालित हैं। उन पर लोगों के बार-बार की शिकायत पर कार्रवाई नहीं हो रही है। अलबत्ता ऐसे अस्पताल संचालकों का असामाजिक तत्वों से मिलीभगत है। इससे शिकायतकर्ता को परेशान होना पड़ता है। ऐसे में लोग खुलकर शिकायत भी नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डीएम व मुख्य चिकित्सा अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध तरीके से बिना पंजीकरण संचालित होने वाले निजी अस्पतालों व नर्सिंगहोम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

> बलिया बड़ा जनपद है। यहां कहां क्या हो रहा है? इसकी जानकारी मुझे नहीं रहती है। जहां की जानकारी मुझे होती है, वहां कार्रवाई करता हूं। जागरूक लोगों व सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों को चाहिए कि ऐसे अस्पतालों या नर्सिंगहोम की सूचना मुझे दें। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिना पंजीकरण कोई अस्पताल या नर्सिंगहोम नही चला सकता है।
>
> डा. जयंत कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया

# बागवानी परिसर की साफ सफाई कर किया पौधरोपण



**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विवि में किसान दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन कर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर कृषि विभाग के प्राध्यापकों और छात्रों द्वारा बागवानी परिसर में साफ-सफाई के साथ आम, आंवला, नीबू, अमरूद आदि फलदार पौधों के अलावा कुछ मेडिसिनल पौधों का भी रोपण किया गया। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने थाई अमरूद के पौधे का रोपण किया।

कहा कि कृषि विभाग के विकास के लिए जो भी आवश्यकता होगी, उसे मैं पूर्ण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं। निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा ने कहा कि किसान आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दें और नई तकनीक का इस्तेमाल कर फसलों का उत्पादन करें तो उन्हें ज्यादा लाभ प्राप्त होगा। डॉ. लाल विजय सिंह ने कहा कि नई तकनीकी का प्रयोग कर खेती और उसके साथ-साथ बागवानी करके आय प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। डॉ. अमित सिंह ने आंवले की खेती करने का तरीका बताया और उसके लाभकारी गुणों के बारे में विस्तार से बात की। पत्रकारिता विभाग के छात्र दुर्गेश कुमार सिंह, प्रियम बरनवाल और छात्रा अंकिता राय द्वारा भी आंवले के पौधों का रोपण किया गया। मौके पर कुलपति द्वारा किसानों को पौधे प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. अजय चौबे, डॉ. सृष्टि सिंह, डॉ. ट्विंकल, डॉ. खुशबू दुबे, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अजीत जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी के छात्र सम्मानित

**सम्मान**

## तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दिया गया मेडल व ट्राफी




खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्राफी देते प्रबंधक सतीश दूबे व मोनिका दूबे

**बेल्थरारोड।** स्थानीय न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी के छात्रों ने जनपद में 22वां जिला टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट चैंपियनशिप जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनको शुक्रवार को स्कूल में सम्मानित किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्कूल प्रबंधक सतीश दुबे एवं प्रशासिका मोनिका दुबे ने टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के चैंपियन खिलाड़ियों व टीम को मेडल, सर्टिफिकेट एवं ट्राफी प्रदान किया।

टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने वाले छात्रों में टीम कप्तान राशिद ताज मोहम्मद, उप कप्तान जावेद खान, शिवम गुप्ता, ओम जायसवाल, गौरव गुप्ता, शिवम सिंह, दीपक यादव, अबुल हासिम, मो. अनश, श्रेयांश कश्यप, मिनहाज, तंजीम आलम, हिमांशु कुशवाहा, शौर्य सिंह शामिल है। इसके अलावा सीबीएसई द्वारा आयोजित क्लस्टर गेम्स 2022-23 में खो-खो गेम में सत्यम, पवन, शैलेश, अभय, अस्मित, अमितेश, आदित्य, उत्कर्ष, आकाश, विवेक व सुमित के अलावा तायकांडो में कृष्णमुरारी पाठक, आदित्य पटेल, मानवी, अंजली और कबड्डी में मेराज, शौर्य, विनीत, सैफ, सावन, अभिषेक, शहरयार, रितेश समेत अनेक प्रतिभाग खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पूनम प्रसाद, आनंद श्रीवास्तव, खेल प्रशिक्षक मो. जीशान, गौहर परवीन, मुकेश पांडेय, रूमित शर्मा, संध्या सिंह, जयंद्र पांडेय, बबलू जी, सत्येंद्र, दीपक, अदनान, विशाल गुप्ता, सुजीत गुप्ता, अकरामुल्लाह, नेहा, रेखा आदि मौजूद रहे। संचालन आनंद श्रीवास्तव ने किया।

## घर पर धावा बोलने में आधा दर्जन पर केस

**बलिया।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के बरवारती पट्टी निवासी भाजपा नता अभिनव सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उनका आरोप है कि पिछले सोमवार को एक हिस्ट्रीशीटर तथा उसके साथियों ने मेरे घर पर हमला कर दिया। बदमाशों ने खिड़की एवं दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय भाजपा नेता एवं उनके परिवार के अन्य लोग मऊ गये थे। कुछ माह पहले अगस्त में आरोपितों ने भाजपा नेता अभिनव सिंह को जान से मारने की धमकी दी थी। इस प्रकरण में भी थाने में मुकदमा दर्ज है। वहीं, पुलिस का कहना है कि इस मामले में हरेन्द्र सिंह उर्फ कुन्नू समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएचओ अखिलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# किसान मोटे अनाज की खेती पर करें फोकस : वीरेंद्र सिंह

**बैरिया।** किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने उन्हें नमन करते हुए किसानों से आग्रह किया है कि वह मोटे अनाज की खेती जोरो पर करें। इससे उनके कदमों में आर्थिक व शारीरिक समृद्धि होगी।



श्री मस्त ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जीवन भर किसानों के हितों के लिए काम करते रहे। उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के क्रम में हमारी सरकार ने मोटे अनाज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई है। वही, सन् 2023 को मोटा अनाज वर्ष के रूप में संरक्षित करने का निर्णय लिया है। सांसद शुक्रवार को सोनबरसा स्थित अपने संसदीय कार्यालय में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज अधिक आर्थिक लाभ देगा। वही, इसका सेवन करने वाले शारीरिक और मानसिक रूप से अधिक स्वस्थ होंगे। इसके लिए सरकार मोटे अनाजों के उत्पादकों को प्रोत्साहित करने की योजना लागू करने जा रही है। साथ ही सभी तरह के मोटे अनाज की खरीदारी अच्छे दर पर सरकार करेगी। इस संदर्भ में नए वर्ष में घोषणा की जाएगी। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री इसके लिए काफी गंभीर हैं। मोटा अनाज से ही देश और किसान समृद्ध बनेगा। उन्होंने बताया कि हमारी प्रधानमंत्री से वार्ता हुई है। जल्द ही मोटे अनाज उत्पादन करने वाले किसानों के प्रोत्साहन के लिए घोषणाएं होंगी।

## अभाविप का 62वां प्रान्त अधिवेशन 24 से 27 दिसम्बर तक

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्षप्रान्त का 62वां प्रान्त अधिवेशन इस वर्ष देवरिया जनपद के सेंट्रल एकेडमी स्कूल में 24 दिसम्बर शाम 4 बजे से 27 दिसंबर शाम तक समारोह सत्र के बाद समाप्त होगा। इसी क्रम में बलिया जनपद से कुल 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए बलिया और संगठनात्मक जिला रसड़ा के सभी नगर इकाइयों की बैठक पिछले 15 दिनों से अलग-अलग नगर इकाइयों की हुई हैं। विद्यार्थी परिषद के विभाग प्रमुख डॉ. अनिल ने कहा कि अधिवेशन विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं के लिए एक पवित्र त्योहार की तरह है। अधिवेशन में विभिन्न विषय शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ, स्वालंबन, आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर प्रस्ताव भी पारित होता हैं। इसी क्रम में 24 दिसंबर को प्रातः 11 बजे टी.डी. कॉलेज चैराहा स्तिथ परिषद कार्यालय पर वरिष्ठजनों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

# फील्ड इवेंटस में सोहाव व नवानगर का दबदबा



**बलिया।** बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की शेष प्रतियोगिताओं (एथलेटिक्स फील्ड इवेंटस) में सोहाव व नवानगर का दबदबा रहा। शुक्रवार को लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला प्रक्षेप एवं चक्का फेंक की प्रतियोगिताएं वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई। क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग के गोला प्रक्षेप में सोहाव की काजल प्रथम, नगरा की आंचल द्वितीय, बैरिया की विनीता तृतीय स्थान पर रही। चक्का फेंक में सोहाव की राजकुमारी चैहान प्रथम, नगरा की आंचल द्वितीय एवं रेवती की नीतू तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद में बैरिया की विनीता प्रथम, नवानगर की शमा परवीन द्वितीय एवं गड़वार की तनीषा सिंह तृतीय स्थान पर रही। ऊंची कूद में नवानगर की शमा परवीन प्रथम, बैरिया की गुंजन द्वितीय एवं सोहॉव की चांदनी तृतीय स्थान पर रही। प्राथमिक बालिका की लंबी कूद में पंदह से सनम यादव प्रथम, रसड़ा से सोनम यादव द्वितीय एवं सोहाव से खुशी यादव तृतीय स्थान पर रहीं।

उच्च प्राथमिक बालक वर्ग के गोला प्रक्षेप में गड़वार के अभिषेक कुमार भारती प्रथम, सोहाव के आनंद गुप्ता द्वितीय व चिलकहर के महेश तृतीय स्थान पर रहे। चक्का फेंक में गड़वार के विमलेश प्रथम, सोहव के हिमांशु द्वितीय और चिलकहर के अमन तृतीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में नवानगर के श्रवण कुमार प्रथम, चिलकहर के आर्यन द्वितीय व बेरुआरबारी के पंकज तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में नवानगर के श्रवण कुमार प्रथम, बेरुआरबारी से गोलू व दुबहड़ से देवा संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका गिरीश, नीरज, अरुणेंद्र, अरविंद, शिवानंद, चंद्रभानु, पंकज, मोहम्मद वसीम व अनिल ने निभाई। मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू उपस्थित रहे। जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं जिला स्काउट मास्टर अरविंद कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

## संक्षेप

### पांच निरीक्षकों समेत 10 का बदला कार्यक्षेत्र



**बलिया।** एसपी राजकरन नय्यर ने पांच निरीक्षकों, तीन उप निरीक्षकों तथा दो कांस्टेबलों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। एसपी ने फेफना थाने के प्रभारी निरीक्षक पारसनाथ सिंह तथा निरीक्षक (अपराध) अनवर अली को पैदल कर दिया है। फेफना थाने के दो निरीक्षकों को एक साथ लाइन हाजिर होने से विभागीय गलियारे में चर्चाओं का बाजार गरम है। एसपी ने दोकटी थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह को फेफना थानाध्यक्ष बनाया है। वहीं, पुलिस चौकी सीयर के उपनिरीक्षक मदन पटेल को दोकटी थाने की कमान सौंपी गई है। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक विश्वदीप सिंह को नगरा थाने पर भेजा गया है, जबकि पुलिस लाइन से निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को यातायात प्रभारी के पद पर भेजा गया है। उधर, पुलिस लाइन से निरीक्षक सोनू कुमार को निरीक्षक (अपराध) रेवती तथा निरीक्षक संजय शुक्ला को निरीक्षक (अपराध) कोतवाली की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सुखपुरा थाने से कांस्टेबल रोहित वर्मा को आंकिक शाखा तथा पुलिस लाइन से कांस्टेबल अर्जुन यादव को सर्विलांस सेल में भेजा गया है।

### दो वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**बलिया।** रसड़ा पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। एसपी राज करन नय्यर के आदेश के अनुपालन में अपराध नियत्रंण व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रसड़ा के प्रभारी निरीक्षक हिमेन्द्र सिंह मय पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र व जांच पेंडिंग विवेचना व तलाश वांछित अभियुक्त क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबीर की सूचना के आधार पर अभियुक्तागण कल्पना पत्नी राजेश (काल्पनिक नाम) व रूबी (काल्पनिक नाम) पुत्री राजेश निवासीगण खरूआंव, थाना नगरा को बस स्टैंड रसड़ा के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ धारा 306 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है।

### अवैध शराब बना रहे दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बांसडीह।** एसपी राजकरन नय्यर के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक बांसडीह योगेन्द्र प्रसाद सिंह मय हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बना रहे दो अभियुक्त राजाराम राजभर पुत्र स्व. जगदीश निवासी व सुगन्ती देवी पत्नी स्व. आत्माराम राजभर निवासी चाँदपुर थाना बांसडीह को ग्राम चांदपुर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से तीन जरिकेन में क्रमशः 20-20 लीटर (कुल 60 लीटर) कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण (02 टीन पाइप लगी, 2 पतीली 2 नलकों को बरामद किया गया। इस समबन्ध में थाना बांसडीह पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगण को न्यायालय रवाना किया गया।

### अचानक सीने में हुआ दर्द, मौत

**मझौवां।** रेवती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिघार (पचरुखिया) निवासी विनोद राम 32 वर्ष की अचानक सीने में दर्द होने पर तबीयत खराब हो गया। परिजन उन्हें एक निजी चिकित्सक से उपचार कराने के बाद आनन-फानन में जिला अस्पताल के लिए घर से निकले पर रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। विनोद की पत्नी मीरा देवी का रोरो कर बुरा हाल है। विनोद की दो पुत्री, तीन पुत्र हैं। आंचल कुमारी 13 वर्ष, अमृता कुमारी 10 वर्ष, अस्वमीत राम 8 वर्ष, मोहित राम 5 वर्ष, अनुराग 3 वष का है।

### वगैर छत का चल रहा बेसहारा पशुओं का आश्रम


**चितबड़ागांव।** स्थानीय नगर पंचायत परिसर में बना बेसहारा पशुओं का आश्रम अभी तक वगैर छत का चल रहा है। इतनी भीषण ठंडी में भी 15 बछड़े खुले आसमान के निचे रह रहे है। चारा के रूप में इन्हें सुखे पुवाल डाला जा रहा है। बताया जाता है कि इन पशुओं को खिलाने की जिम्मेदारी सफाई कर्मचारी को दी गई है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गई परन्तु फोन नहीं उठा रहे।

### डॉ. सुरेश कुमार ने नगर मजिस्ट्रेट का संभाला कार्यभार

**बलिया।** जनपद में नगर मजिस्ट्रेट के पद पर डॉ. सुरेश कुमार ने कार्यभार संभाला। हाल ही में नगर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने नवागत नगर मजिस्ट्रेट डॉ. सुरेश कुमार को चार्ज सौंपा। प्रदीप कुमार का अपर जिलाधिकारी के पद पर जनपद बलरामपुर में स्थानांतरण किया गया है। डॉ. सुरेश कुमार मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले हैं जो 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं।

## संक्षेप

### जागरूकता शिविर में छात्राओं को दी गई जानकारी



**मऊ।** शुक्रवार को विषय किशोर न्याय अधिनियम-2002 तथा पाक्सों एक्ट-2012 के तहत बालक, बालिकाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों के संबंध में विधिक साक्षरता/जागरुकता शिविर, का आयोजन राजीव गांधी महिला महाविद्यालय मऊ में किया गया। आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित बच्चों, एवं अध्यापक गण को अभिषेक कुमार गौरव, सदस्य स्थायी लोक अदालत द्वारा स्थायी लोक अदालत के तहत उपलब्ध न्यायिक सेवाओं के अंतर्गत बीमा, विद्युत, चिकित्सीय, आदि सेवाओं में न्यायिक सहायता एवं स्थायी लोक अदालत माध्यम से सरल न्यायिक सेवाओं की जानकारी प्रदान कर न्याय हेतु जागरूक किया गया। काउंसलर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय हुमा रिजवी, द्वारा बच्चों को अपराधिक प्रवृति के लोगों से बचाव हेतु गुड टच, बैड टच के सम्बन्ध जानकारी दी एवं पारिवारिक मामलों के प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु आवश्यक विधिक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। बाल कल्याण समिति से संध्या ने शिविर में उपस्थित जन को महिला सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्प लाइन नंबरों एवं उनके माध्यम से उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं के बारे में बताया गया। प्राचार्य महाविद्यालय हुमा ने महत्वाकांक्षी विधिक शिक्षा बच्चों को प्रदान किये जाने हेतु, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सहृदय आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान पीएलवी पूजा विश्वकर्मा एवं श्रीराम यादव राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी एवं योजनाओं के पम्पलेट का इत्यादि का वितरण भी किया गया। पैनल अधिवक्ता सौरभ कुमार राय ने शिविर का संचालन करते हुए पाक्सों एक्ट-2012 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

### लक्ष्मी नारायण मिश्र की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**मऊ।** शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्र की 120 वीं जयंती परंपरागत रूप से भीटी ओवर ब्रिज के पास उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मनाई गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि लक्ष्मी नारायण मिश्र का जन्म 1903 में हुआ था उन्होंने वर्ष 1928 में अपनी बीए की परीक्षा केंद्रीय हिंदू कालेज काशी से उत्तीर्ण की थी। मिश्र जी की मुख्य रचनाएं अंतर्जगत, राक्षस का मंदिर, मुक्ति का रहस्य, सिंदूर की होली, गरुड़ध्वज, नारद की वीणा, वितस्ता की लहरें तथा मृत्युंजय आदि। उन्होंने बताया कि मिश्र जी आधुनिक हिंदी नाटक के जन्मदाता, प्रख्यात नाटयकार एवं साहित्यकार, महाकवि एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे। पंडित लक्ष्मी नारायण मिश्रा जी की प्रतिमा पर अपर जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धनपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार, अपर संख्याधिकारी रजनीश सिंह सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भारतीय स्टेट बैंक की अनोखी पहल



**मऊ।** जंनपद के कोपागंज नगर पंचायत मे स्थित भारतीय स्टेट बैंक ने कोऑपरेटिव सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत चयनित बालिका विद्यालय कस्तूरबा देईथान को 225 सेंनिटटी पैड का वितरण किया। विद्यालय की बालिकाओं ने नाटक मंचन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जो काफी प्रशनीय रहा। इस अवसर पर कस्तूरबा बालिका विद्यालय की प्रबंधक बंदना देवी, भारतीय स्टेट बैंक कोपागंज के प्रबंधक अमितेश पाण्डेय एवं फील्ड अफसर विनय मौर्य उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की गई जान

**मऊ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के भीटी स्थित तमसा पुल पर शुक्रवार की अल सुबह कंटेनर व मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर रेलिंग को तोड़ते हुए पुल पर लटक गया। वहीं मौके पर ही बाईक सवार वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में पिता-पुत्र गम्भीर रुप से घायल हो गये।

हादसे की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से घायलों को इलाज हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। गौरतलब है घोसी कोतवाली के बड़ागांव निवासी 80 वर्षीय फूलचंद गोंड अपनी 75 वर्षीय पत्नी पाती गोंड का इलाज कराने के लिए अपने 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण गोंड के साथ मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल आ रहे थे।

जैसे ही वह सदर कोतवाली क्षेत्र के भीटी स्थित तमसा नदी के पुल पर पहुंचे थे कि सामने की तरफ से तेज रफ्तार आ रही कंटेनर ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर रेलिंग को तोड़ते हुए पुल पर जा लटकी।

**घटना**

## दुर्घटना में पिता-पुत्र जख्मी

इस भीषण हादसे में मोटरसाइकिल सवार 75 वर्षीय पाती गोंड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिता व पुत्र गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। हालांकि हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को छोड़कर मौके से भाग गया। वही बीच मार्ग पर हुए हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। आस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस ने वृद्ध के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर जैसे ही परिजनों को हुई तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# किसान सम्मान दिवस पर जिले के 32 किसानों को किया गया सम्मानित



जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चैधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के उपरांत चैधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण का कार्य संपन्न हुआ।

इस दौरान जनपद के 32 किसानों को सम्मानित भी किया गया, जो कि कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य एवं गन्ना विभाग से संबंधित थे। प्रथम स्थान प्राप्त किसानों को 7 हजार एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किसानों को 5 हजार नगद पुरस्कार के साथ ही एक शॉल एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपर जिला अधिकारी श्री भानु प्रताप सिंह ने वहां पर उपस्थित किसानों द्वारा खेती के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद को कृषि क्षेत्र में उन्नति की ओर ले जाने हेतु प्रयास करने को कहा। बैठक के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी श्री अभय पांडे ने वहां पर उपस्थित सभी किसानों को बधाई देते हुए कृषि क्षेत्र में और आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। वहां पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कृषि निदेशक एसपी श्रीवास्तव ने चैधरी चरण सिंह के जीवन एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए उपस्थित किसानों से जनपद को कृषि क्षेत्र में अग्रणी स्थान दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने को भी कहा।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**मऊ।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु, डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 198 प्रतिषत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 88 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है।

हस्तशिल्प विपणन योजना एवं मुख्यमंत्री विशिष्ट हस्तशिल्प पेंशन योजना के तहत जनपद को कोई भी लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 525 लाभार्थियों का चयन कर लिया गया है, अभी इनका प्रशिक्षण कार्य बाकी है।औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा में नाला एवं पानी की निकासी के संबंध में चर्चा के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने बताया कि शासन को इस संबंध में प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है बजट के आवंटन होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा एवं ताजोपुर में विद्युत तार के सैग ढीला होने एवं विद्युत ट्रिपिंग की समस्या की चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को यथाशीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्र ताजोपुर का मऊ नगर पालिका मे सम्मिलन के उपरांत क्षेत्र में सड़क,नाली मरम्मत,अनुरक्षण कार्य कराए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी ने यूपीसीडा एवं नगर विकास विभाग को पत्र लिखने एवं शासनादेश के तहत कार्यवाही करने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए।

औद्योगिक क्षेत्र सहादतपुरा में भूमि के अतिक्रमण की चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को इस संबंध में टीम बनाकर जांच करें और शासनादेश के अनुसार कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान एनएच 29 पर साइफन बनाने के कारण उत्पन्न समस्या की चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद को एक संयुक्त कमेटी बनाकर जांच करें और रिपोर्ट मेरे समक्ष प्रस्तुत करें जिससे प्रस्ताव तैयार कर शासन में भेजकर अग्रिम कार्यवाही की जा सके। ताजोपुर में नालों की सफाई के कार्य में अनियमितता मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जब तक सफाई का कार्य पूर्ण न हो जाए तब तक भुगतान नहीं करने के निर्देश दिए। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए जाने के संबंध में चर्चा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को उद्योगों के प्रोत्साहन हेतु शासन द्वारा जारी नए दिशा निर्देशों से उद्यमियों को अवगत कराने के निर्देश दिए, साथ ही प्राप्त प्रस्तावों को शासन को प्रेषित करने को भी कहा। मौके पर उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन, क्षेत्राधिकारी धनंजय, अधिशासी अधिकारी नपा परिषद दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, विद्युत अन्य सभी संबंधित अधिकारी व उद्यमी उपस्थित थे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच को लेकर मोबाइल टेस्टिंग लैब हुई रवाना



**मऊ।** शुक्रवार को अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने मोबाइल टेसि्टंग लैब को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट सभागार से रवाना किया। यह मोबाइल टेसि्टंग लैब जनपद के विभिन्न जगहों पर अगले 4 दिनों में लोगों को खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने के तरीकों के साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण होने वाली हानियों के प्रति लोगों को जागरूक भी करेगा। यह 23, 24, 25 एवं 26 दिसंबर को जनपद के प्रमुख स्थानों पर आम जनता के साथ ही साथ खाद्य पदार्थों से जुड़े व्यापारियों को विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट की प्रथम दृष्टया जांच करने एवं इससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव के प्रति भी लोगों को जागरूक करेगा, जिससे लोग स्वयं ही रोजमर्रा में प्रयोग होने वाले खाद्य पदार्थों की जांच कर सकेंगे। साथ ही इससे होने वाले हानियों से भी बच सकेंगे। इस दौरान अपर जिला अधिकारी ने मौके पर मौजूद जरूरतमंदों को ठंड से बचने हेतु कंबल भी प्रदान किए। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# किरन हत्याकांड में शामिल अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सफलता**

**लाइसेंसी पिस्टल, चार कारतूस और डीवीआर बरामद**

जनसंदेश न्यूज


कार्यालय में मीडिया के समक्ष हत्यारोपी को पेश करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गाजीपुर।** किरन हत्याकांड में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की राड व लूटी गई लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर लिया है। सदर कोतवाल तेज बहादुर सिंह व सर्विलांस सेल प्रभारी सुनील तिवारी की सयुक्त टीम आदर्श बाजार काशीराम आवास तिराहा के पास कुर्था गांव में घटित किरन प्रजापति की हत्याकांड में शामिल एक अन्य अभियुक्त कुर्था गांव निवासी मनीष कुमार यादव उर्फ टिंकू पुत्र कृष्ण देव यादव को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर लोहे की राड व लूटी गई लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर व चार जिन्दा कारतूस, एक डीवीआर और मोबाइल बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक अभियुक्त ने बताया कि बीते 26 सितंबर को पिस्टल लूटने के आशय से मेरे साथ अनीष यादव व विपुल यादव कुर्था गांव मे पवन प्रजापति के घर में घुसकर किरन प्रजापति की हत्या लोहे की राड व बांकी से मारकर बक्से में रखे लाइसेंसी पिस्टल व कारतूस व एक मोबाइल को ले लिया। साक्ष्य छिपाने के लिए हम लोग घर मे लगे डीवीआर को भी अपने साथ उठा ले गये थे। कोतवाल ने बताया कि किरन हत्याकांड में शामिल दो अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अपमान का बदला लेने के लिए उठाया ऐसा कदम

जनसंदेश न्यूज

**मनिहारी।** शादियाबाद पुलिस नाबालिग बालिका को बरामद करते हुए, अपहरणकर्ता मामा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को यह कामयाबी शुक्रवार की सुबह जखनियां रेलवे-स्टेशन के पास मिली। अपहरणकर्ता रिश्ते में बालिका का मामा लगता है, अपहरणकर्ता का बालिका को अपहरण करने का उद्देश्य क्या था और क्यों ऐसा किया यह मालूम नहीं हो पाया है। पुलिस उससे कड़ाई से पूछताछ कर रही है।

शादियाबाद थाना क्षेत्र के कस्बा दयालपुर निवासी जोगिंदर विश्वकर्मा की दस वर्षीय पुत्री आकांक्षा शादियाबाद कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन में पढ़ती है। गुरुवार को अपहरणकर्ता राम रतन मरदानपुर गांव निवासी विद्यालय पहुंचा और उसने प्रधानाध्यापक मोहम्मद इस्लाम से कहा की वह आकांक्षा का मामा है। उसे कपड़ा दिलाना है उसकी मां ने उसे बुलाया है। आकांक्षा ने भी बताया की वह उसका मामा लगता है। प्रधानाध्यापक ने अपने मोबाइल से उसकी फोटो खिंचकर उसे उसके साथ भेज दिया।

इधर जब विद्यालय की छुट्टी होने के बाद आंकाक्षा घर नही पहुंची। तो घर वालो ने खोजबीन शुरू की और तुरंत पुलिस को सूचना दी। अपहरण की सुचना पर पुलिस के हाथ पांव फुल गए। पुलिस तुरंत हरकत मे आई और अपहरणकर्ता की फोटो से पहचान कराई गई। लोगो ने बताया की यह तो अक्सर बालिका के घर आता जाता था। फिर पुलिस ने तुरंत उसकी फोटो सभी थानो पर सकुर्लेट कराई। थाना प्रभारी धनानंद त्रिपाठी ने बताया की आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। अपहरणकर्ता युवक ने बालिका की मां द्वारा किए गए किसी अपमान का बदला लेने के लिए ऐसा कदम उठाया था।

**गिरफ्तारी**

**अपहरणकर्ता मामा गिरफ्तार अपहृत भांजी बरामद**

**पुलिस की तत्परता से मिली सफलता**

सीओ भुड़कुड़ा रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ संबंधित जगहों पर दबिश देकर बालिका को खोजने रहे। मुखबिर की सूचना पर अपहरणकर्ता को जखनियां रेलवे-स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके पास से बालिका भी बरामद हो गई। बालिका को उसने बताया था कि तुम्हारी मां मऊ गई है, हम लोगो को भी वहीं बुलाया है। आंकाक्षा दो भाई बहनो में बड़ी है। अपहरणकर्ता राम रतन विश्वकर्मा उसकी मां पूनम का फुफेरा भाई है।

## संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार



**सादात।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की देरात करीब ढाई बजे एक अभियुक्त को एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। ससना नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार निवासी अभियुक्त का शुक्रवार को चालान भेजते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल निर्देशन/पर्यवेक्षण में सादात एसओ शैलेष कुमार मिश्रा की टीम द्वारा आदित्य उर्फ बिट्टू पुत्र लालू राम निवासी ग्राम कटघरा थाना शादियाबाद को ससना नहर पुलिया वहद ग्राम ससना बफासला 03 किमी पूरब से एक अदद नाजायज देशी तमंचा व जिन्दा कारतूस साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार दूबे, कांस्टेबल श्यामधर यादव, कांस्टेबल अविनाश कुमार, नीरज कुशवाहा शामिल रहे।

### हथियार से साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**कासिमाबाद।** पुलिस ने शेखनपुर लिंक रोड के पास शुक्रवार की सुबह एक अभियुक्त को एक तमंचा व कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9:45 बजे उप निरीक्षक अविनाश मणि तिवारी मय टीम के साथ शेखनपुर लिंक रोड के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे तभी एक संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिया जिसे रोकने पर भागने लगा पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ में श्रवण गिरी पुत्र स्व विजयभान गिरी निवासी ग्राम शेखनपुर कवल पट्टी थाना कासिमाबाद होना बताया। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को विभिन्न धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अविनाश मणि तिवारी ,कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे।

### भाड़े में नहीं हुई वृद्धि तो करेंगे हड़ताल



**नंदगंज।** नंदगंज रेलवे माल गोदाम रैंक प्वाइंट पर ट्रक मालिकों की बैठक शुक्रवार को काली मंदिर ईशोपुर पर हुई। इसमें माल भाड़े की बृद्धि को लेकर विचार-विमर्श किया गया और पुराने माल भाड़े में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी करने का प्रस्ताव सर्वसम्मत पास से किया गया। यदि व्यापारी वर्ग ऐसा नहीं करते है तो हम सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर जाने को विवश है। बैठक में शिवप्रसाद सिंह ने कहा कि तेल के दाम बढ़ने व भाड़ा कम मिलने से ट्रक मालिकों को आर्थिक क्षति हो रही है। इसलिये ट्रक भाड़ा में वृद्धि करना जरुरी हो गया है। बैठक में उपस्थित ट्रक मालिकों ने पुराने भाड़ा में 15 फीसदी भाड़ा वृद्धि को जरूरी बताते हुए कहा कि इसके सिवाय कोई चारा नहीं है। उन्होंनें अन्य पारित प्रस्ताव में व्यापारियों से कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टरों का इस्तेमाल माल ढुलाई के कार्यों में न कराने, मालभाड़ा का भुगतान 5 दिनों के अंदर करने तथा ट्रकों में मानक के अनुरूप लोडिंग कराने की माँग की गयी। बैठक में चंद्रशेखर गुप्ता, अशोक यादव, बृजेश विश्वकर्मा, प्रवीण सिंह, संदीप ओझा, बेचू यादव, अजीत यादव, सुनील यादव, चन्दन, राहुल यादव तथा रमाशंकर राम आदि ट्रक मालिक उपस्थित रहें। बैठक की अध्यक्षता शिवप्रसाद सिंह तथा संचालन अजीत यादव ने किया।

### महिलाओं में नई चेतना का विकास



**सादात।** स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया गया। उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीसी सखी, समूह की महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसी भी तरह की हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील की गई। कार्यक्रम में कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, बाल सेवा योजना के बारे में तथा हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए समस्त हेल्पलाइन नंबर व सखी वन स्टॉप सेंटर के विषय में बताया गया। खण्ड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत महिलाओं में नई चेतना का विकास करना है, जिससे उनको लिंग आधारित हिंसा, भेदभाव से सुरक्षित रखा जाए। अभियान के माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा से जुड़े पहलुओं, महिला हिंसा की रोकथाम, सुरक्षा महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक मिशन प्रबन्धक संतोष कुमार, देवव्रत यादव, अनुरंजन सिंह, जगमोहन राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### 26 को छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि

**गाजीपुर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 में पिछड़ी जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति/प्रवेश शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 26 दिसम्बर निर्धारित है, एवं विद्यालयों द्वारा इनके भरे गये आवेदन पत्रों को मिलान/परीक्षण करते हुए 02 जनवरी, 2023 तक पात्र छात्रों के आवेदन पत्र अग्रसारित किये जायेगें। उन्होंने उक्त सम्बन्धित जनपद समस्त दशमोत्तर शिक्षण संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिन पात्र छात्र-छात्राओं द्वारा अभी तक छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन नहीं भरे गये है।

# क्रिसमस की तैयारियों के लिए सजे बाजार, उपहारों की बहार

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** क्रिसमस को लेकर केवल लोगों में ही नहीं बल्कि बाजार में भी काफी उत्साह है। इसे लेकर व्यापारी जोर-शोर से तैयारी में जुट गए हैं। क्रिसमस ट्री, घर और खाने-पीने के सामान की तैयारी अभी से होनी शुरू हो गई है।

व्यापारियों का कहना है कि आमतौर पर हर वर्ष मध्य दिसंबर से बाजार सजा दिया जाता है। क्रिसमस में सांता क्लॉज को शुभ और मनोकामना की पूरा करना वाला माना गया है। बच्चे हों या बूढ़े, सभी चाहते हैं कि उनके घर सांता क्लॉज आएं। ऐसे में बाजार में सांता क्लॉज की फोटो छपी चीजों की मांग काफी बढ़ गई है। गिफ्ट कार्ड, कॉफी मग के अलावा अब मोबाइल कवर, रिंग बेल, पर्स में सांता क्लॉज छाए हुए हैं। क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए झालरें सेंटा की पोशाकें दुकानों पर मिल रही हैं। ऐसे में दुकानों पर खरीदारों का पहुंचना शुरू हो गया है। उधर, साफ-सफाई के साथ ही गिरजाघरों को भी सजाया जा रहा है। शहर के महुआबाग, मिश्रबाजार, लाल दरवाजा आदि जगह पर बाजार पूरी तरह सज गए हैं।

क्रिसमस के स्वागत की तैयारियां पूरे उत्साह से चल रही हैं। कुछ घंटे शेष रह जाने की वजह से बाजार क्रिसमस के रंग में रंगने लगा है। क्रिसमस सभी धर्मों के लोग पूरे उत्साह से मनाते हैं। इस त्योहार पर लोगों में आपस में मिलजुल कर प्यार बांटते हैं। सिंचाई चौराहा स्थित चर्च में साफ- सफाई की जा रही है। यहां क्रिसमस की विशेष प्रार्थना होगी। ईसाई धर्म के अनुयाइयों का कहना है कि प्रभु यीशु ने मानवता का संदेश दिया। उन्होंने नफरत के बदले भी प्रेम करना सिखाया। क्रिसमस के दिन हमें भी सभी से गिले-शिकवे दूर कर देने चाहिए। पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। दीन-दुखियों की सेवा करनी चाहिए।

# किसानों के विकास के लिए प्लेटफार्म साबित होगा एफपीओ : जिलाधिकारी

**बैठक**

**विकास भवन सभागार में डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपंन**


विकास भवन सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कृषि उत्पाद दूसरे देशों को निर्यात होंगे इस उद्देश्य से जनपद में चार दिन की प्रस्तावित कार्यशाला की तीसरी कार्यशाला एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना-पीएम एफपीओ सूक्ष्य इकाइयों के उन्नयन स्थापना हेतु सूक्ष्य इकाईयों को रू. 10 लाख तक अनुदान एवं एस एच जी/एफ.पी.ओ/सहकारी संस्थाओं को 35 प्रतिशत कर अनुदान के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न की।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबोधित कहा कि जनपद कृषि प्रधान जिला है जहां एफ.पी.ओ को बनाए जाए जो किसानों के विकास के लिए प्लेटफार्म साबित होगा। अभी तक जनपद में 5 एफपीओ ही पंजीकृत है सभी एफपीओ पंजीकृत कराए जिसकी फीस मात्र 6500 रुपये है । गुणवत्तापूर्ण उत्पाद का उत्पादन करें, अपने एफ पी. ओ की समस्त अभिलेख दुरुस्त रखें ताकि किसी स्तर पर असुविधा ना हो। जिसमें एफपीओ के उन्मयन हेतु समन्वित प्रयास पर जोर दिया गया। कार्यशाला में जनपद के कुल 64 एफपीओ में से 61 एफपीओ जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हैं सम्मिलित हुए। कृषि और प्रसंस्कृत खाद उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) से आनंद ने बताया कि जनपद के मात्र पांच एपीओ ही पंजीकृत है सभी के पंजीकृत होने की आवश्यकता है। एफपीओ से किसी भी देश को सीधे निर्यात कर सकते हैं एफपीओ स्वयं में एक कंपनी है जिसको यह अधिकार प्राप्त है। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में कृषि क्षेत्र में अपार संभवनाएं हैं। एपीडा हर संभव प्रयास करेगा कि जनपद से उत्पाद बाहर भेजे जाए जहां अच्छा दाम प्राप्त हो सके एपीडा क्रेता विक्रेता की बैठक भी कराती है और किसानों को सीधे बायर से जोड़ती है। उन्होंने यह भी बताया कि निर्यात होने वाले उत्पाद में 47 प्रतिशत कृषि उत्पाद ही होता है।

### सावधान : रात में सक्रिय हो सकते हैं चोर

**गाजीपुर।** मौसम बदल गया है। अब हर रात सर्द और कोहरे भरी होगी। ऐसे में सर्दी से बचने के लिए घर में गरम कपड़ों में कैद होकर आराम से सोने के साथ-साथ बाहर की गतिविधियों के प्रति सावधान रहने की भी जरूरत है। वजह है, इस मौसम में चोर और लुटेरे अधिक सक्रिय होते हैं। ऐसे में पुलिस पर जैसा बनेगा, अपना काम करेगी। हमें भी सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। कहने को तो चोरी, छिनैती और लूट जैसे अपराध वर्ष भर कम-ज्यादा होते रहते हैं। मगर जरायम पेशेवर और पुलिस रिकार्ड मानता है कि सर्द और कोहरे वाली रात चोर लुटेरों के लिए ज्यादा मुफीद रहती हैं। दिन में चोर ऐसे मकानों की रैकी करते हैं, जहां आसानी से प्रवेश हो सकें। घर में सदस्यों की संख्या कम है और आसानी से माल लेकर निकल सकें। इसी तरह देहात में उन मकानों पर बदमाश रैकी करते हैं, जहां से आसानी से पशुओं को चोरी कर निकला जा सके। लूट के मामले में भी इसी तरह की रैकी की जाती है, जहां अंधेरी और सुनसान रास्तों पर देर रात किसी हर दिन आने जाने वाले से लूट हो सके। कुल मिलाकर इस मौसम को अपराधी अपराध कर आसानी से भागने के लिए मुफीद मानते हैं। इसके पीछे एक वजह यह भी है कि रात में लोग घरों में सोते हैं और बहुत जल्दी जगते भी नहीं है।

# निकाय चुनाव की तैयारी, बदमाशों का पुराना रिकार्ड खंगाल रही पुलिस

**निकाय चुनाव**

**एसपी के निर्देश पर शुरू किया गया अभियान**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** इस बार निकाय चुनाव में पुलिस कोई कमी छोड़ना नहीं चाहती है। यही वजह है कि चुनाव से पहले पुलिस ने जिले से लापता अपराधियों और हिस्ट्रीशीटर की तलाश शुरू कर दी है। उनका सत्यापन कराया जा रहा है। इसके लिए पुलिस पिछले दस साल का रिकॉर्ड खंगाल रही है। इसके अलावा चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वाले लोगों की भी पहचान की जा रही है। चुनाव से पहले सभी को नजरबंद किया जाएगा।

निकाय चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही पुलिस सतर्क हो गई है। एक तरफ जहां पुलिस असामाजिक तत्वों की कुंडली खंगाली जा रही है। वही एसपी के निर्देश पर जनपद के लापता लुटेरे-डकैतों की तलाश शुरू कर दी है, ताकि मतदान से पहले उन पर शिकंजा कसा जा सके। जिले में तीन नगर पालिका परिषद गाजीपुर, मुहम्मदाबाद, जमानियां और दिलदारनगर, बहादुरगंज, जंगीपुर, सादात, सैदपुर नगर पंचायत हैं। निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराना पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है।

### बड़े अपराधियों को जेल भेजने की तैयारी

पिछले तीन निकाय चुनावों के दौरान हुए विवादों का पुलिस रिकार्ड खंगाल रही है। चेयरमैन व सभासद पद के प्रत्याशी और उनके समर्थक कौन-कौन रहे। किसके बीच लड़ाई, झगड़ा हुआ। पुलिस ने क्या कार्रवाई की। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है। ऐसे बड़े अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। जबकि छोटे-छोटे विवादों में शामिल रहे असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निकाय से जुड़े टैक्स के बकाएदार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे

नगर निकाय चुनाव की तैयारियां गति पकड़ने लगी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव संबंधी दिशा-निर्देश भी जारी होने लगे हैं। जिसके अनुसार नगर निकाय से जुड़े टैक्स के बकाएदार चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

# असहायों की मदद के लिए सभासदों ने सौंपा पत्रक

**जमानियाँ ।** कड़ाके की ठंड में असहाय लोगों को कंबल प्रदान करने हेतु स्थानीय नगर पालिका परिषद के सभासदों का प्रतिनिधि मण्डल कंबल वितरण की मांग को लेकर नपा अध्यक्ष एहसान रुमान को पत्रक सौंपा। सभासदों ने मांग किया कि कड़ाके के ठंड में असहाय जन काफी परेशान रहते है। ऐसे कमजोर लोगों को कम्बल का वितरण करना जनहित में नितान्त आवश्यक है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोग तथा निराश्रित जन ठंड के मौसम में काफी परेशान हो जाते है तथा जन प्रतिनिधि के तरफ कातर दृष्टि से देखते है। ऐसे में कम्बल प्रदान कर उन्हे ठंड से बचाना अति आवश्यक है। उक्त मौके पर सभासद प्रमोद यादव, पंकज निगम, इन्दू देवी, सुरेन्द्र चौधरी, विकास जायसवाल, लक्ष्मण राज, वृजेश सिंह यादव, प्रीति जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# केंद्र प्रभारी अभिलेखों का नहीं दे पाए लेखा-जोखा

**निरीक्षण**

**धान क्रय केंद्र पर धमके एसडीएम कमियों पर लगाई फटकार**



**सेवराई।** उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद व उप विपणन अधिकारी दिलदारनगर रितेश कुमार सिंह द्वारा तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक अंतर्गत धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उपजिलाधिकारी के अचानक धान क्रय केंद्रों पर पहुंचने के बाद केंद्र प्रभारियों के हाथ-पांव फूलने लगे। सबसे पहले उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद व उपविपणन अधिकारी रितेश कुमार सिंह पचौरी स्थित धान क्रय केंद्र पर पहुंचे जहां किसानों की धान का तौल किया जा रहा था। एसडीएम द्वारा धान क्रय केंद्र प्रभारी संतोष कुमार सिंह से खरीदे गए धान के अभिलेख मांगने पर नहीं दिखा पाए वही किसी भी सवाल का जवाब भी देने में असमर्थ दिखे, जिस पर एसडीएम द्वारा नाराजगी जताते हुए क्रय केंद्र पर खरीदारी में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद देवल साधन सहकारी समिति पर स्थित धान क्रय केंद्र पर पहुंचे जहां किसानों के धान का तौल किया जा रहा था। खरीदे गए धान डंप पड़ा हुआ था , जिसे तत्काल डिलीवरी कराए जाने का निर्देश दिया गया। देवल स्थित दूसरे धान क्रय केंद्र पर पहुंचे तो वहां भी किसानों का धान तौल किया जा रहा था लेकिन गोदाम के नाम पर खुले आसमान के नीचे धान रखे गए थे। इसे तत्काल प्लास्टिक मंगा कर धान के बोरी को ढकने का निर्देश दिया गया। एसडीएम राजेश प्रसाद द्वारा क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि 48 घंटे के अंदर किसानों के क्रय किए गए धान का भुगतान करा दिया जाए ।

# पीडब्ल्यूडी में सड़क निर्माण में करोड़ों का घोटाला!

जनसंदेश न्यूज

**कार्रवाई**

**जांच कमेटी द्वारा वित्तीय अनियमिता में दोषी पाये गये अधिकारियों एवं अवर अभियंताओं को तत्काल निलम्बित करने की मांग**

**गाजीपुर।** पीडब्ल्यूडी विभाग पर बिना सड़क निर्माण किए करोड़ो की सरकारी धनराशि में घोटाला का आरोप लगा है। विभागीय जांच के बाद कार्रवाई को लेकर आरोप पत्र भेजने में अधिकारी द्वारा हिलाहवाली का भी आरोप लगा है। यह आरोप कासिमाबाद तहसील के सलामतपुर गांव निवासी गौरव सिंह शक्ति ने लगाया है।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को लिखित शिकायत सौंप कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जिले में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दर्जनों सड़क की बिना निर्माण कराए धनराशि उतारा गया था। जिसकी शिकायत प्रमुख अभियंता से की गई थी। मुख्य अधियंता के आदेश पर 22 जुलाई 2022 को विभिन्न कार्यो की जांच को लेकर जांच टीम गठित की गई। जांच टीम लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता जौनपुर तथा मुख्य अभियंता वाराणसी ने वर्ष 2020-21 में प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग गाजीपुर के निमार्णाधीन कार्यो की गहनता से पड़ताल की। जिलाधिकारी से मांग किया कि अधीक्षण अभियंता जौनपुर की अध्यक्षता वाली जांच कमेटी द्वारा वित्तीय अनियमिता में दोषी पाये गये सभी अधिकारियों एवं अवर अभियन्ताओं को तत्काल निलम्बित किया जाय। वहीं सभी मार्गो की टीएसी जांच कराई जाय। जिससे पता चले कि उक्त सभी मार्गो पर कोई कार्य हुआ है, पैसा उतार लिया गया है।

**दोषी अधिकारियों को बचाने की कोशिश:** डीएम से शिकायतकर्ता ने बताया कि अधीक्षण अभियंता जौनपुर की अध्यक्षता में जांच कमेटी ने अनियमितता करने वाले दोषी अधिकारियों एवं अवर अभियंताओं का नाम सिद्ध होने एवं अधिशासी अभियंता से आरोप पत्र बनाने को आदेश दिया। लेकिन अधिशासी अभियंता द्वारा प्रकरण में लीपापोती की जा रही है। गौरव सिंह ने आरोप लगाया कि अवर अभियंताओं से निज हित लाभ के चक्कर में इनका आरोप पत्र नही दिया जा रहा हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से इस विभाग और सरकार की भी छवि धूमिल हो रही हैं।

### जांच टीम ने सड़कों में पाई अनियमितता

जांच टीम ने शिकायतकर्ता के आधार पर सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितता की बात कहीं। जिसमें करीब दस सड़क मार्ग पाया गया है।

1-ग्रामसभा जद्धताड़ा पिच रोड स्व. हवलदार राम के मकान से राजभर बस्ती तक सम्पर्क मार्ग ।

2-मनिहारी जखनियाँ फद्दोपुर मार्ग से (मंझनपुर होते हुये) चौजा खास सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत।

3- बुढ़नपुर दीदारगंज मेहनाजपुर औड़िहार सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य ।

4- ब्लाक मुख्यालय मनिहारी को दो लेन से जोड़ने हेतु गाजीपुर शादियाबाद बहरियाबाद के किमी0-18 से 24 तक अन्य जिला मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य ।

5- जखनियाँ रायपुर मार्ग पर स्थित सत्यनारायन सिंह इण्टर कालेज झोटना के बगल से बोगना प्राइमरी स्कूल होते हुए राजापुर सरहद तक निर्माण कार्य ।

6-गाजीपुर बुजुर्गा नसीरपुर मार्ग मनिहारी जखनियाँ मार्ग ।

7- सेमउर होते हुये कनुवान मौनी बाबा धाम तक सम्पर्क मार्ग ।

8- शारदा प्राथमिक विद्यालय से अनुसूचित बस्ती होते हुये जखनियाँ मार्ग तक ।

9-देवकली पम्प के कैनाल से आदित्य के मशीन होते हुये ब्लौरी तक सम्पर्क मार्ग ।

10- मरदह जलालाबाद मार्ग के किमी0 14 से देवरी चौहान बस्ती सम्पर्क मार्ग।

> अधिशासी अभियंता एसपी बौद्ध ने बताया कि अधीक्षण अभियंता जौनपुर द्वारा जांच के बाद जिले से अब तक कोई पत्र नहीं आया है। विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश के क्रम में पालन होगा।

### 31 जनवरी तक विनियमन शुल्क कराएं जमा

**गाजीपुर।** विशेष सचिव उप्र शासन भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ के आदेश 20 दिसम्बर, 2022 द्वारा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 69 में प्रदत्त अधिकारों के अधीन ईंट भट्ठा सत्र 2022-23 के लिए एनसीआर के जनपदों को छोड़कर अन्य जनपदों के लिए ब्याज रहित विनियमन शुल्क जमान की तिथि 30 नवम्बर के स्थान पर 31 जनवरी तथा एनसीआर के जनपदों के लिए ब्याज रहित विनियमन शुल्क जमा करने की तिथि 31 मार्च एतद्वारा निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया है।

### प्राथमिक विद्यालय में हैंडपंप खराब

**जखनिया।** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मुढ़ियारी में बच्चों के पानी-पीने की विकट समस्या है। दो इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हुए हैं लेकिन दोनों खराब है। समरसेबल चलता है लेकिन समय पर बिजली ना होने की वजह से बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल पाता। विद्यालय परिसर में पेशाबघर नहीं है। अब तक विद्यालय का टायलीकरण नहीं हुआ है। इस बारे में प्रधानाध्यापक दीपचंद चौहान ने बीडीओ से तत्काल कायाकल्प के तहत विद्यालय की समस्याओं के समाधान की मांग की है।

# किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को किया याद


विकास भवन परिसर में राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता।


कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर में पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह के जयंती पर उपस्थित किसान।

जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

**पूर्व पीएम के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प**

गाजीपुर। कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के उपलब्ध में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हरेंद्र यादव भूतपूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह के द्वारा किसानों के लिये किए गए कार्यों के लिये उन्हें याद किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर.सी. वर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री के पुरे जीवन किसानों के लिये किए गये संघर्ष एवं महत्वपूर्ण कार्यो के लिये याद किया ।

सम्मानित होने वाले किसानों ने रंग बहादुर सिंह, अमित राय, अवनीश कुमार राय, वृषकेतू सिंह, सौरभ राय, जितेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह सम्मानित किया गया। अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर कमला गिरी, डॉक्टर जेपी सिंह, डॉ एके सिंह, डॉ. नरेन्द्र प्रताप, डॉ. शशांक सिंह डॉ. शंशाक शेखर डॉ. अविनाश राय आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित स्व. चौधरी चरण सिंह की 120 वी जंयती मनाई गई। कार्यक्रम में रमाशंकर यादव, सूर्यनाथ यादव, जितेन्द्र राय, केशरी यादव, चंद्र पांडेय, अमित, हरिनरायन, बलिराम, लालजी आदि मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# राकेश श्रीमाल का जाना

जब किसी व्यक्ति से आपका सघन आत्मीय रिश्ता हो और उनकी रचनात्मकता और हुनर के आप एक अरसे से प्रशंसक रहे हों,तब उसका तटस्थ और निरपेक्ष मूल्यांकन सहज नहीं होता।राकेश श्रीमाल नामधारी व्यक्ति और उनकी कविताओं से मेरा परिचय एक साथ हुआ। सामान्य से ऊंचा कद,ढीला-ढाला वस्त्र विन्यास,तिरछी भंगिमा, हर एक और हर बात से तुरंत सहमत न होता हुआ दिल और दिमाग कुछ इसी तरह की तबियत से लबरेज राकेश श्रीमाल से मेरी पहली मुलाकात वर्धा में हुई।ग्वालियर, म प्र में लगभग 15 वर्ष की सरकारी सेवा के बाद अप्रैल 2007 में मैं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में एक और नौकरी करने पहुँचा था। इसी स्थानान्तरण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर राकेश श्रीमाल भी अपनी सारी कलात्मक खूबियों और रचनात्मकता के साथ वर्धा आ धमके थे।

सीकरी यानि दिल्ली से वर्धा स्थानांतरित सहयोगियों के लिए बैठने की व्यवस्था जाजूवाड़ी,वर्धा में किराए के भवन में की गई थी। जिसके एक कमरे में प्रकाशन विभाग का काम राकेश श्रीमाल संभालते थे।दिल्ली रहते हुए बहुवचन, हिंदी (जो अंग्रेजी में छपती थी) और पुस्तक वार्ता ने हिंदी समाज और साहित्य की दुनिया में अपनी अलहदा पहचान बना ली थी।वर्धा आते ही इन तीनों पत्रिकाओं का प्रकाशन एक निश्चित अंतराल के लिए स्थगित कर दिया गया।प्रकाशन विभाग को लेकर नई योजनाएं बननी शुरू हुईं जिनको लेकर राकेश श्रीमाल की अपनी असहमतियां थी,जिनके साथ उनकी अलग तरह की ऊभ-चूभ शुरू हुई।उनकी रचनात्मकता के लिए स्पेस लगातार कम होता गया।उनका भरसक प्रयास रहता कि विश्वविद्यालय के कामों को एक रचनात्मक स्वरूप मिले, पर पूर्व कुलपति से उनकी नजदीकियां आड़े आ जाती और बात फिर - फिर बिगड़ जाती और फिर इंदौर, गुना, भोपाल, बम्बई और दिल्ली में किये गए अनेक रचनात्मक कार्यों की स्मृतियों में वे डूब जाते।रस रंजनी राकेश श्रीमाल की स्मृतियों की इस यात्रा का सहयात्री जब-जब मैं बनता तो उनके व्यक्तिव की बनावट और बुनावट की



कई परतें खुलतीं।उनका जीवन संघर्ष, शहर-दर-शहर की यायावरी और काम करने के अनेक अवसर,रंगमंच, संगीत,साहित्य और फिल्मों की बारीक जानकारियां हासिल होतीं।

राकेश श्रीमाल का बचपन और विद्यार्थी जीवन सामान्य से कुछ भिन्न रहा।इस बात की तस्दीक इंदौर और गुना के उनके आरम्भिक दोस्तों ने अपने संस्मरणों में की है।उनके गहरे यार और हिंदी के वरिष्ठ कवियों में से एक कुमार अम्बुज ने एक संस्मरण में इन बातों का जिक्र किया है,जो राकेश श्रीमाल के कबीरपना की एक बानगी है।उन्होंने परिवार की घोर असहमति के बावजूद प्रेम विवाह करके अपने दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की।महज 25 वर्ष की उम्र में भोपाल आकर कलावार्ता की संपादकीय संभाली।लगभग तीन साल तक कलावार्ता के बेहतरीन अंक निकाले। भारत भवन के अनेक साहित्यिक और सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी केंद्रीय भूमिका रही।अपनी हुनरमंदी का अधिकतम भोपाल को सौंप वे मुम्बई आ गए।आरंभिक समय कुछ कठिनाई में बीता पर प्रतिभा ने वहां भी गुल खिलाये। छोटे से अखबार निर्भय पथिक का दीपावली विशेषांक निकाल कर लगभग खलबली मचा दी।उसके बाद राहुल देव से प्रगाढ़ता,पृथ्वी थियेटर के नाट्य उत्सव की कलात्मक रिपोर्टिंग करते हुए अंततः जनसत्ता के रविवारीय पत्रिका 'सबरंग' में दस वर्षों तक अनेक रंग भरे और फिर दिल्ली की ओर रुख किया।


देश की आर्थिक राजधानी से राजनीति की राजधानी पहुँचे राकेश श्रीमाल ने सबसे पहले 'क' नाम की पत्रिका निकाली।श्वेत-श्याम कलेवर में निकली इस पत्रिका ने लोगों का पर्याप्त ध्यान खींचा। इसी दौरान हिंदी विश्वविद्यालय की पत्रिका पुस्तक वार्ता के संपादक के रूप में काम करना आरम्भ किया। साहित्य से वास्ता रखने वाले प्रत्येक सुधीजन के लिए पुस्तक वार्ता एक अनिवार्य पत्रिका साबित हुई। राकेश श्रीमाल द्वारा संपादित इसके अंक आज भी किसी भी संपादक के लिए रचनात्मक चुनौती के रूप में मौजूद हैं।इसी पत्रिका के अनेक स्तम्भों में से एक 'पुस्तक और मैं' बेहद चर्चित रहा,जिसे उन्होंने बाद में पुस्तक रूप में संपादित किया।हिंदी विश्वविद्यालय के सफदरजंग स्थित कार्यालय में जब तक उनकी उपस्थिति रही उन्होंने प्रकाशन विभाग से अनेक मानीखेज पुस्तकों के प्रकाशन में सहयोग किया।कार्यशालाएं आयोजित की।कला और संगीत की दुनिया के नायाब सितारों से हिंदी जगत का परिचय कराया।

हिंदी विश्वविद्यालय के इलाहाबाद केंद्र की स्थापना से लेकर सन 2018 में वहां से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के लिए मेरे कार्यमुक्त होने तक अनेक अवसर आये जब उनके सहयोग की मुझे जरूरत महसूस हुई और उन्होंने कभी निराश नहीं किया।इसी दौरान उनका स्थानांतरण देश के एक और महानगर कहे जाने वाले शहर कोलकाता हो गया।वहां पहुँचकर उन्होंने अलग ढंग से अपने को व्यवस्थित और काम करना शुरू किया।इस बीच राकेश श्रीमाल ने वर्धा स्थित संग्रहालय को नए सिरे से संयोजित किया तथा उसमें संग्रहित कालजयी सामग्री को हिंदी पाठकों के सामने लाने का प्रयास किया।कलकत्ता में अनेक प्रशासनिक दुरभिसन्धियों से अपने को बचाते हुए 'ताना-बाना' पत्रिका निकाली।जिसके कुल तीन अंक निकल पाए,ये तीनों अंक अपनी कलात्मक आभा और कंटेंट में प्रभावशाली थे। कोरोना की विभीषिका के बीच एक कलाकार की स्थिति को गहरे तक महसूस करते हुए उन्होंने कलाकारों के हाथों में कूची की जगह कलम थमा दी।कलाकारों की इस एकांत यात्रा के अद्भुत और त्रासद किस्से हमारी स्मृतियों में दर्ज हो गए थे।ऐसा काम था जिसकी तरफ सिर्फ राकेश श्रीमाल का ध्यान गया और हमने दुनिया के तमाम कलाकारों की जिंदगी को नजदीक से जाना और महसूस किया।कलकत्ता रहते हुए पिछले चार साल में उन्होंने सात किताबें संपादित की।अनेक नए स्तम्भ शुरू किए।अनेक लोगों के रचनात्मक कार्यों को सराहा और सामने लाये। 'मिट्टी की तरह मिट्टी', 'कलावार्ता'और 'कोरोना काल में चित्रकार' कोरोना काल में संपादित उनकी नायाब पुस्तकें हैं।ये किताबें कला की दुनिया की ऐसी खिड़की खोलती हैं,जहां वैविध्य है,बहुलता का आत्मीय रंग है।सत्ता प्रतिष्ठानों से सवाल हैं।कहने का ढंग मुकम्मल,अनूठा और विशिष्ट है।कला की दुनिया को जानने के लिए तीनों पुस्तकें टेक्स्ट बुक की तरह पढ़े जाने की मांग करती हैं।

हिंदुस्तान के साहित्य, कला, संस्कृति के साथ समाज ,राजनीति और आर्थिकी के केंद्र कहे जाने वाले आठ शहरों के बाशिंदे राकेश श्रीमाल के अनेक रूप हैं।किसी एक को थामिए तो दूसरा किनारा कर लेता है।रचनात्मकता की हरी-भरी दुनिया में बसने वाले राकेश दरअसल निरा मनुष्य थे।उनके सारे रूप इस मनुष्य रूप से छोटे हैं।सर्वप्रथम वे प्रेमी थे।प्रेम उनका स्थाई भाव था।उनकी प्रेम कविताएँ इस बात का विश्वास दिलाती हैं।इसका अनुभव उनके कविता संग्रह 'अन्य', 'कोई आया है शायद' और 'नोनी के लिए कविताएँ' पढ़कर किया जा सकता है।'नोनी' उनकी बेटी का नाम है। उनकी पत्नी अनुराधा जी को मैं सौ सलाम भेजता हूँ जिन्होंने अपने जीवन के प्रति बेहद लापरवाह और अराजक राकेश श्रीमाल की रचनात्मकता को अनेक विपरीत परिस्थितियों में भी बचाये रखा।अपनी पत्नी अनुराधा जी और हुनरमंद बेटी 'नोनी' को दिलोजान से प्रेम करने वाले राकेश श्रीमाल आपको और प्रेम की दुनिया के तमाम रहवासियों को उतनी ही शिद्दत से प्रेम करने के कायल थे।

राकेश श्रीमाल गत वर्ष 31 दिसंबर 2021 को जड़ होती जा रही अकादमिक दुनिया से अपने जीवन के साठ बसंत पूरे कर मुक्त हुए थे।पिछले वर्ष उनके नौकरी से मुक्ति दिवस पर उनको प्यार करने वाले हम सब दोस्तों ने उनकी चमत्कृत कर देने वाली योजनाओं और भरपूर रचनात्मकता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की थीं।आज उन्होंने हम सब को अलविदा कह दिया।बस इतना ही कह सकता हूँ अपने प्यारे दोस्त के लिये....

जिनके किरदार से आती हो सदाकत की महक,
उनकी तदरीस से पत्थर भी पिघल सकते हैं।



**संतोष भदौरिया**
**लेखक इलाहाबाद विवि के हिंदी विभाग में प्रोफेसर हैं, संपर्क 80049 26360**

# शन्नो खुराना : 95 वर्ष की संगीत साधिका

## जन्मदिन पर विशेष



राजेन्द्र शर्मा

पदमश्री, पदमविभूषण सहित अन्य ढेर सारे पुरुस्कारों और सम्मानित विदुषी शन्नो खुराना वर्तमान में देश की सबसे वरिष्ठतम शास्त्रीय गायिका है। संगीत को समर्थित विदुषी शन्नो खुराना आज 95 की उम्र में भी वे बिना नागा रियाज करती है और कहती है कि अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है । रामपुर सहसवान घराने की विदुषी डा0 शन्नो खुराना की गणना उन बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न कलाकारों में होती है जो विगत 77 वर्षो से अपने सुरीले गायन द्वारा संगीत रसिकों को रस विभोर करने के साथ साथ अपनी सांगतिक सामाजिक जिम्मेदारियों का भी सफल निर्वाह कर रही है । संगीत उनका ओढना बिछौना है, संगीत उनकी आत्मा है, संगीत उनका जीवन है ।

विदुषी शन्नो खुराना का जन्म 23 दिसंबर 1927 को वर्तमान राजस्थान में जोधपुर रियासत में तैनात रेलवे इंजीनियर चमन लाल कुमार और माता जमुना बाई के घर आंगन में हुआ । पांच बहनों और तीन भाइयों में से एक शन्नो खुराना का शुरू में नाम राज कुमारी रखा गया किन्तु जालंधर की एक महिला के नाम पर उसका नाम शन्नो रखा गया, जो एक अच्छे काम के लिए धन जुटाने के जोधपुर आई थी। जब शन्नो लगभग 4 वर्ष की थी, तब उनकी माँ की एक रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

बालिका शन्नो को संगीत से शुरू से लगाव था । वह रेडियो पर रोशन आरा बेगम, हीराबाई बडोडेकर और नारायणराव व्यास की जादुई आवाजें ध्यान से सुनती और उन्हें गाने की कोशिश करती,आवाज भी सुरीली थी ।एक बार एक सन्यासी उनके घर आये और उनके पिता से कहा कि तुम्हारी यह बेटी मंच पर जायेंगी । सन्यासी की बात सुनकर बालिका शन्नो संगीत के प्रति जुनूनी हो गयी परन्तु उस समय महिला गायिकाएँ राजा के महल में दरबारियों के साथ व्यापक रूप से जुड़ी हुई थीं और इस पर बड़े समाज का ध्यान था। इस प्रकार, शन्नो और उसकी बहनों को भी कभी भी राजा के महल में जाने की अनुमति नहीं थी। विखंडित भारत के पंजाब राज्य में उस समय महिला संगीतकारों को समाज में दूसरी महिला के रूप में देखा जाता था । ऐसी परिस्थिति में उनके पिता नहीं चाहते थे कि वह संगीत की शिक्षा प्राप्त कर पेशेवर रूप से गायन करे । बालिका शन्नो जब आठ साल की थी, ग्वालियर के दिग्गज गवैये राजा भैया पुछवाले के भान्जे भतीजे पंडित रघुनाथ राव मुसलगांवकर उनके रिश्ते में बडे भाई को संगीत की तालीम देने उनके घर आने लगे। बालिका शन्नो छुप छुप कर उन्हें देखती और पिता से संगीत खिखाने की जिदद करती । कुछ साल बाद, शन्नो के पिता ने उसे भी पंडित रघुनाथ राव मुसलगांवकर से संगीत सीखने की अनुमति दे दी । बालिका शन्नो पंडित रघुनाथ राव मुसलगांवकर से संगीत सीखने लगी लेकिन समाज की गायिकाओं के प्रति सोच के तहत पेशेवर गायिका बनने की सोचने का भी सवाल नही था । अपने प्रथम गुरु को याद करते हुए विदुषी शन्नो खुराना बताती है कि उनके गुरु इतने सज्जन व्यक्ति थे कि वे अपनी आँखें भी नहीं उठाते ।

शन्नो खुराना जब 18 वर्ष की हुई तो उनका विवाह डॉ परमेश्वर लाल खुराना जो वायु सेना में एक चिकित्सक से हुआ । विवाह के बाद नवविवाहिता शन्नो खुराना लाहौर गयी तो अपने संगीत प्रेम के विषय में अपने पति को बताया ।पति डॉ परमेश्वर लाल खुराना सहृदय व्यक्ति थे । उन्होनें बिना किसी की परवाह किये अपनी पत्नी शन्नो खुराना के शौक को परवान चढने में पूरा सहयोग करने का मन बनाया । उस समय अविभाजित भारत था और आकाशवाणी के संगीत प्रभाग को जीवनलाल मट्टू द्वारा संचालित किया जाता था ।

महान अब्दुल वाहिद खान के छात्र जीवनलाल मट्टू में नई प्रतिभा को पहचाने की एक अदम्य वृत्ति थी । दो साल पहले ही उन्होंने एक युवा पंजाबी आवाज की खोज की थी जो मोहम्मद रफी की थी। वर्ष 1945 की शुरूआत में ही उन्होंनें शन्नो खुराना की प्रतिभा को एक प्रतियोगिता में भांप लिया था । उन्होंने शन्नो खुराना को आकाशवाणी पर गाने के लिए आमंत्रित करते हुए पूछा रेडियो पे गाओगी?

शन्नो खुराना की तो मुराद पूरी हो गयी जब वह पहली बार 1945 में लाहौर में ऑल इंडिया रेडियो के रिकॉर्डिंग स्टूडियो में गयी । शन्नो खुराना को आज 77 साल बाद भी अपने पहले रेडियो प्रसारण में राग मुल्तानी में गाया गाना याद है। वह बताती है कि रिकॉर्डिंग स्टूडियो में उनकी प्रस्तुति के बाद मिले पच्चीस रुपये से वह आहलादित थी और उल्लास के बादल में स्टूडियो से बाहर निकल रही थी तभी जीवनलाल मट्टू ने उन्हें रोक कर पूछा, अच्छा बेटा, तोड़ी के और मुल्तानी के ऋषभ गंधार में क्या फरक है? क्या वह दो हिंदुस्तानी शास्त्रीय रागों, तोडी और मुल्तानी के दूसरे नोट के बीच का अंतर जानती है। इन सवालों से शन्नो खुराना का उत्साह काफूर हो गया । उन्हें तोडी और मुल्तानी के बीच का अंतर नही पता था परन्तु जीवट शन्नो खुराना निराश नही हुई। उन्होनें उसी समय संकल्प लिया कि वह शास्त्रीय संगीत की बारीकियों का गहन अध्ययन करेगी ।

1947 आते आते अविभाजित भारत की फिजाओं में हिन्दु मुस्लिम का जहर घुल चुका था । 1947 की शुरूआत में ही डॉ परमेश्वर लाल खुराना लाहौर से दिल्ली स्थानांतरित हो गए । डॉ परमेश्वर लाल खुराना ने वायु सेना में चिकित्सक की नौकरी छोड़ दिल्ली में निजी प्रैक्टिस शुरू की।

अपने परास्नातक के लिए खैरागढ़ विश्वविद्यालय गयी शन्नो खुराना ने परास्नातक के अलावा खैरागढ़ से संगीत में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की और खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट करने वाली पहली महिला बनीं।

तीन वर्ष तक संगीत की अकादमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद वापिस दिल्ली आने पर ठाकुर जयदेव सिंह के आग्रह पर रामपुर सहसवान घराने के उस्ताद मुश्ताक हुसैन खान शन्नो खुराना को संगीत की विधिवत तालीम देने के लिये तैयार हुए लेकिन उस्तादों को समझना इतना आसान होता तो सभी उस्ताद हो गये होते ।

देश की वरिष्ठतम शास्त्रीय गायिका शन्नो खुराना के लिए संगीत कभी पैसा कमाने का , नाम कमाने का ,पुरुस्कार ,सम्मान पाने का जरिया भर नही रहा । वह संगीत के गहरे समन्दर में उतर कर मोतियों को चुनने का काम करती रही । वह रामपुर सहसवान घराने की है किन्तु संगीत के दार्शनिक पक्ष को समझने के लिए इन्होंनें पदमभूषण ठाकुर जयदेव सिंह एवं शास्त्रीय पक्ष को समझने के लिए पदमभूषण श्रीकृष्ण नारायण रतनजंकर की शिष्यता ग्रहण की । विदुषी शन्नो खुराना विश्व विख्यात बहुमुखी गायिका तो है ही ,भाव -प्रवण सशक्त अभिनेत्री भी है । विदुषी शन्नो खुराना को तयशुदा रास्तों पर चलना कभी नही भाया । लीक से



हटकर काम करना उनका स्वभाव में है । शास्त्रीय गायिका होते हुए उन्होनें 1956 में निर्देशक शीला भाटिया की हीर रांझा के कलाकारों में शामिल होना स्वीकार किया गया । दिल्ली-रंगमंच के लिए एकदम अनजान चेहरे वाली इस 29 वर्षीय युवती ने उस समय अपनी दमदार आवाज और शुद्व उच्चारण,आखों में बेशकीमती चमक और भाव प्रवण अभिनय से दर्शकों को इतना चकित कर दिया गया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शो के बाद शन्नो खुराना को गले लगाकर कहा गजब कर दिया, लड़की ।

हीर रांझा में हीर की भूमिका अभिनीत कर शन्नो खुराना सेलीब्रेटी बन गयी थी । खुराना ने अपने कौशल को पूरी तरह से शास्त्रीय ओपेरा बनाने में लगाने का फैसला किया। उन्होंने सोहनी महिवाल पर काम करना शुरू किया, जो पंजाब की एक अन्य दुखांत प्रेम कहानी थी। उन्होंने ओपेरा में कम से कम 40 रागों को बुना लेकिन यह शास्त्रीय ओपेरा पश्चिमी ओपेरा की तरह नहीं था । शन्नो खुराना बताती है कि उन्होंने हर शब्द, यहां तक कि एक एक भाव संगीत की दृष्टि से सार्थक बनाया गया था। शन्नो खुराना ने 1960 और 70 के दशक के दौरान चार ऐतिहासिक शास्त्रीय संगीत ओपेरा - सोहनी महिवाल, जहांआरा, चित्रलेखा और सुंदरी बनाए ।सोहनी महिवाल एक बड़ी कामयाबी थी, इसे नेहरू और डॉ, सर्वपल्ली राधाकृष्णन से लेकर रंगमंच के दिग्गज इब्राहिम अल्काजी तक सभी ने देखा। नेहरू ने कहा, सोहिनी महिवाल देखने सीधा दून से आ रहा हूं।शन्नो खुराना के ओपेरा ने उस समय थिएटर के उभरते सितारों को भी आकर्षित किया। बी.वी. कारंथ, प्रेमा कारंत, रोशन अल्काजी और बी.एम. शाह उनके बाद के कार्यों में शामिल हुए। कलाकार सतीश गुजराल ने पोस्टर और उनकी पत्नी किरण गुजराल ने वेशभूषा डिजाइन की थी। इस ओपेरा में 60 राग आधारित गीत थे, और जहांआरा के जन्मदिन को चिन्हित करने वाले एपिसोड के लिए एक जगह बनाई गई थी। उदाहरण के तौर पर दिल मुस्तरीब है मैं क्या करूं/आंखें हैं बेखब मैं क्या करूं गीत जयजयवंती से शुरू होकर यमन तक जाता है और फिर शिवरंजनी, भैरवी और मधुवंती में कहानी आगे बढ़ती । नाटक इतना लोकप्रिय हुआ कि पूरे देश में उसकी मांग होने लगी। तीसरी प्रस्तुति चित्रलेखा भगवती चरण वर्मा द्वारा मौर्य काल में भौतिक और आध्यात्मिक के संघर्ष आधारित 1934 में लिखा गया उपन्यास का नाटय रुपान्तर था। खुराना ने 1974 में जब इस पर काम शुरू किया था, उससे पहले ही इस पर दो फिल्में बन चुकी थीं (यह मीना कुमारी अभिनीत और रोशन द्वारा इसी नाम से बनाई गई शानदार फिल्म के रिलीज होने के 11 साल बाद की बात है।) ओपेरा के नाट्य लेखक बाल सरूप राही थे - प्रतिभाशाली कारंथ इस बार भी टीम का हिस्सा थे। ओपरा इतना अच्छा रहा कि अश्रुपूर्ण वर्मा ने इसे अपने काम की सबसे अच्छी



व्याख्या कहा।



खुराना का अंतिम ओपेरा, सुंदरी 1979 में प्रदर्शित, हुआ। यह पंजाबी साहित्यकार भाई वीर सिंह के सिख वीरता पर 1896 में लिखे उपन्यास पर आधारित था। उस समय तक, खुराना को आभास हो गया था कि रंगमंच उनकी आवाज और गायन को समृद्ध कर रहा था। इस प्रस्तुति में भी उन्होनें नया प्रयोग किया। बचपन में जोधपुर में अपने घर में प्रसिद्ध लोक गायिका अल्लाह जिलई बाई की आवाज में जो पुकार सुनी थी, उसका प्रयोग किया ।

1968 में इन्होंने गीतिका नामक एक सांस्कृतिक संस्था का गठन करके संगीत और सगीतज्ञों से जुडे अनेक मुद्दों को विभिन्न मंचों से उठाया । इन्होनें भैरवी से सोहनी तक नामक कार्यक्रमों के माध्यम से संगीत की विभिन्न विधाओं को समर्थित युवतियों झ महिलाओं को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर अपनी कला साधना का परिचय देने का स्वर्णित अवसर प्रदान किया । इन कार्यक्रमों के माध्यम से शहनाई, हारमोनियम, सारंगी, तबला, सितार, पखावज ,घटम और मृदगम जैसी विधाओं में स्तरीय कार्य कर रही युवतियों -महिलाओं ने संगीत के क्षेत्र में अपनी अस्मिता सिद्व की है । इन कार्यक्रमों में मुख्य कलाकार भी महिलायें होती थी और संगत कलाकार भी महिलायें होती थी । विदुषी शन्नो खुराना ने दुर्लभ और लुप्त होते जा रहे रागों और उनकी रचनाओं की रिकाडिग संगीत नाटक अकादमी ( दिल्ली ) ,संगीत रिसर्च अकादमी (कोलकत्ता ) ,फोर्ड फाउडेंशन एवं यूनस्को ( पेरिस) के लिए कराई , साथ ही संगीत की नयी पीढी को भी प्रशिक्षित किया ।

केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी की रत्न सदस्यता( फैलोशिप) ,पंजाब संगीत नाटक अकादमी सम्मान, इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी सम्मान एवं गोल्डन नाइटेंगल ऑफ द ईस्ट(यूनस्को ) जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से विभूषित डा0 शन्नो खुराना को भारत सरकार ने पदमश्री व पदमविभूषण सम्मानों से नवाजा है । 95 की इस उम्र में पूरी तरह चुस्त दुरुस्त और संगीत की अनवरत साधना में व्यस्त शन्नो खुराना से बातें करना भी संगीत को सुनने जैसा ही आंनददायक ,हृदयस्पर्शी होता है और यह भाव बहुत प्रेरक हो जाता है जब वह कहती है कि अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है । चिदुषी शन्नो खुराना शतायु हो, यही कामना है।

**(लेखक राज्य कर अधिकारी हैं, संपर्क 9891062000)**

# डेंगू और चिकनगुनिया: बचाव ही सबसे अच्छा उपाय

## स्वास्थ्य



निरंकार सिंह

इस साल यूपी-दिल्ली-राजस्थान-पंजाब सहित कई राज्यों में डेंगू और चिकनगुनिया के रोगियों की अस्पतालों में भीड़ बढ़ी है। नेशनल सेंटर फॉर वैक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल के विशेषज्ञों की मानें तो पिछले कई सालों के मुकाबले इस बार मच्छरों की अच्छी खासी संख्या देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि शायद यही वजह है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं बल्कि देश के बाकी राज्यों में भी इस बार मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, चिकनगुनिया के अलावा मलेरिया के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई है। अक्टूबर 2022 तक ही देश में एक लाख 10 हजार से ज्यादा डेंगू के मामले आ चुके हैं, वहीं करीब इतने ही चिकनगुनिया के संदिग्ध केस भी पाए गए हैं।

आजकल प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी बहुत से लोग मच्छरों के डंक से फैलने वाली बीमारियों से पीड़ित है। हालांकि शुरूआत में यह बुखार वायरल फीवर की ही तरह होता है लेकिन कुछ ही दिनों के बाद इसके रोगी जोड़ों और मांशपेशियों में असहनीय पीड़ा होने लगती है। यहां तक कि उसे उठने-बैठने और कपड़े पहनने में भी भारी परेशानी होती है। डाक्टर भी शुरू में लक्षण के आधार पर रोगी का इलाज वायरल फीवर ही समझ कर करते हैं। जब उन्हें पता चलता है कि चिकनगुनिया या जीका का बुखार है तब तक रोगी बहुत कमजोर हो जाता है। इस बुखार के शिकार रोगी ठीक हो जाने के बाद भी कई महीने तक कमजोरी ग्रस्त पाये गये हैं। इस बीमारी के शिकार रहे यूएनआई से जुड़े पत्रकार जे.पी. त्यागी बताते हैं कि डेढ़ महीने के बाद भी वह शारीरिक कमजोरी से जूझ रहे हैं। उनका इलाज लखनऊ के सिविल अस्पताल में हुआ था। डेंगू, चिकनगुनिया, जीका और पीले बुखार की बीमारी कोई नई नहीं है। लेकिन नवम्बर और दिसम्बर में इसके रोगियों की संख्या बढ़ जाती है।

डेंगू, चिकनगुनिया, जीका और पीले बुखार के वायरस हमें तब तक कोई नुकसान नहीं पहुँचा सकते, जब तक कि वे किसी वेक्टर (मच्छर) के जरिए मानव शरीर में प्रवेश नहीं करते। इन सभी तरह की बीमारियों के मामलों में सामान्य तौर से दो मच्छर जिम्मेदार हैं, पहला एंडीज इंजिप्टी जिसे आमतौर पर येलो फीवर मच्छर के नाम से जाना जाता है और दूसरा एडीज अल्वोपिक्टस, जिसे एशियन टाइगर मच्छर के रूप में भी जाना जाता है। ये मनुष्यों की जानकारी में मच्छरों की लगभग 3,500 प्रजातियों में से महज दो है। इन मच्छरों का जीवन केवल 15 से लेकर 30 दिनों का होता है। इस दौरान मादा मच्छर अंडे देने के लिए इंसान के रक्त की तलाश में रहती है। इसी के चलते वह इंसान का खून चूसती है और उसके शरीर में वायरस छोड़ देती है। वैक्टर और वायरस एक साथ मिलकर ऐसी स्थितियां बनाते हैं, जिनसे बच निकलना इंसान के लिए नामुमकिन हो जाता है।

इसके अलावा एक अन्य कारण भी है, जिन्होंने मच्छरों का खतरा बढ़ाया है। उदाहरण के लिए प्रकाश प्रदूषण ने उनके काटने की आदत को ही बदल डाला है। आमतौर पर एडीज इंजिप्टी लोगों को दिन के समय यानि सुबह से लेकर दोपहर तक काटता है। अब कृत्रिम प्रकाश ने उसके भोजन करने की अवधि और बीमारी फैलाने की क्षमता में वृद्धि की है। नोटे डेम विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने 2020 में द अमेरिकन जर्नल ऑफ ट्रापिकल मेडिसिन एंड हाइजीन में बताया कि प्रकाश प्रदूषण का बढ़ता स्तर मच्छरों के संचरण को प्रभावित कर सकता है। जैविक विज्ञान विभाग के एक विभागीय वैज्ञानिक सैमुअल रूंड ने एक प्रयोग किया, जिसमें उन्होंने पिंजरे में बंद मच्छरों को नियंत्रित परिस्थितियों में दिन के दौरान, रात में या रात में कृत्रिम प्रकाश के सम्पर्क में अपनी बांहो को काटने दिया। उन्होंने पाया कि कृत्रिम प्रकाश के सम्पर्क में आने पर मादा मच्छरों के रात में काटने की आशंका दोगुनी होती है। जिन मच्छरों को प्रकाश नहीं मिला, उनमें से सिर्फ 29 प्रतिशत ने ही काटा जबकि जिन मच्छरों को प्रकाश मिला उनमें से 59 फीसदी ने रात में काटा।

एडीज इंजिप्टी ने उसे मारने के लिए बनाये गये कीटनाशक पर्मेथ्रिन के प्रति प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित कर ली है। 17 जून, 2021 को पीएलओएस जेनेटिक्स पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि कीटनाशक के प्रभाव में आकर मच्छरों के जीन में बदलाव हो जाता है। मिसाल के तौर पर मच्छरों के क्यूटिकल प्रोटीन को बनाने वाले जीन में बदलाव हो जाता है, जिससे उनकी ऊपरी सतह काफी मोटी हो जाती है और जिसके कारण उन पर कीटनाशकों का प्रभाव नहीं पड़ता।

उत्तर प्रदेश में कोरोना विषाणु के साथ-साथ वर्ष 2020 और 2021 में एक भी महीना ऐसा नहीं रहा जब मच्छर जनित बुखार से लोग पीड़ित न रहे हों। वैज्ञानिकों को इस बात का अंदेशा भी था कि जीका संक्रमण उत्तर प्रदेश में दस्तक दे सकता है। 22-23 अक्टूबर 2021 को जब कानपुर में पहला जीका संक्रमण का मामला सामने आया, उसके बाद से ही मच्छरों में बचाव को लेकर प्रशासन सजग हुआ। इससे पहले डेंगू के मामले में पूरे प्रदेश में जारी थे। इस मामले में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (पीजीआई) के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की विभागाध्यक्ष उज्जवला घोषाल कहती हैं, कुछ सालों से भारत में जीका संक्रमण जारी था। हमें ऐसा अंदेशा था कि हो सकता है कभी ये वायरस यहां भी आ जाए। पीजीआई में तीन वर्ष पहले माइक्रोबॉयलोजी विभाग को सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेशन (सीडीसी) अमेरिका के जरिए जीका संक्रमण के अध्ययन के लिए किट दी गयी थी और यह अध्ययन जारी ही था कि जीका संक्रमण ने दस्तक दे दी। कई चिकित्सकों के अनुसार प्रदेश में जीका संक्रमण की पुष्टि भी शायद न हो पाती यदि वह मामला वायु सेना स्टेशन के किसी कर्मचारी से न जुड़ा होता, क्योंकि वायु सेना में बाहर से आने वाले लोगों को करीब दो दर्जन जांचें होती हैं। इनमें संक्रामक जांचे भी शामिल है। सरकार के वरिष्ठ अधिकारी अभी तक यह नहीं जान पाये हैं कि जीका वायरस कानपुर, उन्नाव और फिर लखनऊ कैसे पहुँचा।

मच्छरों से पैदा त्रासदी झेलने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वर्ष कई मौकों पर यह दोहराया कि उनका प्रदेश मच्छर मुक्त हो जायेगा पर ऐसा नहीं हुआ।



हालांकि इंसेफेलाइटिस का टीकाकरण अभियान चलाकर उन्होंने मस्तिष्क ज्वर अथवा दिमागी बुखार पर काबू पा लिया है। जिसके कारण उ.प्र. पिछले कई दशकों से हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती थी। अधिकारियों का कहना है कि मच्छरों की आबादी इतनी अधिक है कि उनसे लड़ना चुनौतियों से भरा है। जीका संक्रमण संकट को लेकर राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक वेदव्रत सिंह के अनुसार ह्यह्यजब तक मच्छरों पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक संचारी रोगों पर लगाम मुश्किल है। अपने देश में मच्छरों को नियंत्रित करना संभव नहीं है ह्वह्व मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कानपुर में स्वास्थ्य अधिकारी बताते हैं कि वह पूरे जिले में तीन वर्षो के वेक्टर जनित बीमारी का आंकड़ा निकालते हैं। जितने हॉटस्पॉट होते हैं, उन पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। यह कोशिश की जाती है कि मच्छर जनित बीमारियां न फैलें। हालांकि, यह दावा वास्तविक नहीं है। जीका संक्रमण के बाद ही स्थानीय प्रशासन को कंटेनमेंट जोन बनाने, जांच और सैनेटाइजेशन जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। कानपुर के जीका संक्रमित क्षेत्रों के अधिकांश इलाकों में मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए प्रयास नहीं किये गये। कानपुर मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जीके मिश्रा के अनुसार भी मच्छरों को नियंत्रित करना इतना आसान नहीं है। इसके प्रति लोगों में जागरूकता भी कम है, ऐसे में मच्छर जनित रोग फैल जाते हैं।

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, सम्पर्क 09451910615)**

## व्यंग्य



# तौबा ये मतवाली चाल

अरुण अर्णव खरे

जिंदगी में चाल का विशेष महत्व है` बहुतों का मानना है कि व्यक्ति की चाल उसके व्यक्तित्व का आइना होती है यानि व्यक्ति के विकास में चाल अहम रोल निभाती है` बचपन में गोरी चलो न हंस की चाल और कान में झुमका, चाल में ठुमका जैसे गीतों को सुनते हुए मुझे भी जीवन में चाल का महत्व समझ में आ गया था` यह तो बहुत बाद में समझ में आया कि चाल कितना करिश्माई शब्द है` आम और राजनीति के खास लोगों के लिए चाल का मतलब अलग-अलग होता है` जहाँ चाल आम लोगों के व्यक्तित्व को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है वहीं राजनीति में चाल नेताओं का अस्तित्व स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाती है` चाल से आम आदमी को पहिचाना जा सकता है लेकिन नेताओं की चाल समझना क्रिकेट की डकवर्थ-लुइस गणना प्रक्रिया को समझने जितना ही कठिन है ` आम आदमी की चाल से शायद ही किसी को फर्क पड़ता है लेकिन नेता की एक चाल सरकार गिराने जैसे हालिया से लेकर सरकार को बचाने जैसे दूरगामी परिणाम तक देती है` आम आदमी को कोई चालबाज कहे तो वह शर्म से आँखें चुराने लगता है लेकिन यही शब्द नेता का सीना चौड़ा कर देता है`

बटुक जी आम आदमी हैं` बचपन के दिनों में उनकी चाल में एक खास तरह की बेफिक्री थी` यौवन की देहलीज पर कदम रखा तो चाल में थोड़ी मस्ती आने लगी` गर्ल्स कॉलेज के सामने से गुजरते तो चाल में ठहराव आ जाता और हाथ ढोलक बजाने वाले अंदाज में अंग्रेजी के अक्षर वी के समान आकार लेने लगते` शादी हुई तो चाल में संजीदगी आ गई` आजकल कहीं मिल जाते हैं तो अपनी ढीली-ढाली चाल से दूर से ही पहिचान में आ जाते हैं` जिंदगी के जंझावातों ने उनकी चाल बदल दी है`

दूसरी ओर मुरारी जी हैं` युवा काल से ही राजनीति में रुझान रखते थे` आज उनकी गजकाया को देखकर आप जरा भी अंदाज नहीं लगा सकते कि वह हजारों तरह की चालें एक ही मुद्रा में चलना जानते हैं` उनकी चालों को देख-सुन कर उँगली अपने आप दाँतों के बीच चले जाने को बेताब हो जाती है` उनकी चालें देखकर लोग हतप्रभ रह जाते हैं` आप सोच रहे होंगे कि वह जरूर शतरंज के अच्छे खिलाड़ी रहे होंगे, पर आप गलत हैं` शतरंज से उनका कोई वास्ता नहीं` वह डिब्बे में बंद मोहरों को भी ठीक से नहीं पहिचान पाते` पैदल और ऊँट में गच्चा खा जाते हैं` विश्वनाथन आनंद और कास्पारोव का नाम भी नहीं सुना है उन्होंने, लेकिन राजनीति की बिसात पर उन्हें इनसे ज्यादा चालें चलने में महारत हासिल है ` वह सड़क पर चलते इंसान, सीमा पर खड़े जवान और बलात्कारी शैतान को भी परिस्थिति अनुसार मोहरा बना लेते हैं` वह कराह को भी वाह में तब्दील करने का हुनर जानते हैं` जो उनकी बात नहीं सुनता उसे मोहरा बनाकर डिब्बे में बंद करना भी उन्हें बखूबी आता है` वह प्रतिद्वंद्वी के मोहरों को भी अपना बनाने की कला में सिद्धहस्त हैं` शतरंज के विपरीत उन्हें काले मोहरों से खास लगाव है खासतौर पर विपक्षी काले मोहरे उन्हें अति प्रिय हैं` उन मोहरों को वह पल में गोरा चिट्टा बना डालते हैं` उनके हाथों में आकर ये मोहरे प्यादे होकर भी घोड़े की चाल चलने लगते हैं ` विरोधी उनकी चाल का तोड़ आज तक नहीं ढूंढ पाए हैं इसीलिए पस्त हुए पड़े हैं`

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मुख्यमंत्री आवास योजना का कार्य शीघ्र करायें प्रारम्भ : मण्डलायुक्त

**निर्देश**

**गोल्डेन कार्ड के प्रति लोगों को करें जागरूक**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त मनीष चौहान

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चैहान ने कहा है कि मुख्यमन्त्री आवास योजना में जो धनराशि प्राप्त हो गयी है उसे तत्काल अवमुक्त करते हुए निर्माण कार्यों को प्रारम्भ करायें तथा समय से कार्य पूर्ण करायें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी मण्डलीय अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की नियमित रूप से मानीटरिंग करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त श्री चैहान ने शुक्रवार को अपने कार्यालय सभागार में आयोजित शासन द्वारा चिन्हित सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा के दौरान गत माह जनपद बलिया में कृषि विभाग द्वारा त्रुटिपूर्ण डाटा फीड करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी बलिया को निर्देश दिया कि इसके लिए सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होंने तीनों जनपद के मुख्य विकास अधिकारियों को डाटा फीडिंग के सम्बन्ध में निर्देश दिया कि जिलाधिकारी की बैठक में जो डाटा फाइनल हो जाय वही अपलोड कराया जाय। समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने पाया कि अयुष्मान भारत योजना के तहत गत माह आजमगढ़ में 73277, मऊ में 27372 एवं बलिया में 35623 गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं, इस प्रकार अब तक आजमगढ़ में कुल 350473, मऊ में 271166 एवं बलिया में 405982 गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। मण्डलायुक्त ने कहा यद्यपि कि कार्ड बनाये जाने में अपेक्षित प्रगति हुई है, परन्तु इस योजना से आच्छादित कुल लाभार्थियों के सापेक्ष जनपद आजमगढ़ में कुल 8078, मऊ में 14720 एवं बलिया में 4260 लाभार्थी ही निजी एवं राजकीय चिकित्सालयों में उपचारित हुए हैं, जो कि बहुत कम हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः जानकारी के अभाव में लाभार्थियों द्वारा गोल्डेन कार्ड का कम उपयोग किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उन्होंने निर्देश दिया कि गोल्डेन कार्ड की उपयोगिता और लाभ के बारे में लोगों को जागरुक करने हेतु सीएचसी, पीएचसी, विकास खण्डों आदि में वाल राईटिंग कराई जाय, इसके साथ ही व्यापक रूप से प्रचार प्रसार हेतु अन्य संसाधनों का भी प्रयोग किया जाय। उन्होंने जनपद मऊ में टीकाकरण के निर्धारित लक्ष्य 6.15 लाख के सापेक्ष 5.21 लाख टीकाकरण पाये जाने पाये जाने पर असन्तोष व्यक्त किया तथा शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करने हेतु निर्देशित किया।

# संदिग्ध हाल में आग लगने से रिहायशी झोपड़ियां राख


लालगंज में आग से जली झोपड़ियां

**लालगंज (आजमगढ़)।** लालगंज में बाईपास के निकट शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मंडई में आग लग जाने के परिणाम स्वरूप दस गरीबों का आशियाना जलकर पूरी तरह राख हो गया। इस अग्निकांड में एक मोटर साइकिल भी जल कर राख हो गई तथा घर के अधिकांश सामान रजाई, गद्दा, बिस्तर, खाद्य सामग्री आदि जलकर राख हो गए। पीड़ितों में कुमार पुत्र बुद्धू, बबलू, मनीराम, नंदलाल, विजय, शुभवंती, मुन्ना, सोनू, रामाश्रय और प्रदीप की आवासीय मंडई जली है। सभी पीड़ित वनवासी समाज के बताए जा रहे हैं जो निहायत गरीब हैं। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने वहां पहुंच कर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के साथ नायब तहसीलदार हरिशंकर दुबे ने सूचना पाकर मौका मुआयना किया तथा पीड़ितों को हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। सूचना पाकर लोगों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी तथा निर्धनों के जल गये आशियाने को देखकर सभी ने अफसोस का इजहार किया।

## संक्षेप

### शिक्षिका ने अपने वेतन से जरूरतमंद बच्चों को दिये गर्म वस्त्र



महराजगंज (आजमगढ़)। वर्तमान के भौतिकवादी समय और परिवेश में आज भी कुछ ऐसे शिक्षक हैं जोकि गुरु परंपरा व कर्तव्य के साथ सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते दिखाई दे जाते हैं। उनमें सर्वे भवंतु सुखिन: का मूल तत्व परिलक्षित और सजीव दिखाई देता है। आदर्श इंटर कॉलेज महेशपुर की प्रवक्ता डॉ.रिंकू यादव ने हाड़ कंपा देने वाली ठंड से बचाव के लिए अपने विद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं में गर्म कपड़ों का वितरण किया ताकि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आ सके और ठंड से भी बचे रहें। उनका मानना है कि कुछ बच्चे जिज्ञासु और होनहार होते हुए भी परिस्थिति वश शिक्षा से वंचित हो जाते हैं जिसके कारण वे दिशा से भटक जाते हैं। ऐसे छात्रों की मदद समाज के हर सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रेरणा उन्हें उनके पति प्रवक्ता डॉ.रमेश चंद यादव के बड़े भाई अभिमन्यु यादव से मिली जो स्वयं आबू धाबी में इंजीनियर है और निरंतर इस प्रकार की मानव सेवा में लगे रहते हैं।

### नकदी सहित हजारों के जेवर उठा ले गए चोर



अंजान शहीद (आजमगढ़)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के छपरा सुल्तानपुर गांव निवासी पवन सिंह पुत्र विद्यासागर सिंह के घर में गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने घर पर सो रहे दो कमरों में बाहर से कुंडी बन्द कर अन्य कमरों एव आलमारी का ताला तोड़कर 50 हजार नकदी सहित हजारों का जेवर चोर उठा ले गए। सुबह जब परिवार के लोग जगे तो बाहर से कुंडी बन्द थी। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और तहरीर लेते हुए मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था।

### खंड विकास अधिकारी ने जाना गावों के विकास का हाल

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय ब्लाक के खंड विकास अधिकारी कार्यालय में खण्ड विकास अधिकारी बाबूराम पाल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत अधिकारी से प्रत्येक गांवों में हो रहे विकास कार्य का हाल जाना। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास के रजिस्ट्रेशन सहित पात्र अपात्र की स्थित का अवलोकन किया। समस्त ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारियों को प्रधान मंत्री आवास चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता पूर्ण लाभार्थियों का चयन करते हुए रजिस्टेज्शन कराने का निर्देश दिया। सेक्टर प्रभारी एडिवोज को सत्यापन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करायें। प्रधान मंत्री आवास में विशेष सतर्कता बरतें। रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी गावों में उपस्थित रह कर ग्रामीणों की समस्या का निदान करायें। इस अवसर पर ज्ञान सिंह, बृजेश यादव, अखिलेश, अरविंद, अभिमन्यु, महेश सिंह खरवार, सुनील कुमार, अशोक, राजेश आदि उपस्थित रहे।

### उर्स ए पाक आज

आजमगढ़। हर साल की तरह इस साल भी नगर के मोहल्ला दलाल घाट स्थित हजरत मौलाना याकूब साहब रहमतुल्लाह अलैह का उर्स ए पाक आगामी 24 दिसम्बर शनिवार को मनाया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उर्स ए पाक के मोतवल्ली शकील अहमद ने बताया कि उर्स ए पाक के अवसर पर सुबह में कुरान खानी दोपहर में कव्वाली एवं सायं 4 बजे से चादर एवं गागर का जुलूस नगर के मोहल्ला तकिया स्थित मुस्लिम मुसाफिर खाने के पास से निकाला जाएगा जो विभिन्न क्षेत्रों से होता हुआ शाम 5 बजे दलाल घाट स्थित हजरत मौलाना याकूब साहब रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादर पोशी होगी। उसके बाद देर शाम लंगर खाने के बाद जल्से का कार्य क्रम, उसके बाद कव्वाली का कार्यक्रम होगा जो देर रात तक चलेगा। शकील अहमद ने सभी जायरीनो से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### अभियुक्त की निशानदेही पर असलहा बरामद

रानीकीसराय (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकवारा गांव स्थित नहर पुलिया के पास से अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार मिश्र ने बताया कि 9 सितम्बर की रात पुलिस की घेराबंदी में पशु तस्कर पुलिस टीम पर फायरिंग कर फरार हो गये थे। मामले में संतोष यादव निवासी ग्राम समशुद्दीनपुर थाना जहानागंज और सोनू नट उर्फ जाबेद निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना मेहनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। फरार अभियुक्त सोनू के घर एक सप्ताह पूर्व पुलिस ने डुगडुगी पिटवाई थी और नोटिस चस्पा की थी। सोनू ने न्यायालय मे आत्मसमर्पण कर दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद सोनू की निशानदेही पर चकवारा गांव नहर के पास वेर के पेड़ के नीचे से 315 बोर तमंचा और एक कारतूस बरामद किया।

### पांच साल के बच्चे ने एक साल में पूरा किया कुरान



अंजान शहीद (आजमगढ़)। 5 साल की उम्र में जीयनपुर के आयद इमरान ने कुरान-ए-पाक का पाठ मुकम्मल कर लिया। कुरान के सभी तीस पारों (अध्याय) को उच्चारण सहित पूरा कराने में उनके उस्ताद हाफिज मोहम्मद सद्दाम का सहयोग रहा। उनकी इस सफलता पर घर में खुशियों का माहौल है। सगड़ी तहसील अंतर्गत नगर पंचायत जीयनपुर मोहल्ला आर्य नगर निवासी इमरान अली के पुत्र आयद इमरान ने 5 साल की उम्र में कुराने पाक मुकम्मल किया तो घर में खुशियां मनाई गई। आयद ने छोटी सी उम्र में ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। आयद को यह उपलब्धि हासिल करने में महज एक साल का समय लगा। वही कुरान का पाठ पूरा करने पर आयद इमरान के घर जीयनपुर आर्यनगर में दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें आयद इमरान को बुजुर्गों और परिजनों ने दुआओं से नवाजा। वहीं, बच्चे ने कुरान की सूरह फातिहा पढ़कर सुनाया। उनके पिता इमरान अली ने बताया कि यह उनके और उनकी बीवी और खानदान व रिश्तेदारों के लिए खुशी का मौका है। कुरान को किरत के साथ मुकम्मल कराने में हाफिज सद्दाम व गांव की वाहिदा खातून का भी सहयोग रहा। फिलहाल आयद इमरान घर पर ही चाचा डॉ.गुफरान अली से अन्य शिक्षाएं लेते हैं। पिता इमरान अली ने बताया कि वह अपने बेटे को दीनी और दुनियावी दोनों तालीम दिलाएंगे। इस अवसर पर माता परवीन इमरान, दादा अफसर अली, दादी कनीज फातिमा, चाचू डॉ.इमरान अली, फूफी रुबीना ने गांव में मिठाईयां बांट कर खुशियां मनाई।

# बिना सुनवाई के ही विपक्षी के पक्ष में दे दिया आदेश

**आरोप**

**जांच कर दोषियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई: एसडीएम**

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के मंडोही गांव निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि विपक्षी से जमीनी वाद न्यायालय में विचाराधीन था। वर्तमान में अधिवक्ताओं की हड़ताल चल रही है। इसी बीच नायब तहसीलदार ने बिना सुनवाई के ही विपक्षी के पक्ष में आदेश कर दिया। निजामपुर गांव निवासी जगरनाथ पुत्र वासुदेव का आरोप है कि मंडोही गांव में मेरे मामा चन्द्रभान के पास कोई संतान नहीं थी जिसके कारण मेरे मामा के मृत्यु उपरांत जमीन मेरी मामी मन राजी देवी के नाम वासिहत हुई। मामी मनराजी देवी द्वारा संपूर्ण जमीन हम प्रार्थी जगरनाथ पुत्र वासुदेव ओमप्रकाश पुत्र पुष्पा देवी तहसील फूलपुर निवासी निजामपुर माहुल थाना अहरौला को अपनी चल अचल संपत्ति को रजिस्ट्री कर दिया गया लेकिन गांव के कुछ मनबढ़ और दबंग किस्म के लोगों द्वारा जमीन पर नायब तहसीलदार न्यायालय में मुकदमा कर दिया गया। मुकदमा लगभग कई वर्षों से विचाराधीन है। 14 दिसंबर को मेरे द्वारा मुकदमे की पैरवी की गई अग्रिम तिथि तक तहसील न्यायालय में अधिवक्ताओं का हड़ताल होने के बावजूद भी नायब तहसीलदार न्यायालय में बिना हम प्रार्थीगण के सुने ही हम लोगों के विपक्ष में नायब तहसीलदार द्वारा फैसला दे दिया गया। फैसले की नोटिस 22 दिसंबर को जब हम प्रार्थी को मिली तो हम आनन-फानन में तहसील परिसर पहुंचे। इसकी शिकायत मेरे द्वारा उपजिलाधिकारी व जिला अधिकारी से भी की गयी। प्रार्थी ने तहसील प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया और कहा कि रजिस्ट्री को गलत ठहरा रहे हैं। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर एक पक्षीय फैसला हुआ है तो जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**सरायमीर (आजमगढ़)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

सरायमीर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के पूरब तरफ इंडिया मार्का हैंण्ड पंप के पास 45 वर्षीय लावारिस व्यक्ति अचेत अवस्था पड़ा हुआ देकर लोगों ने इसकी सूचना स्टेशनमास्टर को दी। मौजूद लोग और स्टेशन मास्टर ने हिला कर देखा मगर वह बेजान था। देखने के बाद मालूम हुआ कि उसकी मौत हो गई है। जीआरपी पुलिस सरायमीर स्टेशन पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरपीएफ के दरोगा बृजभूषण ने बताया कि इसकी सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा जीआरपी पुलिस को दी गई है। मगर संवेदनहीन जीआरपी शाम लगभग 3 बजे सरायमीर स्टेशंन पहुंच कर कागजी खानापूर्ति कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।

# रामायण कांक्लेव के लिए नोडल अधिकारी नामित

**आयोजन**

**डीएम ने स्थल तलाश करने का दिया निर्देश**


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में गुरूवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 18 व 19 जनवरी को जनपद में रामायण कान्क्लेव-2023 के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि रामायण कान्क्लेव-2023 के आयोजन हेतु डीएवी कालेज, वेस्ली इण्टर कालेज, अम्बेडकर मैदान सिविल लाइन या अन्य किसी महत्वपूर्ण स्थल का चयन कर सूचित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा रामायण कान्क्लेव-2023 के सम्पूर्ण आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया। उन्होने निर्देश दिया कि रामायण कान्क्लेव-2023 के आयोजन में चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, ओडीओपी, उद्योग विभाग, बैंक का स्टाल, कौशल विकास केन्द्र, खाद्य विभाग आदि विभागों की विभागीय प्रदर्शनी लगायी जाये।

उन्होने कहा कि रामायण कान्क्लेव-2023 के समापन के अवसर पर जनपद के साहित्य, कला, अध्ययन, पत्रकारिता, लेखन, पर्यटन आदि से संबंधित सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्रम, स्मृति चिन्ह, मोमेन्टो देने हेतु कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने सीएमओ को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर महत्वपूर्ण जीवन रक्षक यंत्र एवं औषधियुक्त सचल एम्बुलेन्स की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम अवधि से पूर्व कार्यक्रम स्थल के आस-पास की सड़कों की मरम्मत एवं डिवाईडर की रंगाई-पुताई करायें।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 23 करोड़ का मनरेगा बजट पास

**बैठक**

**क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिनिधियो ने कब्जा की कुर्सी**

**सम्बंधित विभागों के जिले से नही पहुंचे अधिकारी, कारण बताओ नोटिस जारी**

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को संबोधित करते वक्ता

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड अजमतगढ़ में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी जहां नदारद रहे और चुनी हुई ग्राम प्रधान एव क्षेत्र पंचायत सदस्य की जगह उनके प्रतिनिधियों ने कुर्सी पर कब्जा जमाए रखा। बैठक के दौरान 2023-24 के लिए 23 करोड़ का मनरेगा बजट पास किया गया। वहीं पिछले वित्तीय वर्ष के कार्य की पुष्टि की गई। 8 करोड़ 96 लाख 7500 पर चर्चा करते हुए 2023-24 के लिए पंचम वित्त आयोग के लिए 14 करोड़ 46 लाख 82 हजार का प्रस्ताव पास किया गया। महत्वपूर्ण बैठक में जिले के तमाम स्वास्थ्य पशु चिकित्सा बाल विकास परियोजना जिला समाज कल्याण जिला विकलांग कल्याण आयुक्त स्वरोजगार आजमगढ़ विभाग बाढ़ खंड अभियंता जल निगम, जिला कृषि अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी जिला विकास अधिकारी आदि को बैठक में उपस्थित न होने का कारण बताओ नोटिस जारी की गई।बैठक के दौरान कायाकल्प योजना 2022-23 के लिए 21 करोड़ 45 लाख का बजट आवंटित हुआ था जिसमें से लगभग 12 करोड़ खर्च किया जा चुका है शेष पर कार्य करने की प्रगति में तेजी लाने के लिए गए विचार विमर्श किया गया। 79 पंचायत भवन पूर्ण है जिनमें से ग्यारह अपूर्ण है एवं 9 पुराने पंचायत भवन को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पर बैठक में विचार किया गया और उन्हें ध्वस्त करने को कहा गया जिसमें सुरैना कसड़ा आयमा, छपरा सुलतानपुर, मोहम्मदपुर, अमुआरी नारायनपुर सोकहना खालसा आदि के भवन को ध्वस्त करने पर विचार किया गया।

बैठक में प्रमुख अलका मिश्रा, पूर्व प्रमुख कुमारी देवी, प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता मनीष कुमार मिश्रा पिंटू, खण्ड विकास अधिकारी सन्तोष कुमार यादव, एडीओ एसटी राम कृपाल दुबे, विवेक सिंह, एडीओ पंचायत सुभाष शर्मा, यशवंत सिंह सोनू, अरुण कुमार श्रीवास्तव लालू, सहायक अभियंता रोशन लाल, विजय चैहान, गुड्डू, अंशु गुप्ता, रविन्द्र सिंह, अनिल मिश्रा, सुमेस यादव आदि उपस्थित रहे।

### अध्यक्ष माटीकला बोर्ड का आगमन 26 को

**आजमगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि अध्यक्ष उत्तर प्रदेश, माटीकला बोर्ड, ओम प्रकाश गोला प्रजापति का 26 दिसम्बर को जनपद में भ्रमण का कार्यक्रम प्राप्त हुआ है, जिसमें उनके द्वारा माटीकला से जुड़े कामगारों को आवंटित पट्टों की वस्तुस्थिति, उनकी संख्या तथा उन पर हुए अवैध कब्जों के सम्बन्ध में 26 दिसम्बर को अपरान्ह 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, में समीक्षा बैठक की जायेगी। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता की जायेगी।

# दो के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की हुई कार्रवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**सख्ती**

**धंधारी गांव में हुई हत्या के मामले में हैं वांछित**

**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने ग्राम धन्धारी में जमीनी विवाद को लेकर गोली मार कर की गयी हत्या की घटना में 2 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की।

बीते 21 जून को कामिनी सिंह पत्नी स्व.मनीष सिंह निवासी धन्धारी थाना कप्तानगंज द्वारा सूचना दिया गया था कि अभियुक्त मनोज सिंह पुत्र श्रीनरायण सिंह, यशवन्त सिंह पुत्र मनोज सिंह, नितिन सिंह पुत्र मनोज सिंह, वीना सिंह पत्नी मनोज सिंह व इशरावती सिंह वर्ष पत्नी श्रीनरायण सिंह द्वारा जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर गाली गुप्ता देते हुए वादिनी के पति मनीष सिंह व ससुर श्रीनारायण सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गयी व चाची अवधराजी देवी को गोली मार कर घायल कर दिया गया। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस उक्त मामले में आरोपियों की तलाश में थी। उक्त मामले में 24 जून को अभियुक्त मनोज सिंह पुत्र श्रीनरायण व यशवन्त सिंह वर्ष पुत्र मनोज सिंह को गिरफ्तार किया गया। 29 जून को अभियुक्ता इशरावती सिंह पत्नी श्रीनरायण सिंह को गिरफ्तार किया गया। 23 जुलाई को अभियुक्त नितिन सिंह पुत्र मनोज सिंह को गिरफ्तार किया गया। 11 नवम्बर को अभियुक्ता वीना सिंह पत्नी मनोज सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में 20 दिसम्बर को अभियुक्त मनोज सिंह पुत्र श्री नरायण सिंह व यशवन्त सिंह पुत्र मनोज सिंह के विरूद्ध थाना कप्तानगंज पर गैंगेस्टर एक्ट अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बाढ़ खण्ड विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप


जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने जाते मिथिलेश चैरसिया व अन्य

**सौंपा प्रार्थना पत्र**

**आदेश के बावजूद भी नहीं हो रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**

**आजमगढ़।** प्रदेश में योगी सरकार भू माफियाओं व अवैध रूप से वन निमार्णों पर भले ही बाबा का बुलडोजर गरज रहा है फिर भी कुछ अवैध कब्जाधारी सभी नियम व कानून को ताक पर रखकर चैन से सो रहे हैं और अवैध रूप से किए गए कब्जे पर अपना निर्माण दिन पर दिन बढ़ाते चले जा रहे हैं जिसके चलते नालों पर जल निकास पुलिया पर निर्माण करा लिया जा रहा है और बरसात में जल निकासी नहीं हो पा रही है जिससे कोल बाज बहादुर सहित कई नगर क्षेत्र इससे अछूते नहीं हैं। जमीन माफियाओं पर अवैध अतिक्रमण हटाने की बात कही जाती है तो लोगों को शासन सत्ता में अपनी पहुंच रुतबा दिखाकर लोगों को शांत करा दिया जाता है जबकि बाढ़ खंड ने इस अवैध कब्जे को गंभीरता से लेते हुए 26 मई को चेतावनी पत्र जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने की अपील की थी परंतु इस पर न ही विभाग द्वारा और न ही जिला प्रशासन द्वारा संतोषजनक कार्रवाई की गई। मिथिलेश चैरसिया ने जिलाधिकारी से मिलकर बाढ़ खंड विभाग की जमीन पर ध्वस्तीकरण आदेश का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि लगभग 40 वर्षों से बाढ़ खंड विभाग की मिली भगत से नगर में लगातार बंधा विभाग की जमीन पर अवैध निर्माण पैसा लेकर विभाग द्वारा कराया जा रहा है। 2019 में अतिक्रमण कर्ता के विरुद्ध स्पेशल जुडिशल मजिस्ट्रेट सिंचाई खंड प्रथम बलिया के यहां चल रहा था जिसका फैसला हमारे पक्ष में ध्वस्तीकरण का आदेश 26 मार्च 2022 को आया। अतिक्रमण कर्ता के विरुद्ध विभाग द्वारा नोटिस भी जारी की गई और कहा गया यदि अतिक्रमण 7 दिवस के अंदर नहीं हटाते हैं तो इनके विरुद्ध एंटी भू माफिया में केस तैयार कर प्रेषित कर दिया जाएगा लेकिन 7 माह बीत जाने के बाद भी विभाग सोया हुआ है।

# सात वर्ष बाद आवंटियों को मिला कब्जा, हर्ष


आवंटियों को कब्जा दिलाने जिगनी गांव में पहुंची टीम

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम जिगनी में सात वर्ष बाद पट्टा धारकों को न्याय मिला जिससे पट्टाधारकों में हर्ष व्याप्त है। उक्त गांव के गीता पत्नी शिवमूरत, चन्द्रकला पत्नी संखराज, निशा पत्नी संजय, किरन पत्नी अजय को आवास वर्ष 2015 में पट्टा धारकों को आवंटन हुआ था। आवंटियों की आवंटित भूमि को दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया था, जिससे आवंटी कब्जा न पाने की शिकायत बार-बार करते रहे थे। बावजूद इसके भी कब्जा नही मिला। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित उपजिलाधिकारी संत रंजन को आवंटियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी जिसे गम्भीरता से लेते हुए राजस्व टीम गठित कर शुक्रवार को एसडीएम संत रंजन, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक राम सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल रमेश कुमार व अन्य लेखपाल अजय सिंह, गोपाल सिंह, गौरव सिंह के साथ जिगिनी गांव जा धमके। आवंटियों को आवंटित भूमि का सीमांकन कराकर आवंटियों को कब्जा दिला दिया। आवंटी सात वर्ष बाद अपनी भूमि पाकर जहां खुश नजर आ रहे थे वहीं तहसील प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे थे।

# छापेमार दल ने लिए खाद्य पदार्थों के सात नमूने

**जनसंदेश न्यूज**


एक दुकान से नमूना लेते छापेमार दल के सदस्य

**आजमगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में शुक्रवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सचल खाद्य जांच दल ने छापेमारी करके केक व केक निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों सहित कुल 7 नमूनें जांच हेतु संग्रहित किये। छापा दल कप्तानगंज स्थित बाजार पहुंचा तथा वहां 2 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्याप्त कमियों को दूर करने हेतु नोटिस दिया। तत्पश्चात कन्धरापुर बाजार स्थित विक्रेता के प्रतिष्ठान पर पहुंची तथा वहां पर संदेह के आधार पर तैयार स्ट्राबेरी केक का नमूना लिया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने प्रतिष्ठान में व्याप्त गंदगी पर असंतोष व्यक्त करते हुए अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया। इसके बाद छापेमार दल सेहदा स्थित एक बेकरी शॉप से एक केक का नमूना जांच हेतु लिया।

मौके पर विक्रेता खाद्य सुरक्षा का पंजीकरण नहीं प्रस्तुत कर सका, तो अधिकारियों ने मौके पर ही उसका ऑनलाइन आवेदन करवाया तथा सचेत किया कि भविष्य में बिना पंजीकरण के प्रतिष्ठान नहीं संचालित करें। इसके पूर्व छापेमार दल ने नगर के बलरामपुर व नामदारपुर के दो अन्य प्रतिष्ठानों से केक के एक-एक के नमूनें जांच के लिए लिया। छापेमार दल के अन्य सदस्यों ने बिलरियागंज डेयरी से दूध के दो नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु भेजा। छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कीर्ति आनन्द, राकेश कुमार शुक्ला, अंकित कुमार सिंह, रामचन्द्र यादव, अमरनाथ, प्रेमचन्द्र, संजय कुमार सिंह एवं राम बुझावन चैहान शामिल रहे।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**जायजा**

**आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का दिया दिशा निर्देश**

**चिकित्साधिकारियों एवं पैरामेंडिकल टीमों को पुनः किया जाए प्रशिक्षित**


अस्पताल का निरीक्षण करतीं डीएम व अन्य अधिकारी

**मीरजापुर।** अनेक देशों में कोविड-19 रोगियों की संख्या में तीव्रवृद्धि को देखते हुये डीएम दिव्या मित्तल ने अपने कैम्प कार्यालय पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर डीएम वि/रा शिव प्रताप शुक्ल, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकिसाधिकारी एवं स्वास्थ विभाग व सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर कोविड महामारी से बचाव व जागरूकता तथा अस्पतालों में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कराने हेतु बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

डीएम को मुख्य चिकित्साधिकारी ने मंडलीय चिकित्सालय, महिला अस्पताल, ट्रामा सेंटर एवं जनपद के सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित जनपद में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट आदि के बोर में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के प्रबंधन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर जन सामान्य को सभी आवश्यक सुविधायें मुहैया कराई जा सके। उन्होंने कहा कि समस्त सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में फीवर हेल्प डेस्क की स्थापना की व्यवस्था करते हुये क्रियाशील किया जाए। यह भी निर्देशित किया कि जनपद में स्थापित कोविड अस्पतालों को तत्परता से कियाशील किया जाए, इसके लिये अस्पतालों में बेडों की उपलब्धता, ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु पाइप लाइन की स्थिति आदि के बारे पूरी जानकारी कर मुख्य चिकित्साधिकारी दो दिवस के अन्दर उपलब्ध करायें।

जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया गया कि समस्त नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड-19 रोग की सर्विलांस हेतु गठित टीमों को क्रियाशील किया जाए। जनपद एवं ब्लाक स्तर भी गठित निगरानी समिति एवं आर0आर0टी0 टीमों का पुनः क्रियाशील कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व की भांति आशा, आंगनवाडी कार्यकत्रियों तथा ग्रामी निगरानी समिति के सदस्यों की टीम, सघन सर्विलांस टीमों को क्रियाशील कर दी जाए। तत्पश्चात डीएम द्वारा मडलीय अस्पताल पहुँच कर 250 यूनिट एवं 300 यूनिट की स्थापित आक्सीजन प्लांट तथा ट्रामा सेंटर में बेडों की संख्या तथा वैंटीलेटर आदि का निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारार बताया गया। डीएम ने सभी आक्सीजन प्लांट को क्रियाशील करने का निर्देश दिया तथा कहा कि सभी की एक ओर पुनः जॉच करा ली जाए यदि कहीं मरम्मत के योग्य हो तो तत्काल करा ली जाए।

## दहेज हत्या के अभियोग में सास व देवर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा, जनपद मीरजापुर पर 22 दिसम्बर 2022 को वादी प्यारेलाल पुत्र पत्तू राम निवासी बाराडीह थाना अहरौरा मीरजापुर द्वारा नामजद के विरूद्ध बावत की पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जहर देकर मार देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर धारा 498ए, 304 बी भादवि व डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से सम्बन्धित आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक अहरौरा को निर्देश दिये गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक अहरौरा-कुमुद शेखर सिंह मय टीम म0का0 कंचन चौरसिया द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से नामजद अभियुक्त/अभियुक्ता कुमारी देवी(सास) पत्नी स्व0मल्लू राम व भरत उर्फ अजय(देवर) पुत्र स्व0मल्लू राम निवासीगण भगौतीदेई थाना अहरौरा मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त/अभियुक्ता के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# शिकायत पर झोलाछाप क्लिनिक को किया सील

**मड़िहान।** क्षेत्र के पटेहरा कला मे आईजीआरएस पर हुई शिकायत के आधार पर शुक्रवार को पटेहरा पीएचसी के डॉ वाजिद जमील की अध्यक्षता मे जांच करने मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फर्जी तरीके से चल रहे क्लिनिक को सील कर दिया है । वहीं क्लिनिक चला रहे इंटर पास डॉक्टर को तीन दिन में स्पष्टीकरण देने की हिदायत देकर छोड़ दिया गया है ।

डॉ वाजिद जमील बताते हैं की इंटर पास एक व्यक्ति एक वर्ष से अवैध क्लिनिक चला रहा था । जिसकी शिकायत 13 दिसंबर को मानवाधिकार के एक सदस्य ने आईजी आर एस पर किया था । जिसको संज्ञान मे लेते हुए सीएमओ के आदेश पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुँच कर जांच किया तो इंटर पास डॉक्टर के पास किसी भी प्रकार की डिग्री नही मिला और मौके पर इलाज करते पाया गया । जिसके क्रम मे कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लिनिक सील कर दिया । क्लिनिक सील करने के बाद डॉक्टर को स्पष्टीकरण देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। इस संबंध मे डॉ वाजिद जमील बताते हैं की जांच आख्या सीएमओ को भेज दिया जाएगा उचित जवाब न देने पर आरोपी के खिलाफ एफ आई आर की कार्रवाई की जाएगी। टीम मे डॉक्टर के साथ स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जैसल, वार्ड बॉय संजय सिंह, अजय भी मौजूद रहे।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त विकलांग ने लगायी फांसी

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सरिया निवासी सुनील उर्फ डब्बू पुत्र राजाराम सोनकर उम्र करीब-18 वर्ष ने शुक्रवार को दोपहर बाद गांव के बाहर स्थित बाग में फांसी लगा लिया। पुलिस ने बताया कि घटना रामपुर ठवहीं गांव में हुई जहां परिवार डेरा डाल कर रह रहा था। वही बगल में स्थित एक आम के पेड़ के ऊपर चढ़कर युवक ने खुद को फांसी लगा लिया। फांसी क्यों लगायी इसका कारण समाचार लिखे जाने तक पता नहीं चला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक सुनील के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही कर रही है। मृतक के पिता राजाराम सोनकर ने बताया गया कि उनका पुत्र दिव्यांग है तथा उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी।

# परियोजना निदेशक ने की आवास के प्रगति की समीक्षा


निरीक्षण करते पीडी

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत गरीब एवं पात्रता के आधार पर लाभांवित आवास लाभार्थियों का निर्माण कराने तथा शासन के अति महात्वाकांक्षी योजना को लेकर परियोजना निदेशक अनय मिश्रा ने ब्लाक परिसर के सभागार में सचिवों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम पंचायतों में पात्रता की श्रेणी में आने वाले लाभार्थियों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही पर चेतावनी देते हुए सचिवों को दिशा-निर्देश दिए साथ ही सत प्रतिशत आवास को पूर्ण करने की हिदायत दी। बैठक के उपरांत उन्होंने राजगढ़ ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन आवासों को मौके पर जाकर देखा जहां लाभार्थियों से मिलकर उन्हें आवास को जल्द से जल्द पूर्ण कराने की बात कही। राजगढ़ ग्राम पंचायत में निमार्णाधीन आवासों के मानक एवं गुणवत्ता पर संतुष्टि जताते हुए सचिव दीपक त्रिपाठी को निर्देश देते हुए कहा कि सत प्रतिशत आवास को पूर्ण कराते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें। इस दौरान खंड विकास अधिकारी रमाकांत, सेक्टर प्रभारी, सचिव दीपक त्रिपाठी, टीए लाल बिहारी, आदि उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस पर किसान सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**आयोजन**

**बीएचयू कैम्पस बरकछा में किसान सम्मान दिवस के अवसर पर लगा कृषि मेला**

**जुगाडू वैज्ञानिकों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी संपन्न**

**भारत विश्व के कई देशों में निर्यात कर रहा है अनाज**

**देश के किसानों की भूमिका अहम : जिलाधिकारी**


किसानों को सम्मानित करतीं डीएम बगल में हैं सीडीओ

**मीरजापुर।** स्व0चौघरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के बी0एच0यू0 बरकछा के कैम्पस में विशाल किसान सम्मान दिवस मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्य मित्तल के द्वारा जनपद के प्रगतिशील कृष्कों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों सहित अन्य द्वोत्र में कार्य कर रहे प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्तिपत्र अंगवस्त्रम भेजब्कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों बन्धुओं को सम्बोधित करती हुई जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के बाद हम अनाज के लिये दूसरे देशों पर निर्भर थे परन्तु आज भारत विश्व के कई देशों में अनाज का निर्यात कर रहा है, यह सब सब देश के किसानों के मेहनत के बदौलत ही सम्भव हो सका है। जिलाधिकारी ने कहा कि देश के रीढ की हड्डी किसान है।

उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र बढ़ावा देने में हमारे देश के कृषि वैज्ञानिकों का भी बहुत बडा योगदान है उनके द्वारा नई-नई तकनीक व नये नये बीज का प्रयोग करते हुये अनाज के उत्पादन क्षमता को बढाया है। उन्होंने किसानों को सचते करते हुये भी कहा कि आज रसायनिक उर्वरकों के प्रयोग से हम अनाज उत्पादन को बढाये परन्तु भूमि की उर्वरा शक्ति भी समाप्त हो रही है साथ ही जनसंख्या बढंने से जमीनों बंट रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक वैज्ञानिक विधि से खेती करें इसके अलावा अनाज के अलावा अन्य खेती जैसे सब्जी, फल आदि की तरफ जाकर अपने आमदनी को बढा सकते है। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने भी प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये आधुनिक एवं तकनीकी खेती करने पर बल दिया।

कृषि वैज्ञानिक डा0 राम सिंह, उप निदेशक कृषि डा0 अशोक कुमार उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी पवन प्रजापति के द्वारा अतिथियों का स्वगत किया गया तथा कृषि मेला लगाये गये प्रदर्शनी का जिलाधिकारी का निरीक्षण भी कराया गया। विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा संचालित जिला विज्ञान क्लब द्वारा किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी एवम मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार असंगठित क्षेत्र के जुगाडू वैज्ञानिकों की जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का निरीक्षण जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवम मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी वीएस ने किया।

## संक्षेप

### बिजली के लटकते तार दे रहे हैं दुर्घटना को दावत

**हलिया।** क्षेत्र के अदवा कॉलोनी नहर के पास बिजली के 11 हजार वोल्टेज का पोल टेढ़ा होने के कारण लटकते तार के चलते ट्रैक्टर ट्राली पर लदा पुआल जलकर राख हो गया है। बृहस्पतिवार देर शाम राजपुर गांव निवासी रामसागर दलित हलिया अपने एक रिश्तेदार के ट्रैक्टर ट्राली पर पुआल लादकर पशुओं को खाने हेत घर ले जा रहा था। जैसे ही अदवा कॉलोनी के आगे अहुगी कलां गांव स्थित बाईपास नहर से गुजर रहे थे कि नहर के किनारे दोनों पटरी को क्राश करते समय बिजली के टेढ़ा पोल के चलते लटकते तार जमीन से 6 फीट ऊपर होने के कारण पुआल लदा ट्रैक्टर ट्राली में टच होने के कारण आग लग गई। ट्रैक्टर चालक ने पुआल में आग लगी देख किसी कदर ट्रैक्टर ट्राली को प्रेशर के माध्यम से जमीन पर गिरा दिया नहीं तो बहुत बड़ी घटना घट जाती और ट्रैक्टर ट्राली भी जलकर राख हो जाता। इसी तरह से एक हफ्ते पूर्व उसी जगह सोनगढ़ा गांव निवासी सरकार सेठ का ट्रैक्टर पुआल लेकर जा रहा था। आग लगने के कारण चपेट में आ गया तथा ट्राली भी जल गई थी बिजली के टेढ़े पोल लटकते तार के चलते आए दिन बड़ी घटना घट शक्ति है।

### स्वनिधि योजना के तहत मेगा कैम्प का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** शासन के निर्देश के क्रम में मनाये जा रहे सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल का मार्ग निर्देशन में जनपद के सभी नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में स्वनिधि योजना के तहत मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत नगर पालिका मीरजापुर एवं डूडा के सौजन्य से स्थानीय सिटी क्लब के आडीटोरियम में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित मेगा कैम्प में स्वनिधि योजनान्तर्गत जनपद के नगर पालिकाओं व नगर पंचायत को मिलाकर प्रथम ऋण वितरण 27 लाभार्थियों को तथा द्वितीय ऋण वितरण 18 ऋण वितरण कर लाभान्वित किया गया। आन लाइन आवेदन के तहत प्रथम ऋण 62 लाभार्थियों को प्रदान किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनान्तर्गत 23 लोगों को स्वीकृति प्रदान करते हुये 23 लोगों को ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर अंगद गुप्ता के अलावा सभी नगर पालिकाओं में सम्बंधित ईओ उपस्थित रहे।

### पानी का रिसाव देख कर जनता में कौतूहल

**लालगंज।** क्षेत्र के कठवार गांव में स्थित एक खेत में अचानक 2 दिनों से पानी का रिसाव देख लोगों में कौतूहल का विषय बना हुआ है। खेत में पानी कैसे आया इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी तो नहीं है लेकिन स्थानीय ग्रामीण इसे गंगाजल समझकर आचमन कर रहे हैं वहीं पर बोतल और डिब्बों में स्वच्छ जल को भरकर सुरक्षित अपने-अपने घरों में जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गुरुवार को अचानक इस खेत में पानी का रिसाव होते किसान रामलाल ने देखा था तब से पानी उसी अवस्था में बना हुआ है। ग्रामीण जहां इसे चमत्कार मान रहे हैं। वहीं पर जानकारों का कहना है कि कहीं जमीन से पानी का रिसाव हो रहा है। पानी को देखने के लिए गांव के लोग वहां इकट्ठा हो रहे है। गंगाजल समझकर आचमन कर रहे हैं और माला चढा रहे हैं। लोग इसे देवी आशीर्वाद मान रहे हैं गांव वालों का कहना है कि यह रिसाव खुदाई कर दिया जाए तो बड़े समस्या का समाधान हो जाएगा। क्योंकि सिरसी नहर से पानी बंद चल रहा है वैकल्पिक व्यवस्था मिलने पर हजारों एकड़ खेत की सिंचाई हो सकती है।

### महिला के साथ छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना ड्रमण्डगंज, मीरजापुर पर 21 दिसम्बर 2022 को थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद के विरुद्ध स्वयं(वादिनी के) घर में घुसकर छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना ड्रमण्डगंज पर धारा 354, 452 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी ड्रमण्डगंज को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 कोमल सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्र से नामजद आरोपी अच्छेलाल पुत्र नचकू निवासी सरदारगंज नौगवां थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जिगना।** स्थानीय थाना अंतर्गत दिन शुक्रवार को रात एक बजे रात हरगढ़ निवासी आरती देवी पत्नी अनिल निषाद ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की शादी सन 2021 में हुई थी। मृतका का मायका पकरी सेवार जिला प्रयागराज में था। मृतका को 9 माह का एक लड़का है। पति दिल्ली में नौकरी करता है। पति से मनमुटाव के कारण विवाद होने के कारण फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका का पिता कहीं बाहर काम करता है। घटना के बाद मायके के लोग भी पहुंच गये थे। घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दे दी गई है। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है।

### बोलेरो की टक्कर में साइकिल सवार घायल

**जिगना।** जिगना थाने के अंतर्गत मोहनपुर गांव के सामने जिला प्रयागराज के केवट पुरवा मजरा गांव निवासी सुबह 8 बजे मोहनपुर गांव के सामने बोलेरो से टक्कर हो जाने के कारण नरोत्तम गांव के केवट पुरवा गांव निवासी अरुण कुमार बिंद पुत्र तिलकधारी बिंद 25 वर्ष साइकिल से आ रहा था कि आमने-सामने की टक्कर में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई भिजवाया गया। जहां उसकी की हालत को गंभीरता को देखते हुए उसे मंडलीय चिकित्सालय भिजवाया गया। गांव वालों की सूचना पर घटनास्थल पर तुरंत पुलिस पहुंचकर गाड़ी को कब्जे में लेकर जिगना थाने पर खींच ले आई अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

### यंग बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

**चुनार।** यंग बार एसोसिएशन के चुनाव में शुक्रवार को राजेश कुमार मिश्र (140) मत पाकर अध्यक्ष पद पर विजयी हुए। जबकि प्रतिद्वंद्वी महेन्द्र कुमार सिंह(122), रामनिहाल (51)व मुन्नू प्रसाद गुप्ता को (13)मत मिले। जबकि महामंत्री पद पर राहुल कुमार सिंह (145)मत पाकर विजयी घोषित हुए। उनके प्रतिद्वंद्वी अजय कुमार पांडेय (128) मत, अशोक कुमार (53)मत पाये। मतदान सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होकर अपराह्न तीन बजे समाप्त हुआ। कुल पंजीकृत 334 अधिवक्ता मतदाताओं में 328 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें चार टेंडर मतपत्र शामिल हैं। चुनाव इल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष सत्येन्द्र नाथ दिवेदी व वरिष्ठ अधिवक्ता रामनरायन सिंह, कल्लू सिंह, श्याम मुरारी सिंह अनिल सिंह, सुभाषचंद्र सिंह, गुरुदास एडवोकेट की देखरेख में संपन्न हुआ।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवती अचेत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती अज्ञात कारणों से देर रात विशात पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए जहां पर चिकित्सकों ने उपचार किया। हलिया थाना क्षेत्र के करौंदिया ग्राम पंचायत के झगरहा मजरे में देर रात गोपीचंद की 18 वर्षीय पुत्री गुड़िया घर के पास लगे कनैल के फल को अज्ञात कारणों से पीसकर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने आनन-फानन में निजी वाहन से उपचार हेतु देर रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर चिकित्सक अवधेश कुमार ने उपचार किया। डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि कनैल का फल खाने से युक्ति अचेत अवस्था में आई थी। उपचार किया गया हालात सामान्य होने पर घर भेज दिया गया।

# एड्स के खात्मे के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन


बैठक को संबोधित करते एसीएमओ

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जनपद से एड्स रोग पूरी तरह समाप्त करने के लिए विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने जिला स्तरीय कमेटी गठित की है। यह जानकारी गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में कर्मचारियों के साथ बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर यूएन सिंह ने दी। एसीएमओ ने बताया कि अभी एड्स की निगरानी टीबी के साथ की जा रही है। अब इसके निगरानी के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठित की गई है। कमेटी में जिलाधिकारी को अध्यक्ष व सदस्य के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी, सीडीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग को रखा गया है। एड्स रोग की निगरानी अब कमेटी के दौरान ही किया जाएगा। अभी जिले में 233 रोगी एड्स के मौजूद है। जिनका उपचार अभी तक क्षय रोग विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है।

## 28 दिसंबर को होगा आरोग्य मेले का आयोजन

**जमालपुर।** क्षेत्र के पिडखिर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन पशु पालन विभाग द्वारा 28 दिसंबर दिन वुधवार को किया जाएगा। जिसमें कृत्रिम गभार्धान चिकित्सा, वधिया करण, बांझपन, सामूहिक पान, किसान क्रेडिट कार्ड रजिस्ट्रेशन के साथ मवेशियों का इलाज और निशुल्क दवा का वितरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पशु चिकित्सक संतोष गिरी ने दिया।

## भाजपाइयों ने की अलाव जलाने की मांग

**अहरौरा।** पहाड़ियों से चारों तरफ घिरे अहरौरा नगरीय क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की ठंड से गरीबों को निजात दिलाने हेतु भाजपा स्थानीय इकाई ने नगर में अलाव जलवाने व रैन बसेरों को दुरुस्त किये जाने का मांग किया। शुक्रवार को भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद अहरौरा के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया। मांग किया गया कि नगर के सभी वार्डो में स्थान चिन्हित कर अलाव जलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही कोई गरीब, और बाहर से आने वाला यात्री स्थान के अभाव में खुले आसमान के नीचे रात्रि न बिताये इसके लिए रैन बसेरो का मुकम्मल इंतजाम किया जाय। मंडल अध्यक्ष सहित प्रतिनिधि मंडल मांग पत्र अधिशासी अधिकारी को सौपने के उपरांत नगर पालिका प्रशासन द्वारा चयनिय रैन बसेरों का भी निरीक्षण किया और कोविड नियम का पालन करते हुये साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का सलाह दिया। प्रतिनिधि मंडल में ओम प्रकाश, जयकिशन, संतोष, श्याम लाल, विनोद पटेल, आनंद अग्रहरि, विनोद सोनकर, लक्ष्मन केशरी, विकास कुमार, संजय जायसवाल आदि कार्यकर्ता रहे।

# जीसस रीजन फॉर द सीजन कार्यक्रम का किया आयोजन

लालगंज। गुड शेफर्ड इंग्लिश स्कूल लालगंज में जीसस रीजन फॉर द सीजन कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस के साथ विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में बदलाव और व्यक्तित्व का निर्माण होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी शिवनारायण सिंह ने कहा कि प्रतिभाएं बेहतर विकास और उन्नति विद्यालय के कार्यक्रमों से संस्कारित होकर भविष्य में आगे बढ़ती है। वर्ष भर के विद्यालय की गतिविधियों विकास की सीढ़ियां है। थाना अध्यक्ष ज्ञानू प्रिया ने कहा कि शिक्षा में लड़के लड़की समान रूप से प्रगति पर आगे बढ़ रहे हैं।

जिसका फायदा यह हो रहा है कि इससे समाज का समान दृष्टिकोण विकास का निर्धारित हो रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव ने छात्र छात्राओं को रचनात्मक कार्य की व्यवस्था को शैक्षणिक बताया। आभार विद्यालय के प्रबंधक त्राणकर्ता भाखला ने व्यक्त किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राम शिरोमणि मौर्य, विजय कुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रहरी, वृजेश कुमार, राजेश कुमार, रवि प्रकाश, अनामिका, मीरा, अनिता, मनोरमा, रीता, सौरभ, खुशनुदा, गोमती आदि मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानाध्यापक शास्त्री हुए गोलोक वासी

**हलिया।** क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार निवासी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरोधा सीनियर बेसिक विद्यालय के सेवानिवृत प्रधानाध्यपक 83 वर्षीय राम सागर गुप्त शास्त्री शुक्रवार को गोलोकवासी हो गये। शास्त्री जी के निधन से पूरे लालगंज तहसील क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सहायक बेसिक शिक्षाधिकारी विमला शंकर त्रिपाठी, रामानुज प्रताप महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शम्भुनाथ मिश्र, डाक्टर दिलीप कुमार गुप्ता, शिवशंकर केशरी, ज्ञान चंद केशरी, सूर्य प्रकाश केशरी, भाजपा नेता पिन्टू केशरी सैकड़ों लोगों ने दिवंगत शास्त्री के द्वार पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# ब्लॉक सभागार में गरीबों में बांटे गए 350 कंबल


गरीबों को कम्बल वितरित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**हलिया।** शुक्रवार को उपजिलाधिकारी लालगंज नवनीत सेहरा ठंड से निजात पाने के लिए निराश्रित गरीबों में 350 कंबल का वितरण किए। कंबल वितरण के कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कुलदीप ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हजारों की भीड़ में 350 कंबल ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ।

संबंधित लेखपाल द्वारा बनाई गई सूची के आधार पर विकास खंड के सोनगढ़ा, हलिया, भटवारी, मधोर, अहुगीकलां, पूरवा औसान सिंह, हथेड़ा, सहित विकास खंड के विभिन्न गांव में ठंड से निजात पाने के लिए निरीह गरीबों के मध्य कंबल का वितरण कर पुनीत का कार्य किया है। शासन की ओर से कंबल वितरण के सुरक्षा व्यवस्था में चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव सहित हलिया पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश उपाध्याय ने किया। इस दौरान तहसीलदार लालगंज शशांक शेखर, नायब तहसीलदार रामनारायण, खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, लेखपाल संजीव कुमार उपाध्याय, कृष्णचंद्र मिश्र, राजेंद्र यादव, संदीप यादव सहित ग्राम प्रधान तथा लेखपाल उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील युवा मंच ने जरूरतमंदों को बांटा कंबल

**मीरजापुर।** विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रगतिशील युवा मंच के तत्वाधान में गुरुवार की रात मैं शहर के अंदर भ्रमण कर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया प्रगतिशील युवा मंच के अध्यक्ष आयुष सिंह के नेतृत्व में मंच के सदस्यों ने ओवर ब्रिज के नीचे रहने वाले मजदूरों, रिक्शा चालकों और सड़क किनारे अस्थाई घर बनाकर रह रहे लोगों के बीच जाकर उनको ठंड से राहत प्रदान करने के लिए कंबल का वितरण किया। अध्यक्ष आयुष सिंह ने कहा कि सभी को सहयोग और सेवा की भावना के साथ ऐसे कार्यों को संपादित करना चाहिए जिससे कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद हो सके। उन्होंने कहा कि हमारा यह अभियान पिछले 5 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष संगठन द्वारा रात्रि में भ्रमण करके पात्र लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है, इसका उद्देश्य मात्र इतना है कि सही लोगों की इससे मदद हो सके। रात्रिकालीन कंबल वितरण के इस कार्यक्रम में प्रगतिशील युवा मंच के सचिव दीपक सिंह पटेल और महामंत्री अनुज उमर मौजूद रहे।

# प्रतिभाओं को निखारने का काम कर रहा है सेमफोर्ड : विवेक बरनवाल



बच्चों को प्रमाण पत्र देते नगर विधायक

**मीरजापुर।** सेमफोर्ड स्कूल में प्रेरणा एनुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, व अनुभव कुमार मौर्य, चेयरमैन सेमफोर्ड स्कूल महेश जी बरनवाल, विवेक बरनवाल प्रबन्धक, सेमफोर्ड स्कूल, ने संयुक्त रूप से ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और प्रेरणा मशाल का शानदार आगाज किया गया। फिर मार्च पास्ट के द्वारा मंचासिन अतिथियों को सलामी दी गई। फिर आगन्तुक अतिथियों ने प्रबन्धक द्वय ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया।

तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। फिर बच्चों ने गणेश वंदना के माध्यम से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। उसके बाद प्रबन्धक विवेक बरनवाल ने सभी का स्वागत करते हुए बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि रत्नाकर मिश्र ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। तदोपरान्त देश के भविष्य, स्कूल की शान बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। फिर प्रारम्भ हुआ प्रतिभा प्रदर्शन का दौर जहाँ बच्चों ने अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन रेस, राधा कृष्ण डांस, स्टेज डांस, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के संस्थापक विवेक बरनवाल ने आए हुए अतिथियों का सम्मान करते हुए बच्चों के उत्साह को सराहा एवं प्रबंधिका शिप्रा बरनवाल ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

आए हुए अतिथियों के प्रति आभार उप प्रधानाचार्या रेखा श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार सिंह समेत विद्यालय के सभी अध्यापक, अन्य कर्मचारी व अभिभावक मौजूद रहे।

# सोबाए चुनाव : नरेंद्र पाठक अध्यक्ष आनंद मिश्र महामंत्री निर्वाचित

**चुनाव**

## विजयी पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ, दी गई बधाई

जनसंदेश न्यूज



माला पहने नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में शुक्रवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन वर्ष 2022-23 के लिए कराए गए चुनाव की मतगणना कराई गई। नरेंद्र कुमार पाठक अध्यक्ष, आनंद कुमार मिश्र महामंत्री व मनोज कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष चुने गए।

अंत में मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र की मौजूदगी में सभी विजयी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। उधर विजयी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न होने पर मुख्य चुनाव अधिकारी ने सभी का आभार जताया है। बता दें कि कुल 752 मतों की गिनती करनी थी। इसके लिए 100 मतों की गिनती प्रति राउंड में हुई। आठवें राउंड में महज 52 मतों की गिनती हुई। अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चौथे राउंड तक कांटे की टक्कर रही। पांचवें राउंड से अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार पाठक ने बढ़त बना ली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूनम सिंह को 30 मतों से पराजित कर दिया। यहीं हाल महामंत्री पद का रहा पांचवें राउंड में आनंद कुमार मिश्र ने बढ़त बना ली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजीव कुमार सिंह गौतम को 53 मतों से पराजित कर दिया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर शुरू से ही मनोज कुमार मिश्र ने बढ़त बनाए रखी और 205 मतों से भानु प्रताप चौहान को पराजित किया। अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार पाठक को 243 मत, पूनम सिंह को 213 मत, हेमनाथ द्विवेदी को 129 मत, मनोज कुमार पांडेय को 108 मत, विजय कृष्ण वर्मा को 24 मत व उमेश मिश्र को 18 मत मिले। इसी प्रकार से महामंत्री पद पर आनंद कुमार मिश्र को 345 मत, राजीव कुमार सिंह गौतम को 292 मत, शारदा प्रसाद मौर्य को 62 मत व अरुण कुमार सिंघल को 42 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार मिश्र को सर्वाधिक 469 मत मिले, जबकि भानु प्रताप चौहान को महज 264 मत मिले। सर्वाधिक अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद पर मत निरस्त हुए हैं। जबकि महामंत्री पद पर कम मत निरस्त हुए हैं। इसकी प्रमुख वजह दो प्रत्याशियों को मत देना अथवा किसी को मत न देना रही है। विजयी पदाधिकारियों ने वकीलों से सम्पर्क कर आभार जताया। वहीं मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश सिंह ने भी सकुशल चुनाव संपन्न होने पर सभी के प्रति आभार जताया है।

### बाबूराम सिंह महाविद्यालय के छात्रों ने श्रेष्ठता सूची में बनायी जगह

**रेणुकूट।** क्षेत्र के खाड़पाथर स्थित बाबूराम सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीपीएड संकाय के 3 छात्रों ने विश्वविद्यालय स्तर पर जारी श्रेष्ठता सूची में अपनी जगह बनाई है, जिससे महाविद्यालय में हर्ष है। महाविद्यालय के बीपीएड के 3 छात्रों ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अधीनस्थ 6 जिलों की वरिष्ठता सूची में शीर्ष 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया है। काशी विद्यापीठ की वरिष्ठता सूची में बाबूराम सिंह महाविद्यालय के 3 छात्रों में शीर्ष 10 की सूची में स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय के प्रबंधक बलवंत सिंह ने बताया कि कॉलेज के छात्र अमिष सिंह, कुमारी सीमा और रवि सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी श्रेष्ठता सूची में जगह बनाई है, महाविद्यालय के छात्र अमिष सिंह ने पांचवा, कुमारी सीमा ने आठवां और रवि सिंह ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। प्रबंधक ने बताया कि इन सभी छात्रों को 27 दिसंबर को विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवं कुलपति द्वारा प्रशस्ति देकर सम्मानित किया जाएगा। छात्रों की सफलता पर महाविद्यालय में हर्ष है।

# फर्जी मुकदमे के विरोध में संगठनों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



धरने को संबोधित करते जअपा नेता भागीरथी सिंह मौर्य

**शक्तिनगर।** महात्मा फुले फाउंडेशन के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष लाल बाबू कुशवाहा एवं जन अधिकार पार्टी जिलाध्यक्ष पिन्टू लाल कुशवाहा की अगुवाई में शुक्रवार को संध्या कुशवाहा के परिजनों एवं जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष व अन्य के ऊपर एनसीएल के सुरक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार शाह द्वारा कराए गए फर्जी मुकदमा वापस करने व संध्या के परिजनों को 50 लाख रुपए दिए जाने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने जीएम कार्यालय निगाही के समक्ष प्रदर्शन कर परियोजना के महाप्रबन्धक को मांग पत्र सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि बीते 18 अक्टूबर को चन्देल बस से निगाही कालोनी में संध्या कुशवाहा का एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। इलाज में लगभग पन्द्रह लाख रुपए लगे, इसके बावजूद संध्या की जान बच नही पाई। बस मालिक एवं एनसीएल की मिलीभगत से एनसीएल के सुरक्षा अधिकारी संदीप कुमार शाह द्वारा संध्या के परिजनों व अन्य लोगों के विरुद्ध फर्जी मुकदमा लगाकर उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महात्मा फुले फाउंडेशन एवं जन अधिकार पार्टी परिजनों को न्याय दिलाने की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगी। जरूरत पड़ी तो अनिश्चितकालीन धरना, आमरण अनशन किया जाएगा। जअपा रीवा संभाग प्रभारी भागीरथी सिंह मौर्य ने कहा कि एक्सीडेंट के बाद बस पलट गई, जिससे जाम लग गया, लोग घटना स्थान पर न पहुंच सके, इसके लिए एनसीएल के कर्मचारियों द्वारा मुख्य गेट को बंद कर दिया गया था। इसके वावजूद संध्या के परिजनों, जाप जिलाध्यक्ष पिन्टू लाल कुशवाहा व अन्य के ऊपर फर्जी मुकदमा लगाना कहा तक का न्याय संगत है।

इस मौके पर सुमन्त सिंह मौर्य, रविरंजन शाक्य, अवनीश सिंह कुशवाहा, श्याम बिहारी यादव, शिवकुमारी कुशवाहा, रामबृक्ष कुशवाहा, संदीप शाह, लालबहादुर कुशवाहा, श्यामलाल, अक्षय शाह, सन्दीप शाह, दिलीप कुशवाहा, हनुमान कुशवाहा, मोहित कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, हरिश्चंद्र कुशवाहा, रामबहोर कुशवाहा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार की मौत

चोपन। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर शुक्रवार को कैलाश मंदिर के सामने वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताया गया कि आनंद सिंह 45 पुत्र स्व. अर्जुन सिंह निवासी अवकाश नगर, चोपन अपने बाइक से बाजार जा रहा था जैसे ही वह वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर कैलाश मंदिर के सामने पहुंचा कि गलत साईड से आ रहे ट्रैक्टर ने सामने से उसे धक्का मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। लोगों की मानें तो ट्रैक्टर पर लकड़ी लदा हुआ था, जो धक्का मारने के बाद फरार हो गया। पुलिस उक्त ट्रैक्टर को तलाश करने में जुट गई है।

### वार्ड में स्ट्रीट लाईट चोरी, आक्रोश

**ओबरा।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड आठ में स्ट्रीट लाईट चोर गिरोह तेजी से चोरी कर रहे हैं। सभासद राहुल श्रीवास्तव ने कहा कि वार्ड के हर गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट नगर पंचायत द्वारा लगवाया गया था। वहीं ठंड आते ही लाइट चोरी का मामला बढ़ गया है। 5 सालों में तमाम जगहों पर स्ट्रीट लाइट लगी थी। इसके पूर्व भी कई लाइट चोरी होने पर दुबारा लाइटों को लगवाया गया था। उन्होंने लाईट चोरी की लिखित शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से करने के साथ पुलिस प्रशासन से भी आग्रह किया है कि रात में गस्त बढ़ाई जाए। ताकि लाइट चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश हो सके। वही सभासद मनीष विश्कर्मा, आनंद जायसवाल ने भी बताया कि पूरे ओबरा नगर में स्ट्रीट लाइटों की चोरी तेजी से हो रही है। इसके चलते आम जनता को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर सभासद दसरथ शुक्ला, सभासद प्रतिनिधि उमेश मौजूद रहे।

### बावली में डूबने से युवक की मौत

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धनखोर गांव में शुक्रवार को बावली में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया। बताया गया कि धनखोर निवासी रामशरण 35 पुत्र जगदेव अपने खेत में बने बावली में नहाने गया था। नहाते समय अचानक पैर फिसलने से वह बावली में चला गया, जिससे बाउली में डूबने से उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया।

### 30 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**दुद्धी।** कोतवाली पुलिस ने तीन अभियुक्तों को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ धर दबोचा। जिन पर आबकारी अधिनियम की धाराओं में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि इंद्रदेव सागर के पास से बीडर गांव में तलाशी के दौरान 10 लीटर, नागेंद्र भारती निवासी बीड़र के पास से भी 10 लीटर व घनश्याम यादव निवासी जाबर मोड़ के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर चालान कर दिया गया। टीम में उपनिरीक्षक दिग्विजय सिंह, संजय कुमार सिंह, रमन कुमार, मनीष कुमार, श्रीनाथ शर्मा शामिल रहे।

### एक वारंटी गिरफ्तार

ओबरा। पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार न्यायालय से जारी वारंट के मामले में शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि राजाराम उर्फ नटवा स्वीपर हाल पता सेक्टर चार अपने घर के बाहर मौजूद है। सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी द्वारा उक्त वारंटी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### जहरीला चारा खाने से पांच बकरियां मरी

**खलियारी।** रायपुर थाना क्षेत्र के सरईगाढ़ गांव में जहरीला चारा चरने से पांच बकरियों की मौत हो गयी। बताया गया कि रामपति प्रजापति की बकरी शुक्रवार की सुबह सिवान में चरने गयी थी। इसी दौरान कीटनाशक दवा का छिड़काव की गयी घास को बकरियों ने चर लिया। जब तक पशु पालक बकरियों का इलाज कराता तब तक उनकी मौत हो गयी।

### पूर्व पीएम की जयंती कल

**सोनभद्र।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती 25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस के रुप में जनपद के सभी 1613 बूथ पर मनाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी जायेगी।

# प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत लगी किसान चौपाल

**चौपाल**

## समस्याओं का किया मौके पर निस्तारण



चौपाल में समस्याएं सुनते अधिकारी

**सोनभद्र।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देश पर शुसासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत गोठानी विकास खंड चोपन में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ने किसान चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी तथा उसका निस्तारण किया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन द्वारा किसान दिवस के अवसर पर गांव में किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया जाना था।

जन चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी ने गांव के लोगों से कहा कि प्रशासन सदैव आपके साथ है आपके किसी भी शिकायत के निस्तारण के लिए प्रशासन की पूरी टीम गांव की ओर है। मौके पर ही इसका निस्तारण किया जा रहा है। आज ही नहीं अपितु ग्राम पंचायतों में प्रत्येक सोमवार को रोस्टर के अनुसार जन चौपाल का आयोजन कर शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है।

किसानों के शिकायतों के निस्तारण के लिए प्राथमिकता पर निवारण किया जा रहा है। किसानों को सरकार की सभी लाभकारी योजना के बारे में जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी का आह्वान किया कि आप अपनी बात को प्रशासन के समक्ष निःसंकोच रूप से रखें जिससे कि उसका निस्तारण किया जा सके। किसान दिवस के अवसर पर तथा प्रशासन गांव की ओर सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारित किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, सचिव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, खंड विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ विशाल सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

### भूख हड़ताल 17वें दिन भी जारी

**ओबरा।** तहसील भवन की मांग को लेकर चल रहे 53 दिनों से आंदोलन के क्रम में अधिवक्ताओं का भूख हड़ताल 17 वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को एड अर्जुन शर्मा तथा एड धर्मेंद्र यादव का भूख हड़ताल पर माल्यार्पण एड लाल चंद एवं स्टांप विक्रेता चंद्र नाथ भगत द्वारा किया गया। धरना स्थल पर सभा को अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के निर्णय एवं राज्यपाल द्वारा जारी गजट अधिसूचना के पश्चात किन कारणों से स्थायी तहसील निर्माण ओबरा विधानसभा के बाहर किये जाने का निर्णय लिया गया इसकी जांच करने की मांग किया। इस अवसर पर कपूरचंद पांडे, रमाशंकर यादव, महामंत्री अनिल मिश्रा, अनिल चौधरी, दिनेश दुबे,एसके चौबे, नसीम खान, एड पुष्पराज पांडे, अवधेश अग्रवाल, ब्रह्मा कुमार, राहुल प्रताप सिंह, जेपी गुप्ता, राजकुमार पांडे, राजू पाठक, एड उमेश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# सज गया राम दरबार, आज से नगर में गूंजेगी मानस की चौपाइयां

**श्रृंगार**

## आचार्य सूर्यलाल मिश्र के आचार्यत्व में 111 भूदेव करेंगे प्रतिभाग

**सोनभद्र।** आरटीएस क्लब में शनिवार से नौ दिवसीय श्रीरामचरितमानस नवाह पाठ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रातः 7:00 बजे से प्रभु का श्रृंगार पूजन एवं आरती एवं प्रातः 9 बजे से आचार्य सूर्यलाल मिश्र के आचार्यत्व में मानस पाठ होगा तथा शाम 7:00 बजे से आगंतुक कथा वाचक पंडित कृष्णानंद त्रिपाठी, मुरारी जी शास्त्री, हेमंत त्रिपाठी, विद्यार्थी जी, अछूतानंद पाठक, अखिलेश उपाध्याय व मधुसूदन शास्त्री के द्वारा संगीतमय राम कथा वाचन होगा।

रविवार को मध्यांतर के बाद प्रभु रामचंद्र का जन्मोत्सव, 26 दिसंबर को मध्यांतर के बाद राम विवाह, 31 दिसंबर को मध्यांतर के बाद रावण वध, 1 जनवरी को प्रातः 9 बजे से राम राज्याभिषेक, 2 जनवरी को प्रातः 11 से प्रभु का भंडारा एवं प्रसाद वितरण, दोपहर शोभा यात्रा एवं रात्रि 9 बजे मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के तत्वाधान में कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन एवं महामंत्री सुशील पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि काशी रत्नालंकृत आचार्य सूर्य लाल मिश्रा के आचार्यत्व 111 भू देवों द्वारा नवाह पारायण होगा। व्यवस्था की देखरेख राकेश त्रिपाठी करेंगे। बताया कि आरटीएस क्लब के मंच पर राम दरबार सज गया है। मूर्ति का निर्माण काशी के कलाकार द्वारा किया गया है और मंच को साज-सज्जा देने के लिए वाराणसी कोलकाता के कलाकारों द्वारा भव्य रूप प्रदान किया जा चुका है। आचार्य पंडित संतोष कुमार द्विवेदी, पंडित शिव कुमार शास्त्री, पंडित अनिल पांडे, पंडित यशवंत पांडे द्वारा राम दरबार मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई जा चुकी है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से संपूर्ण नगर राममय में हो गया है। 27 वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा का यह 28 वां वर्ष है।

# सैकड़ों लोगों में कंबल व आठ गर्भवती महिलाओं में सुपोषण किट वितरण

**अवसर**

## गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की सेहत का रखे बेहद ख्याल

जनसंदेश न्यूज

**डाला ।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सीएसआर द्वारा आदित्य वेनलेस सेंटर पर शुक्रवार की सायं मोतियाबिन्द से जुझ रहे लोगों का आखों की रोशनी लौटाने के बाद उन्ही सैकड़ों लोगों को कंबल का वितरण करके अन्य आठ गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोशनी बजाज रही। मुख्य अतिथि श्री बजाज ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं की सेहत का बहुत ही ख्याल रखना पड़ता है, आपके उत्तम स्वास्थ्य के लिए आपको सुपोषण किट दे रहे है जिससे आपका बच्चा स्वस्थ रहे, अल्ट्राटेक द्वारा मोतियाबिन्द का आपरेशन करा करके जिन पुरुषों की रोशनी लौटाई गई है उन सैकड़ों लोगों को बुलाकर ठंड से बचाव के लिए बृद्धों को कंबल दिया गया है। गितिका सहगल ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी द्वारा आदिवासी पिछड़े लोगों के चेहरे पर मुस्कान बनी रहे जिसका ध्यान हरदम रखा जाता है, आदिवासियों के विभिन्न गावों मे अलग अलग माध्यम से चलाई जा रही है। ग्रामीण ओमप्रकाश ने बताया की अल्ट्राटेक द्वारा कराया गया कार्य काबीले तारीफ है कंपनी के साहसिक कदम से आज जीवन जीना आसान हो गया है। इस दौरान आरती खोसला, कंचन तिवारी, प्राची जैन, डा मनोज पाठक, ऋषि राज सिंह शेखावत, रमेश चन्द्र पाण्डेय, दिनेश यादव, श्रृजन किशोर मौजूद रहे।

### श्वेता ने पत्रकारिता जनसंचार पाठ्यक्रम में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बीजपुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के परीक्षा नियंत्रक द्वारा 22 दिसम्बर को स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में टॉप-10 के विद्यार्थियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। जारी लिस्ट के अनुसार एनटीपीसी कैम्पस महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शक्तिनगर एम ए पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम की छात्रा श्वेता पुत्री दया शंकर त्रिपाठी ने 1600 में से 1117 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ विश्व विद्यालय के टॉप-10 की सूची में छठवें स्थान पर कब्जा जमाकर अपने विद्यालय के साथ रिहंदनगर का नाम रोशन किया। विद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्वेता ने अपने विद्यालय में उक्त पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की है। श्वेता ने इसका श्रेय अपने विषय के प्रोफेसर डा. छोटेलाल प्रसाद व हिंदी विभाग के प्रोफेसर डा. मानिक चंद पाण्डेय के साथ विद्यालय के अन्य गुरुजनों को दिया है।

# डीआईजी ने किया शाहगंज थाने का किया निरीक्षण

**जाना हाल**

## बीटवार रजिस्टर की जांच प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेने का दिया निर्देश



शाहगंज थाने का निरीक्षण करते डीआईजी

**सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर आरपी सिंह ने शुक्रवार को थाना शाहगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या/बलवा से सम्बन्धित रजिस्टर व बीट सूचना रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा उक्त अभिलेखों को अद्यावधिक करने एवं उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया। शिकायती प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत अंकन करने तथा समस्या का निस्तारण करते हुए शिकायती प्रार्थान पत्रों के निस्तारण के संबंध में फरियादियों से निरन्तर फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने हेतु दिशा निर्देश दिये गये। बीट पुलिसिंग प्रणाली के माध्यम से जनसमस्याओं के समाधान हेतु निर्देशित किया गया तथा बीट पुलिस कर्मियों की समीक्षा की गयी और समय से बीट सूचना अंकित कराने हेतु निर्देशित किया। मालखाने में रखे बलवा ड्रिल से सम्बन्धित उपकरणों की साफ सफाई करा कर रखने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका तत्काल उपयोग किया जा सके एवं लावारिश वाहन/माल की सूची बनाकर नीलामी की प्रक्रिया नियमानुसार अतिशीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में खड़े बेतरतीब वाहनों को उचित स्थान पर यथाशीघ्र रखने तथा थाना परिसर की साफ सफाई तथा सभी पुलिस कर्मियों को मानक के अनुसार वर्दी धारण करने तथा टर्नआउट उच्च कोटि का रखने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी घोरावल थाना प्रभारी शाहगंज सहित अन्य अकर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती पर सम्मानित हुए ३२ किसान

**प्रदर्शनी**

## कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं की दी गयी जानकारी

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट परिसर में किसान को सम्मानित करती जिपं अध्यक्ष राधिका पटेल

**सोनभद्र।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद के 32 प्रगतिशील किसानों को जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा स्मृतिचिन्ह, प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर मक्का विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मक्का उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिले के किसानों ने परम्परागत खेती से हटकर तकनीकी खेती को अपनाया है, जिससे तकनीकी विधि से खेती से अच्छी आमदनी की उम्मीद किसानों में देखने को मिल रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि तकनीकी विधि से की जा रही खेती ड्रैगनफ्रूड के साथ ही स्ट्राबेरी का भी उत्पादन आसानी के साथ किया जा सकता है, जिससे किसानों की आमदनी में काफी बढ़ोत्तरी हो सकती है, इस खेती में कम लागत व कम पानी में अधिक पैदावार कर किसान बन्धु अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकते हैं। किसान मानसिंह पटेल ने ड्रैगनफ्रूट की खेती के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि इस खेती से अच्छी खासी मुनाफा होने की उम्मीद है। इस दौरान जिले के प्रगतिशील किसानों को गेंहूँ, चना, मक्का, मौन पालन, टमाटर, ड्रैगनफ्रूट, मिर्च, कोया उत्पादन, मछली पालन, दूध उत्पादन आदि के क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने पर प्रथम व द्वितीय स्थान का चयन कर क्रमशः 7 हजार व 5 हजार रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, डा. एलपी सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, विनय कुमार सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# किसान संगठनों ने मनाया किसान दिवस



चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते किसान नेता

**सोनभद्र।** चौधरी चरण सिंह के 120वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल तथा पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के किसानों ने सिंचाई डाक बंगला रावट्र्सगंज में चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किसान दिवस मनाया। श्रीकान्त त्रिपाठी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में अपना सम्पूर्ण जीवन लगा दिया। किसानों के लिए भूमि सुधार अधिनियम लागू करके चौधरी चरण सिंह ने जमींदारी उन्मूलन समाप्त करते हुए किसानों को जमीनों का मालिकाना हक दिलाकर ऐतिहासिक काम किया।

गिरीश पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ही किसानों की सबसे हितैषी पार्टी है। लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जुड़कर अपनी समस्याओं तथा अधिकारों को लड़कर लेने की बात करते हुए संगठन से जुड़ने की अपील किया। राम सेवक पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। वहीं किसानों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसानों और मजदूरों की किसी भी तरह की समस्या के लिए राष्ट्रीय लोकदल सदैव संघर्ष करने के लिए तैयार है। इस मौके पर रमाकांत तिवारी, सुमित मिश्रा, अभय पटेल, उदय प्रकाश, भोला बाबा, हीरालाल, विनय, बृजेश, राजेश कुमार, अनिल गुप्ता, चंद्र, राजेश, श्याम सुन्दर, राजकुमार सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### सपाईयों ने मनायी चौधरी चरण सिंह की जयंती

**सोनभद्र।** सपा जिला कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की जयंती निवर्तमान जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सईद कुरैशी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान नेता थे, जो हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया। उनके रास्ते पर चलते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ने का काम किया। कहा कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी नहीं है। सरकार जब-जब सत्ता में आई, तब तब किसानों को ठगने का काम किया। निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि देश के अन्य सारे धंधे फायदे में लेकिन किसान घाटे में है। इस मौके पर अनिल प्रधान, जितेंद्र गुप्ता, विजय पांडे, बबलू थापा, अमन गोस्वामी, अकबर अली, रामबदन, पेबारू यादव, धर्मेंद्र चौहान, रामकृपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# चोरों ने गल्ले की दुकान में सेंध लगाकर 70 बोरी अनाज उड़ाया

जनसंदेश न्यूज

**बबुरी।** हौसला बुलंद चोर क्षेत्र में लगातार एक के बाद एक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं वही बबुरी पुलिस इन इन घटनाओं का खुलासा करने में निष्क्रिय साबित हो रही है । एक बार फिर बेखौफ चोरों ने शुक्रवार की देर रात क्षेत्र के कुरई गांव के पास एक गल्ले की दुकान में सेंध लगाकर उसमे रखे 70 बोरी अनाज पर हाथ साफ कर दिया।



चोरी के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण

भटपुरवा गांव निवासी राकेश कुमार की कुरई गांव स्थित जरखोर धरौली मार्ग पर एक गल्ले की दुकान है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार की देर शाम दुकान बंद करके वे अपने घर चले गए। इसी दरमियान देर रात में अज्ञात चोर दुकान के पीछे की दीवाल में नकब( सेध)लगाकर उसमे रखे 70 बोरी अनाज को चुरा ले गये। सुबह खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने जब देखा कि दुकान के पीछे की दीवाल टूटी हुई है, तो इसकी जानकारी दुकानदार को दिया। वहा पहुँचकर राकेश कुमार ने दुकान के अंदर का नजारा देखा तो सन्न रह गया। भुक्तभोगी राकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सेध लगाकर दुकान में रखे 63 बोरी धान, 5 बोरी चावल, 2 बोरी गेहूं चुरा ले गए हैं। वही पेटी में रखे फुकटर पैसे भी ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुँचकर कर जांच पड़ताल में जुट गई। ज्ञात हो कि आए दिन क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वही बबुरी पुलिस के तमाम प्रयासों को बाद भी इन चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है।

## बाइक की टक्कर से छात्र घायल

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां कस्बा स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज में कक्षा दो का छात्र 7 वर्षीय बादल कुमार तेज स्पीड बाइक की टक्कर में घायल हो गया। स्थानीय लोगो से चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सराय बंधवापर के रहने वाले बादल कुमार चहनियां स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज में कक्षा दो का छात्र है। बिद्यालय बन्द होने के बाद वह घर जा रहा था। कस्बा की तरफ से तेज स्पीड में आ रही बाइक ने कालेज के गेट पर ही धक्का मार दिया। लहूलुहान हालत में उसे स्थानीय लोगो ने चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गये। जंहा हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बावासियों का कहना है कि इस मार्ग पर हमेशा ही तेज स्पीड में वाहन आते जाते है। जिनपर कोई लगाम नही है। ग्रामीणों ने खण्डवारी कालेज के पास दोनो तरफ ब्रेकर बनवाने की मांग की है। क्योंकि इस बिद्यालय में बच्चे ज्यादा आते जाते है।

# किसान धान, गेहूं के अलावा दलहन, तिलहन मशरूम, स्ट्राबेरी, ड्रैगन की करें खेती

**चंदौली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती पर शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ ही दीप प्रज्जवलित कर किया। साथ ही जिलाधिकारी ईशा दुहन, पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल, सीडीओ अजितेंद्रनारायण ने परिसर में लगे स्टालों का अवलोकन किया। वहीं किसानों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ ही तकनीकी खेती, पराली प्रबंधन, रसायनिक उर्वरकों आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डीएम ईशा दुहन ने कहा कि सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों को लाभांवित कराने का हर संभव प्रयास किया जाता है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं की अच्छी तरह से जनपद में क्रियान्वयन किए जाने को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। किसानों की शिकायतों का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। धान खरीद, खाद वितरण के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी व सहूलियत पूर्वक किसानों से धान खरीद, खाद वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना में भी त्रुटि, नए रजिस्ट्रेशन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। ताकि पात्र किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभांवित किया जा सके। इसके अलावा लोन मेला के माध्यम से किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य रोजगार के लिए सहूलियत पूर्वक ऋण स्वीकृति एवं वितरण किया जा रहा है। कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से धान की खरीद जनपद में पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील किया कि यदि कहीं दिक्कत, कठिनाइयां उत्पन्न हो तो तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराएं। ताकि तत्काल समस्या का समाधान किया जा सके। कहा कि किसान धान, गेहूं के अलावा आधुनिक खेती, ऑर्गेनिक खेती कर दलहन, तिलहन, मशरूम, स्ट्राबेरी, ड्रैगन फ्रूट आदि खेती करें। साथ ही उत्पादन कर अपनी आमदनी बढ़ाये। जिला प्रशासन पूरी तरह सहयोग के लिए खड़ा है। डीएम ने चंद्रप्रभा बांध से रिसते पानी एवं नहरों की सिल्ट सफाई, धान क्रय केंद्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर चर्चा करते हुए किसानों की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे ने विभाग की संचालित योजनाएं एवं रबी-2022 की रणनीति पर प्रकाश डाला। वैज्ञानिक डा. दिनेश सिंह ने उद्यानिक फसलों की खेती कर कृषकों को अतिरिक्त लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वैज्ञानिक डा. हनुमान प्रसाद पांडेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अरविंद वैश्य, जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव के साथ ही अनिल सिंह, अनिता सिंह, जानकी, धनंजय कुशवाहा आदि किसान मौजूद रहे।



## संक्षेप

### शिकायत पर एसडीएम ने क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

**सकलडीहा।** धान क्रय केन्द्रों पर धान खरीदारी को लेकर आपाथापी मची है। किसानों की शिकायत पर एसडीएम मनोज पाठक शुक्रवार को क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों ने धान खरीदारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। वही किसानों को नंबर से धान की खरीदारी कराने का अपील किया। धान क्रय केंद्रों पर धान बेचने को लेकर किसान ठंड के मौसम में रात में ट्रैक्टर लेकर तौल के लिये नंबर लगा रहे है। इसके बाद भी किसानों को समय से धान की खरीदारी शुरू नही हो पा रहा है। किसानों का आरोप है कि विपणन क्रय केन्द्र पर धान की खरीदारी को लेकर मनमानी किया जा रहा है। छोटे किसानों को सुबह से शाम तक कई दिन चक्कर लगाना पड़ रहा है। ट्रैक्टरों के कारण सड़क पर जाम लग जा रही है। किसानों की शिकायत पर एसडीएम क्रय केन्द्र पर पहुंचकर खरीदारी का निरीक्षण किया। इस दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी को नंबर के आधार पर खरीदारी का निर्देश दिया। साथ ही किसानों को ट्रैक्टर को कतारबद्ध खड़ा करने को बताया। इस बाबत एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि धान की खरीदारी को लेकर भीड़ लग रहा है। तौल के लिये अतिरिक्त व्यवस्था किया जायेगा। इस मौके पर विपणन केन्द्र प्रभारी विजय कुमार गुप्ता किसान भोला तिवारी, अंगद सिंह, रामजनम सहित अन्य किसान मौजूद रहे।



सकलडीहा विपणन केन्द्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम मनोज पाठक व अन्य

### समाचार पत्र विक्रेता की दुकान में चोरी

**चकिया।** नगर के वार्ड नंबर 6 सिविल लाइन पूर्वी में स्थित तहसील कार्यालय के ठीक सामने बीती रात चोरों ने समाचार विक्रेता रवि चन्द गोंड़ की दुकान को निशाना बना लिया। चोरों ने दुकान में रखे 7 हजार रुपए नगद सहित आवश्यक कागजात और पान की दुकान से संबंधित आवश्यक खाद्य पदार्थों पर हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने घटना के बाबत लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है पुलिस मामले की छानबीन कर रही। भुक्तभोगी रविचंद्र ने कोतवाल को बताया कि कुछ माह पूर्व उसी की दुकान में चोरी हुई थी जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ था। नगर के बीचो बीच स्थित तहसील कार्यालय के ठीक सामने हुई चोरी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा करती है।

### मोटर साइकिल की टक्कर से अधेड़ की मौत

**कंदवा ।** भदखरी तेल्हरा मार्ग पर खुरहट गांव के पास मोटर साइकिल के टक्कर से लालजी 46 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने उन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खुरहट गांव निवासी लालजी बिंद शुक्रवार की सुबह अपने खेत पर जा रहे थे। कि तेल्हरा की ओर से आ रहे मोटर साइकिल से धक्का लग जाने से गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे ग्रामीणों ने ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही घर के परिजनों कोहराम मच गया।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कंदवा।** उच्चाधिकारियों के निर्देश के क्रम मे कंदवा पुलिस यूपी-बिहार सीमा पर मुस्तैद है। प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ककरैत पुलिया पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध शराब सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा तस्कर के पास से 42 शीशी अवैध देशी शराब बरामद कर जेल भेज दिया गया। कंदवा थानाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि साधुचरण सिंह पुत्र भगन सिंह सकरौली बद्धूपुर मोहनियां जिला कैमूर भभुआ बिहार को 42 शीशी देशी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर को आवश्यक कागजी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

### अवैध देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के उसरी गांव के नहर मोड़ के पास से कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की सुबह बाइक सवार युवक को 130 पेटी अवैध टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उसरी गांव के नहर के पास संदीप ने बाइक सवार को रोककर पूछताछ की गई तो वह भागने लगा। पीछा कर उसे जब हिरासत में लिया गया तो उसके झोले से 130 टेट्रा पैक ब्लू लाइम बरामद हुआ। बाइक सवार युवक की पहचान बिहार प्रांत के कैमूर जनपद के चौनपुर थाना अंतर्गत नाउडीह गांव निवासी सिपाही राय के रूप में हुई। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान एसआई अभिषेक शुक्ला सहित आदि पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### किसानों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित

**चंदौली।** जनपद में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत किया गया। रमेश जायसवाल, जिलाधिकारी ईशा दुहन, सीडीओ अजितेंद्रनारायण ने किसानों का माल्यार्पण करने के अलावा प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें जनपद स्तर पर रबी 2021-22 में 5 प्रथम व 4 द्वितीय, विकास खंड स्तर पर 9 प्रथम, खरीफ 2022-23 में एक प्रथम, एक द्वितीय, विशिष्ट महिला में 2 प्रथम, जैविक, प्राकृतिक खेती में एक प्रथम, विकास खंड स्तर पर रबी 2021-22 में 9 प्रथम खरीफ 2022-23 में 9 प्रथम व मत्स्य पालन एवं उद्यान से 4 प्रथम एवं 4 द्वितीय के अलावा ब्लाक स्तर पर 9 प्रथम और पशुपालन से 2 प्रथम, 2 द्वितीय व विकास खण्ड स्तर पर 9 प्रथम पुरस्कार प्राप्त कृषकों सम्मानित किया गया।

### वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में इलेक्ट्रिकल विजेता व मैकेनिकल उपविजेता

**चंदौली।** चंदौली पॉलिटेक्निक प्रांगण में खेलकूद एवं वाद विवाद प्रतियोगिता शुक्रवार को सकुशल संपन्न हो गई। जहां पर छात्र.छात्राओं ने अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। वॉलीबॉल मैच के फाइनल में इलेक्ट्रिकल उपविजेता और मैकेनिकल उपविजेता रहा। पॉलिटेक्निक खेलकूद प्रतियोगिता में वाद विवाद प्रतियोगिता के दौरान चेतन गुप्ता प्रथम हर्ष मिश्रा द्वितीय आकांक्षा तृतीय स्थान प्राप्त किया एकल नृत्य में नमन श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में सिद्धार्थ राजपूत में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता के चैंपियन रहे वहीं बालिका वर्ग में ममता कुमारी चैंपियन रहे। इसका समापन प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप सिंह ने किया और कहा कि बच्चों अपने भविष्य को लेकर हमेशा चिंतित रहे खेलकूद हो या पढ़ाई हर में आगे बढ़ने की जरूरत है। इस दौरान राजेश प्रसाद राम भवन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य सराहनीय : आशुतोष

**चहनियां।** स्थित मां खण्डवारी पीजी कालेज में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं का पांच दिवसीय उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ,विशिष्ठ अतिथि व अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। स्काउट गाइड द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत ,सरस्वती बन्दना, संगीत,नाटक मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बिद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डॉ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह व प्रबंध निदेशक डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह कैलाशी ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधान परिषद सदस्य स्नातक खण्ड वाराणसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि मां खण्डवारी पीजी कालेज ने जनपद में शिक्षा के क्षेत्र में अलग स्थान बनाया है। महाविद्यालय द्वारा गरीब बच्चो को निशुल्क शिक्षा देने का कार्य सराहनीय है।जीवन मे संघर्ष बहुत है। किन्तु स्काउट गाइड प्रशिक्षण जीना सीखा देती है। देश को अनेकता में एकता दिखाने का कार्य करते है स्काउड गाइड की प्रस्तुतियां काबिले तारीफ है। विशिष्ठ अतिथि जिला आयुक्त रजनीश कुमार सिंह ने कहा कि बीरता में एकता,अनेकता में एकता सब स्काउट गाइड में है। जिस देश मे पैदा हुए उसका एक ऋण भी चुका दिया तो स्काउट गाइड प्रशिक्षण पूर्ण है। इस दौरान जिला सचिव बिरेन्द्र सिंह,निदेशक अवनीश सिंह,बीएड विभागाध्यक्ष डॉ0 नवनीत तिवारी,सैयद अली अंसारी,ट्रेनर पवन गुप्ता,ट्रेनर रेखा यादव,डॉ0 अशोक सिंह, अमरजीत यादव,लवकुश पाण्डेय, उमेश चन्द्र यादव,सीमा सिंह, अनुज पटेल,शालिनी शर्मा,नितेश मिश्रा,सुनीता गुप्ता ,जयप्रकाश,राजेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे। अध्यक्षता प्रबंधक डॉ0 राजेन्द्र प्रताप सिंह व संचालन मुख्य ट्रेनर महेंद्र कुमार ने किया।



खण्डवारी पीजी कालेज में स्मृति चिन्ह के साथ छात्र-छात्राए व मुख्य अतिथि

# सदाचारी और निष्पक्ष बनें अधिकारी और कर्मचारी : एसडीएम

**सकलडीहा।** शासन की ओर से गुड गवर्नेन्स प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को तहसील सभागार में एसडीएम मनोज पाठक ने कार्यशाला के माध्यम से अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन का शपथ दिलाया। उन्हें उत्तरदायित्व और निष्पक्ष होने का पाठ पढ़ाया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए एसडीएम मनोज पाठक ने बताया कि अधिकारी और कर्मचारी को फरियादियों के साथ सदाचार के साथ पेश आये। किसी काम के लिये उन्हें बार बार दौड़ाया नही जाय।

अधिकारी कार्यो के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझे। समय से समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे। इसके पूर्व तहसीलदार डा. वंदना मिश्रा, नायब तहसीलदार नीरज चतुवेर्दी, अमित सिंह,मुहम्मद आरिफ अंसारी ने विस्तार से शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढ़ग से लोगों के बीच जागरूक करने की अपील किया। अंत में अधिकारियों ने बगैर बहाने बाजी ग्रामीणों को गुण गवर्नेन्स होने का शपथ दिलाया। इस मौके पर बीडीओ अरूण कुमार पांडेय, धानापुर बीडीओ विजय कुमार, बीडीओ चहनिया प्रमोद गुप्ता, पूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदी, केके मिश्रा, बार अध्यक्ष नितिन तिवारी,क्षेत्रीय अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, सीडीपीओ अवधेश सिंह, रजिस्टार गयासुद्दीन, अजय सिंह, लेखपाल प्रदीप सिंह, संजय मौर्य, रश्मिी गुप्ता, पूजा वर्मा, सौरभ, चन्द्रभूषण, रामकेश यादव, चंदन, सुभाष, प्रदीप सिंह सहित अन्य लेखपाल सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।



तहसील सभागार में गुड गर्वनेन्स के बारे में अधिकारियों को जानकारी देते एसडीएम मनोज पाठक

# छुट्टा पशुओं के आतंक से किसान परेशान



फत्तेपुर के सीवान मे घुमते छुट्टा पशु

**पड़ाव।** क्षेत्र के व्यासपुर बखरा चांदीतारा और फत्तेपुर के सीवान मे छुट्टा पशुओ का आतंक से किसान परेशान हो रहे है। यहां तक कि लोग अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए रातों में पहरा दे रहे हैं। आलम यह है कि सिंचाई की उचित व्यवस्था ना होने के कारण किसी तरह किसान बुवाई के पश्चात पैसे लगाकर गेहूं की फसलों को सिंचाई कर रहा है। उसको छुट्टा पशु रौदने के साथ-साथ झुंड बनाकर दर्जनों की संख्या में फसलों को चट कर जा रहे हैं। इतना ही नहीं रातों में इन छुट्टा पशुओं के कारण सड़कों पर चलना लोगों के लिए दुश्वार हो गया है। इनके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं एक तरफ वर्तमान सरकार ने अधिकारियों को सख्त आदेश दे रखा है। छुट्टा पशुओं के लिए उचित व्यवस्थाएं किया जाए उसके बावजूद संबंधित अधिकारीगण चुप्पी साधे हुए है। यहां तक कि जब इस संबंध में अधिकारियों से दूर संचार के माध्यम द्वारा बात किया गया तो उन्होंने दूसरे अधिकारियों से बात करने के लिए कहा वही इस संबंध में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर उप जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की तरफ से छुट्टा पशुओं के लिए आश्रय की व्यवस्था की गई है।

### सुकन्या समृद्धि योजना से मां बाप रहेंगे चिंता मुक्त प्रवर डाक अधीक्षक

**सकलडीहा।** वाराणसी पूर्वी मंडल प्रवर डाक अधीक्षक राजन के नेतृत्व में शुक्रवार को चतुर्भुजपुर डाक घर पर मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बैकिंग सुविधा के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। वाराणसी पूर्वी मंडल प्रवर डाक अधीक्षक राजन ने बताया कि डाक विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजना के तहत हर ग्रामीण और व्यापारी को परेशान नही होना पडेगा। डाक विभाग बैंकों की तरह बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक आदि के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि सुकन्या समृद्ध योजना के तहत बेटी की शादी के लिये मां बाप चिंता मुक्त रहेंगे। इसके साथ ही डाक विभाग द्वारा चलायी जा रही योजना के बारे में समीक्षा किया। योजनाओं का जन जन तक पहुंचाने के लिये गांव गांव में कैंप शिविर का आयोजन के बारे में निर्देशित किया। इस मौके पर डाक निरीक्षक सर्वेश सिंह, मैनेजर, अमित सिंह, विक्की कुमार, राम गुलाम, संतोष चौरसिया सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो बसों की टक्कर में 40 यात्री घायल

**चन्दौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जगदीश सराय के समीप दो बसों की टक्कर में 10 लोगों के गंभीर समेत 40 यात्रियों के घायल होने की सूचना से पुलिस व स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया. सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने घायलों को बाहर निकाला और 108 एम्बुलेंस व डायल 112 कि मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुचाया गया. वहीं घायलों के पहुँचते ही डॉक्टरों की टीम ने उपचार शुरू कर दिया. हालांकि बाद में मॉकड्रिल की बात सामने आने पर लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पीआरवी, फायर सर्विस, एम्बुलेंस, चिकित्सा, एनएचआई की टीम का संयुक्त मॉकड्रिल किया गया. जिसमें किसी भी दुर्घटना एवं आपात स्थिति में घटना स्थल तक पहुंचने, घायलों को वहां से निकालने, सभी सम्बन्धित को तत्काल सूचना प्रेषित करने, प्राथमिक उपचार देने, अस्पताल पहुंचाने, चिकित्सा उपलब्ध कराने, आवागमन संचालित कराने, घटना स्थल का निरीक्षण करने आदि के बारे मॉकड्रिल कर उनकी रिस्पांस टाइमिंग परखी गई. सूचना प्रसारित होते ही तत्काल घटना स्थल पर एडीएम उमेश मिश्रा, एसडीएम सदर अजय मिश्रा, सीओ सदर रामवीर सिंह, सीओ यातायात, एफएसओ, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय पर्याप्त पुलिस बल, प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा मय पुलिस बल, प्रभारी निरीक्षक अलीनगर मय पुलिस बल, पीआरवी वाहन, एनएचआई टीम, एम्बुलेंस आदि मौके पर पहुंच गयीं राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करते हुए घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय भिजवाया गया तथा क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा यातायात संचालित कराया गया। इस बाबत पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल ने बताया गया कि ठंड का मौसम चल रहा है. इस दौरान कोहरे के चलते लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं के दृष्टिगत आज यह ड्रिल कराई गई. मॉक ड्रिल से यह सुनिश्चित किया जाता है कि जो निर्धारित प्रक्रिया है उसका पालन हो रहा है या नहीं अथवा इसमें क्या सुधार या बदलाव करने की आवश्यकता है. मॉक ड्रिल काफी उच्च स्तर का एवं प्रभावशाली रहा।

## वन भूमि को कब्जा मुक्त कराने की बनाई रणनीति

**चकिया।** डीएफओ दिनेश सिंह के निर्देश पर नवागत वन क्षेत्राधिकारी चकिया द्वारा वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाने को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है। चिन्हित अतिक्रमण जमीन की जियो टैगिंग कराने के साथ ही उसे अग्रिम मृदा कार्य की योजना में शामिल करने पर काम किया जा रहा है। शुक्रवार को वन विश्राम के दिलकुशा में जानकारी देते हुए वन क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि भभौरा बीट के मुसाखांड़ 13(अ ) कंपार्टमेंट नंबर के अंतर्गत मुसाहिबपुर (केवलाखांड़) में स्थित वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग 50 हेक्टेयर जमीन को कब्जा किया गया है। बताया अतिक्रमण की गई जमीन की जियो टैगिंग कराने के साथ ही उसे अग्रिम मृदा कार्य में शामिल कर दिया गया है। रेन्जर ने बताया कि उपजिलाधिकारी चकिया से आगामी 28 दिसंबर को पुलिस बल की मौजूदगी ने अतिक्रमण हटाने के संबंध में वातार्लाप किया गया है।

# मुगलसराय विधायक ने संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**चंदौली।** मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने शुक्रवार को पंडित कमलापति जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। चिकित्सकों को चेताया कि प्रत्येक दशा में मरीजों का शासन के आदेश के अनुरूप इलाज किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि किसी प्रकार की शिकायत मिली तो शासन को अवगत कराया जाएगा। कहा कि मरीजों को कदापि बाहर की दवा न लिखी जाए। दोपहर में एक बजे के लगभग जिला अस्पताल में पहुंचे विधायक ने ओपीडी सहित भर्ती मरीजों के वार्डों का हाल जाना। मरीजों से पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है। आक्सीजन के साथ अस्पताल में दवा मिल रही है कि नहीं।

विधायक को शिकायत मिली कि चिकित्सक डा अभिनव मिश्रा अपने घर पर मरीजों को बुलाकर इलाज करते हैं। विधायक ने सख्त नाराजगी जताते हुए जांच कर चिकित्सक पर कार्रवाई करने को कहा। कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों का उचित उपचार होना आवश्यक है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई के साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने को कहा। विधायक ने कहा कि यहां आने वाले मरीजों का इलाज समय पर होना सुनिश्चित करें। इसके बाबत किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। सीएमओ डा वाईके राय, सीएमएस डा उर्मिला सिंह, पिछड़ा आयोग के सदस्य शिवमंगल बिखर, संजय, दिलीप सोनकर, रविंद्र गोड़ , नारायण दास जायसवाल आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करते विधायक

### बलुआ पुलिस ने चोरी की गयी भैंस परिजनों को सौंपा

**चहनिया।** बलुआ थाना क्षेत्र के मोहर गंज चौकी अंतर्गत सराय रसूलपुर के सेवई के पुरवा गांव से मजहर की चोरी गयी भैंस सहित एक पड़वा को बलुआ पुलिस ने ढूंढ निकाला। चोरी करने वाले अभियुक्त को भी पकड़कर थाने ले आये। परिजनों को भैस सौंपने के बाद अभियुक्त पर कार्यवाही कर जेल भेज दिया। सराय रसूलपुर ग्राम सभा के सेवई के पुरवा निवासी मजहर अंसारी अपने जीविकोपार्जन के लिए भैस पाल रखा था। 19 दिसम्बर की देर रात को चोरों ने दो भैंस सहित उसके 1 बच्चे को किसी वाहन पर लेकर फरार हो गये थे। विगत 6 माह पूर्व भी उन्हीं के चार बकरियों को चोर उठा ले गए थे। भुक्तभोगी ने मोहरगंज चौकी पर प्रार्थना पत्र चौकी इंचार्ज शिवमणी त्रिपाठी को दिया। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के निर्देशन में मोहरगंज चौकी इंचार्ज व टीम ने मुखबीर की सूचना पर पता लगाते हुए गुरुवार की देर शाम को खोनपुर से नहर के पुलिया से भैंस को कही ले जाते वक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को सेवई के पूरा में मजहर को भैस व उसके बच्चे को सौंप दिया। वही अभियुक्त विष्णु पाल निवासी रानेपुर को कानूनी कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

# चौधरी चरण सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत

जयंती

### सपाइयों ने पूर्व पीएम चौधरी चरण की सिंह जयंती मनाई

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान सपाइयों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही किसान हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों व योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने कहा कि चौधरी चरण सिंह मजलूमों, शोषितों एवं किसानों के मसीहा थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त किया। देश की आजादी के लिए कई बार जेल भी गए। चौधरी चरण सिंह ने अपने पांच महीने के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए, जिसे आज भी पूरा देश याद करता है। कहा कि हम सभी को उनके जीवन से काफी कुछ सीखने और प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही देश में भाईचारा कायम किया जा सकता है। कहा कि देश की अर्थव्यवस्था आज भी कृषि पर आधारित है। बावजूद इसके सरकार किसान व किसानी दोनों को खत्म करने पर तुली है। सरकार की नीतियों से किसानों पर महंगाई का बोझ बढ़ा है। जिससे खेती करना दिन प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। लगातार आंदोलन, धरना-प्रदर्शन व मांग के बावजूद सरकार किसानों की मांगों को नजरअंदाज कर रही है जो पूरी तरह से अनुचित है। किसानों को समृद्ध करके ही देश की बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर शशिकांत भारती, दिलीप पासवान, संजय सोनकर, रामभरोस यादव, बृजबिहारी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

## 1000 के नोट पर छपेगी मेसी की फोटो, अर्जेंटीना सरकार कर रही विचार

कतर। कतर की मेजबानी में खेले गए फीफा वर्ल्ड कप में लियोनेल मेस्सी की कप्तानी में अर्जेंटीना टीम चैंपियन बनी। अर्जेंटीना ने फाइनल में शानदार खेल दिखाया और फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अर्जेंटीना समेत दुनियाभर में जश्न का माहौल है। इसी बीच मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि अर्जेंटीना की सरकार अपने देश के नोट पर मेस्सी की फोटो लगाने पर विचार कर रही है जिसमें कहा जा रहा है कि सेंट्रल बैंक ऑफ अर्जेंटीना ने इस तरह का सरकार को प्रस्ताव दिया है, जिसमें 1000 के नोट पर मेस्सी का फोटो लगाने की बात कही गई है। इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर मेस्सी की तस्वीरे वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में 1000 के नोट पर मेस्सी दिखाई दे रहे हैं। एक ट्विटर यूजर ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा 'मेसी के 2022 वर्ल्ड कप में जीत के बाद अर्जेंटीना की पेसो करेंसी पर उनकी तस्वीर लगाने का प्रस्ताव है।




# आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने सैम कूरैन, 18.50 करोड़ में बिके, तोड़ा क्रिस मोरिस का रिकॉर्ड

### कुरैन पर पंजाब के अलावा कई अन्य टीमों ने भी बोली लगायी थी पर अंत में पंजाब ने बाजी मार ली

**कोच्ची।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरैन को शुक्रवार को यहां शुरू हुई आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। कुरैन पर पंजाब के अलावा कई अन्य टीमों ने भी बोली लगायी थी पर अंत में पंजाब ने बाजी मार ली। इसी के साथ ही कुरैन आईपीएल के अब के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गये हैं। कुरैन इस समय ट्वंटी-20 प्रारुप में सबसे बेहतर ऑलराऊंडर्स में शामिल हैं। वह डैथ ओवरों में अपनी खतरनाक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा निचले क्रम पर बड़ी पारियां खेलने के लिए जाने



जाते हैं।

कुरैन के लिए शुरू में मम्बई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बोली लगायी। यह बोली जब 6.75 करोड़ तक पहुंची तब राजस्थान रॉयल्स भी इसमें शामिल हो गयी। इसके बाद मुंबई और राजस्थान के बीच मुकाबले से यह बोली 11.50 करोड़ तक पहुंच गई। तब चेन्नई सुपर किंग्स मैदान में आई। वहीं 13 करोड़ की बोली लगातार जब राजस्थान पीछे हटी तो पंजाब किंग्स ने बोली लगानी शुरू कर दी। इसके अलावा नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी 16.25 करोड़ की बोली लगाई पर मुंबई इंडियंस ने फिर अधिक रकम लगाकर मामला आगे बढ़ा दिया पर पंजाब किंग्स ने इसके बाद 18.50 करोड़ रुपए की बोली लगाकर मुम्बई को पीछे छोड़ते हुए कुरैन को अपने साथ शामिल कर लिया। इंडियंस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड 18.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया। वहीं दो करोड़ आधार मूल्य वाले वाले बेन स्टोक्स को 16.25 करोड़ में चेन्नई सुपरकिंग्स ने खरीदा। राजस्थान रॉयल्स ने 2 करोड़ आधार मूल्य वाले जेसन होल्डर के लिए लगाई 5.75 करोड़ की बोली। 50 लाख रुपये आधारमूल्य वाले ओडियन स्मिथ को गुजरात टाइटंस ने खरीदा। वहीं 1.5 करोड़ रुपए के बेस प्राइस वाले शाकिब अल हसन नहीं बिके। इसके अलावा दो करोड़ रुपये आधारमूल्य वाले कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस ने 17.50 करोड़ में खरीदकर अपनी टीम में शामिल कर लिया। कैमरून को खरीदने के लिए आरसीबी ने भी बोली लगायी थी पर वह 6.75 करोड़ी की बोली लगाने के बाद वह पीछे हट गयी थी। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स भी दौड़ में आ गयी पर अंत में मुम्बई ने बाजी मार ली।

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को यहां शुक्रवार को आईपीएल 2023 की नीलामी में 13 करोड़ 25 लाख रूपए में खरीदा है। नीलामी के दौरान डेढ़ करोड़ रुपय आधार मूल्य वाले ब्रूक का आते ही फ्रेंचाइजियों ने बढ़-चढ़कर बोली लगानी शुरू कर दी।

ब्रूक को खरीदने के लिए शुरूआत में आरसीबी ने भी बोली लगाया पर हैरी की कीमत 4 करोड़ 80 लाख रुपये पहुंचने के बाद वह हट गयी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स ने बोली लगानी शुरू कर दी पर बाद में जब रकम 13 करोड़ पहुंची तो वह भी पैसे की कमी के कारण बाहर हो गयी। ऐसे में हैरी पर सनराइजर्स को कब्जा हो गया। 23 साल के हैरी दाएं हाथ के बल्लेबाज होने के साथ ही तेज गेंदबाज भी हैं। इस खिलाड़ी ने अब तक इंग्लैंड के लिए कुल 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 17 पारियों में 26.57 की औसत और 137.78 के स्ट्राइक रेट से 372 रन बनाए हैं। इसमें उनका हाई स्कोर 81 रनों का है। इसके साथ ही उन्हें कुल 4 टेस्ट और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय का अनुभव है। एक करोड़ आधारमूल्य वाले मयंक अग्रवाल 8.25 करोड़ में बिके। मयंक को लेकर आरसीबी ने पहली बोली लगायी। इसके बाद पंजाब किंग्स ने भी उनपर बोली लगायी पर अंत में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा। गुजरात टाइटन्स ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को 2 करोड़ के आधारमूल्य पर ही खरीद लिया। अजिंक्य रहाणे को चेन्नई सुपरकिंग्स ने 50 लाख के आधार मूल्य पर खरीदा। वहीं एक करोड़ के आधार मूल्य वाले जो रूट को कोई खरीददार नहीं मिला। इसके अलावा दो करोड़ आधारमूल्य वाले रिले रोसौव भी नहीं बिके। *एजेंसी*

## ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने के लिए तरोताजा होकर लौटीं मेग लैनिंग




**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग ब्रेक के बाद अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की अगुवाई करेंगी। अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक दिलाने के बाद इस 30 साल की खिलाड़ी ने खुद पर ध्यान देने के लिए खेल से ब्रेक लिया था। लेकिन अब वह तरोताजा होकर खेलने के लिये तैयार हैं। वह ब्रेक के कारण महिलाओं की बिग बैश लीग और हाल में भारत में समाप्त हुए दौरे में भी नहीं खेल पायी थीं। यह ब्रेक करीब पांच महीने तक रहा। लैनिंग ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, मैं पाकिस्तान के खिलाफ आस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ मैदान पर उतरने के लिये बेकरार हूं। उन्होंने कहा, कभी कभार आपको थोड़ा सुस्ताने के लिये पीछे कदम उठाकर रूकना होता है। निश्चित रूप मुझे इसकी जरूरत है। लैनिंग ने कहा, पिछले छह महीनों ने मुझे काफी कुछ सिखाया है। मैंने खुद के बारे में इतना कुछ सीखा है कि मेरे लिये कौन और क्या चीज महत्वपूर्ण है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 16 जनवरी से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये शुक्रवार को 13 सदस्यीय टीम की घोषणा भी की।

# टीम इंडिया की पहली पारी 314 पर सिमटी बांग्लादेश के स्टंप तक बिना विकेट गंवाए सात रन

### ऋषभ अय्यर की साझेदारी से टीम इंडिया ने बनाये 314 रन

**ढाका/मीरपुर।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच मीरपुर में खेला जा रहा है। भारत के पहली पारी में 314 रन पर सिमटने के बाद बांग्लादेश ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को स्टंप तक बिना विकेट गंवाए सात रन बना लिए। बांग्लादेश पहली पारी के हिसाब से अब भी 80 रन से पिछड़ रही है। बांग्लादेश ने पहली पारी में 227 रन बनाये थे। भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 93 रन और श्रेयस अय्यर ने 87 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। बांग्लादेश के लिये शाकिब अल हसन और ताईजुल इस्लाम ने चार चार विकेट झटके। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शुरूआती



झटकों से उबरते हुए पहली पारी 314 रन पर समाप्त कर 87 रन की बढ़त हासिल की। भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 93 रन और श्रेयस अय्यर ने 87 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। बांग्लादेश के लिये शाकिब अल हसन और ताईजुल इस्लाम ने चार चार विकेट झटके। टीम ने पहली पारी में 227 रन बनाये थे। ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर के नाबाद अर्धशतकों की मदद से भारत ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन चाय तक चार विकेट पर 226 रन बना लिये। पहले सत्र में भारत ने तीन विकेट गंवाये और लंच के बाद विराट कोहली (24) को आउट करके तसकीन अहमद ने भारत को एक और झटका दिया। इसके बाद पंत (नाबाद 86) और अय्यर (नाबाद 58) ने संभलकर खेलते हुए पांचवें विकेट की नाबाद साझेदारी में 132 रन जोड़ लिए। ऋषभ पंत ने धमाकेदार बैटिंग करते हुए अपना पचासा पूरा कर लिया है। पंत ने महज 49 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और पांच चौके के साथ ही एक छक्का भी लगाया।

## पुजारा 7000 रनों के आंकड़े तक पहुंचने वाले आठवें भारतीय बने




**ढाका।** टीम इंडिया के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने यहां मेजबान टीम बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन 7000 रनों का आंकड़ा हासिल करने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। पुजारा ने इसके साथ ही महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के 6996 रनों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। पुजारा ने 19वें ओवर में शाकिब अल हसन की गेंद पर तीन रन बनाने के साथ ही टेस्ट में 7000 रन पूरे किए। पुजारा 24 रन बनाकर आउट हुए। पुजारा 7000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले आठवें भारतीय बन गया है। इससे पहले सचिन तेंदुलकर राहुल द्रविड़ सुनील गावस्कर वीवीएस लक्ष्मण विराट कोहली सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

# भारत की संस्कृति को समझने विंध्य धाम पंहुचे विदेशी सैलानी

**जिज्ञासा**

**धार्मिक यात्रा के दौरान संस्कृति को समझ भारत को अपनाए विदेशी**

**मां के दर्शन कर अविभूत हुए सैलानी**



मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने पहुंचे विदेशी सैलानी

**मीरजापुर।** भारतीय संस्कृति को समझने के लिए 60 सदस्यीय विदेशी मेहमान शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे मां विंध्यवासिनी के दरबार में पंहुचे । विंधाम पहुंचे विदेशी सैलानियों ने सर्वप्रथम अटल चौराहे के पास स्थित भारतीय मानक समय को देख कर काफी खुश हुए और जिज्ञासा पूर्ण बाते की ,जिसके पश्चात मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंचे जहां पर ढोल ताशा एवं वाद्य यंत्रों से विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया । सभी विदेशी सैलानी पूजन सामग्री के साथ मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए , साथ मे मौजूद अंतराष्ट्रीय ज्योतिष संजय रथ ने मां विन्ध्यवासिनी के महिमा का विश्लेषण किया । दर्शन पूजन के पश्चात सभी सैलानी निर्माण हो रहे विंध्य कॉरिडोर को परखा एवं काफी सराहना की । विदेशी सैलानियों में अमेरिका रूस इंग्लैंड रसिया एवं सुमेरिया से करीब 60 लोग जिनमें महिलाएं पुरुष एवं बच्चे भी शामिल थे । सभी 60 सदस्य अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य संजय रथ के सानिध्य में धार्मिक यात्रा कर रहे हैं अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य संजय रथ ने बताया कि इन लोगों को वेदांग कि समाज को भारत की संस्कृति सभ्यता का ज्ञान हो एवं यहां के लोगों को अपनाएं भारत को अपनाएं इसी उद्देश्य से यह यात्रा काशी विश्वनाथ के बाद मां विंध्यवासिनी के दरबार में आई है।

## समस्या समाधान को लिखा पत्र

**रेणुकूट।** स्थानीय नगर पंचायत के मुर्धवा, खाड़पाथर इलाके की समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता राजपति साहनी ने अधिशासी अधिकारी को पत्र दिया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि तमाम जगहों पर सुविधाएं उपलब्ध न होने से रहवासियों को परेशानी हो रही है। अधिशासी अधिकारी ने जल्द ही समस्या दूर करने की बात कही है।

## वोटिंग मशीन गोदाम का निरीक्षण 30 को

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा 30 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11.00 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नवनिर्मित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस पर उपस्थित होकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के गोदाम का त्रैमासिक निरीक्षण किया जायेगा।

## विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के चुनाव का कार्यक्रम घोषित

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष विजय कुमार मौर्या के अध्यक्षता में अधिवक्ता सभागार में एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा आय व्यय का ब्यौरा लेते हुए वर्ष 2023 के चुनाव के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी जीत नारायण दुबे को प्रस्तावित किया गया और 6 जनवरी को चुनाव निर्धारित किया गया। अधिवक्ता समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा 1 वर्ष का आय व्यय की जानकारी लेते हुए वर्ष 2023 के नए कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान समिति के सभी अधिवक्ताओं के प्रस्ताव पर चुनाव अधिकारी जीत नारायण दुबे एवं सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार मौर्य को घोषित किया गया। 30 दिसंबर 2022 तक सदस्यता शुल्क जमा किया जाए, तथा 31 दिसंबर 2022 को वोटर लिस्ट का प्रकाशन, 2 एवं 3 जनवरी को पर्चा दाखिला व जांच किया जाएगा। 4 जनवरी 2023 को पर्चा दाखिला किया जाएगा। 4 जनवरी को पर्चा की वापसी व 6 जनवरी 2023 को चुनाव करा कर उसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया।

## बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बने डॉ.डीआर सिंह

अदलहाट। क्षेत्र के घुरहुंपुर गांव के चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी आर सिंह को बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्त किया है। डॉक्टर डीआर सिंह की नियुक्ति बिहार कृषि विश्वविद्यालय में 5 वर्ष के लिए हुई है। डॉक्टर डी आर सिंह ने चंद्रशेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को नेक में शामिल करने के साथ-साथ तमाम ऐसे कार्य किए हैं। जिनकी सराहना विश्वविद्यालय ही नहीं देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसकी वजह से निरंतर प्रयासों के चलते बिहार राज्यपाल ने डॉक्टर डीआर सिंह पर भरोसा जताते हुए, 5 साल की नियुक्ति बतौर कुलपति के पद पर की है। डॉक्टर डीआर सिंह के कार्यों को देखते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दो अन्य विश्वविद्यालय के अतिरिक्त पद पर भी उनको दायित्व सौंपा था। जिन पर डॉक्टर डीआर सिंह खरे उतरे थे। कुलपति बनाएं जाने पर क्षेत्र के प्रधान प्रदीप सिंह, अजय सिंह खटखट, चंदन सिंह, धीरेंद्र सिंह, शिव बालिका सिंह, दीपक सिंह, शालिक सिंह, अभिषेक सिंह आदि ने बधाई दी है।

# एक दिवसीय योगाभ्यास का होगा आयोजन



एसएस गुरुकुलम एकेडमी में कार्यक्रम की जानकारी देते प्रधानाचार्य

**नियामताबाद।** एसएस गुरुकुलम एकेडमी जमालपुर में शुक्रवार एक दिवसीय योगाभ्यास का आयोजन किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राकेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय द्वारा 27 दिसंबर को योगाभ्यास का आयोजन किया गया है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। कि बच्चे योग क्रिया को जाने व समझे कि योग हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। योग क्रिया से शरीर पूरी तरह स्वस्थ रहता है। यह तनाव व चिंता को दूर करने में सहायता करता है। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के कुशल योग प्रशिक्षक गीतालाल उपस्थित रहेंगी इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ राकेश शर्मा, प्रबंधक बी एन यादव, उप सचिव प्रवीण यादव, सीनियर कोऑर्डिनेटर देवेश देव,चेयरमैन जगन्नाथ पांडे व अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# किसान दिवस के रूप में मनायी गयी चौधरी चरण सिंह की जंयती

**डीडीयूनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के नगर स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की 121वी जन्मदिवस किसान दिवस के रूप में मनाया गया। दल के काशी प्रांत के अध्यक्ष समर नाथ सिंह यादव ने चौधरी साहब के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर केक काटकर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का रहन सहन साधारण किसान का था।

वे कर्मठ किसान थे। ग्रामीण भारत के किसानों के सही मायने में केवल पैरोकार ही नहीं बल्कि किसानों के आवाज थे नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया ने कहा कि सबसे पहले देश के नेताओं को यह समझना चाहिए कि गरीबी से बचकर श्रम वृद्धि



नगर कार्यालय पर चौधरी चरण सिंह की जंयती मनाते लोग

की ओर बढ़ने का एकमात्र रास्ता गांव तथा खेत खलियान से होकर गुजरता है। आज किसानों के साथ छलावा करने का काम हो रहा है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। बैजनाथ यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ही कर्मचारियों के हित में बोनस देने का कार्य किए जो आज तक लोगों को मिल रहा है। किसान नेता केदार यादव ने कहा कि चौधरी साहब किसानों गरीबों मजदूरों के एकमात्र हिमायती थे। उनके मार्ग को अपनाने की आवश्यकता है। गोष्ठी में शिव पटेल डॉ सुरेंद्र सिंह यादव बैजनाथ यादव राज नारायण यादव राजनाथ यादव मदन यादव प्रकाश यादव कैलाश विश्वकर्मा शिव पटेल सतेंदर जयसवाल संजय यादव पंचम यादव यादवेंद्र यादव नंद लाल यादव रामजी पटेल दिलीप पटेल अली हुसैन आदि लोग थे।

## सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**चंदौली।** जिलाधिकारी ईशा दुहन की अध्यक्षता में सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इसमें जिला स्तरीय अधिकारियो से जिलाधिकारी ने जनता तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को और बेहतर तरीके से सुलभता से किस तरह पहुचाई जाए, ताकि हमारे जनपद वासियों को परेशानी न उठानी पड़े। इस दौरान डीएम ने कहा कि किसी योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता की जानकारी का अभाव लोगों में रहता है। इसको कैसे दूर किया जाए, ओ व्यक्ति जो पात्र है। लेकिन उनको सरकार द्वारा संचालित किसी योजना की जानकारी नही है। उनको जागृत करने तथा योजनाओं का लाभ कैसे बेहतर तरीके से दिया जाए इस पर सुझाव मांगा। जिस पर अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विचार जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहमति जताई गई और एक नई रणनीति तैयार कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभ दिया जाय इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन सप्ताह तहत ही फेज -1 चलो चंदौली अभियान के अन्तर्गत विकास खंडवार जन चौपाल का कार्यक्रम संचालित है। उसी क्रम फेज-2 में चलो चंदौली ग्राम चौपाल का आयोजन निर्धारित किया गया है। जिसमे सप्ताह के सोमवार,बुधवार व शुक्रवार निर्धारित किया गया है। जिसमे कुल 129 गांव को चिन्हित किया गया है जिसमे दुरस्त व अति पिछड़े गांव है। एक दिन में पांच गांव जोड़े जाएंगे। सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षा में किया जाएगा और बुधवार को मेगा ग्राम चौपाल किया जाएगा जिसमे जिलाधिकारी सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण रहेंगे। अन्त में जिलाधिकारी ने कि सभी अधिकारी अपने सरकारी नम्बर पर 24 घण्टे उपलब्ध रहे तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों पर निर्णय लेते हुए त्वरित कार्यवाही करें। जिन शिकायतों का निस्तारण त्वरित न हो उनको अगले दिन करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# वित्तीय साक्षरता से हर नागरिक और किसान होंगे खुशहालः डीडीएम

**सकलडीहा।** क्षेत्र के धरहरा और रानेपुर गांव में शुक्रवार को नाबार्ड की ओर से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के भोली भाली जनता को फोन पर ओटीपी पूछ कर फार्ड करने वालों के प्रति जागरूक किया गया। अंत में सरकार द्वारा अटल पेंशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा और प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के बारे में एक्सीस बैंक के अधिकारियों द्वारा जागरूक किया गया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नाबार्ड के डीडीएम तनुज सेन ने बताया कि सरकार लगातार किसान से लेकर आम लोगों को बैंकों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की योजना चला रही है।

जिसमें अटल पेंशन योजना के तहत 18 से 40 के लोगों का पंजीयन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री




धरहरा और रानेपुर में नाबार्ड की ओर से वित्तीय साक्षरता के बारे में देते जानकारी

जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इसके पूर्व राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत एक्सिस बैंक के द्वारा बैंकिंग साक्षरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। किसान से लेकर आम लोगों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर बैंक अधिकारी प्रतीक टकसाली, आलोक श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह,अमित, प्रधान अमित कुमार सिंह, प्रकाश सिंह, समरेश सिंह, अशोक, महेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# साहिबजादा जोरावर, फतेहसिंह का बलिदान देगा प्रेरणा



**बोले कुलसचिव**

### भाषण प्रतियोगिता में उद्देश्य प्रथम, आदित्य द्वितीय और विशाल को तृतीय स्थान

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कान्फ्रेंस हाल में शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में गुरुगोविंद सिंह के साहिबजादे महान वीर एवं सर्वोच्च बलिदानी साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह का अमर बलिदान पर कृतज्ञ राष्ट्र विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनसंचार विभाग की ओर से आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहाकि गुरुगोविंद सिंह के बलिदानियों सुपुत्रों जैसा अपूर्व साहस किसी भी देश के इतिहास में नहीं मिलता है जहां अपने सिद्धांत पर बलिदान होना स्वीकार हो। उन्होंने कहाकि साहिबजादा जोरावर एवं फतेहसिंह ने अपने बलिदान से जिस इतिहास का सृजन किया है वह सभी भारतीयों को सदा प्रेरणा देगा। प्रतियोगिता के समन्वयक एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कवि के कथन से संदर्भित करते हुए कहा कि कहीं पर्वत झुके भी हैं। कहीं दरिया रुके भी हैं- नहीं रुकती जवानी है-नहीं रुकती रवानी है।

उन्होंने कहा कि धन्य है गुरुगद्दी परम्परा, गुरु पुत्र और अपनी पुण्य धरा जहां गुरुगोविंद सिंह के ऐसे सच्चे सपूतों ने जन्म लिया जिन्होंने अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और हंसते-हंसते अपने स्वाभिमान-धर्म के लिए दीवार में चुन लिया जाना स्वीकार किया। अध्यक्षता करते हुए प्रो. प्रदीप कुमार ने कहाकि ऐसे वीर बलिदानियों का स्मरण युवा पीढ़ी को राष्ट्र स्वाभिमान के प्रति जागृत करेगा। आज इनके बलिदान के यथार्थ को जान कर हमारे विद्यार्थी आत्मसम्मान और राष्ट्र प्रेम से सिंचित होंगे।

भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उद्देश्य सिंह को प्रथम, आदित्य नारायण दुबे को द्वितीय एवं विशाल यादव को तृतीय पुरस्कार दिया गया। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. अनु त्यागी, डॉ. झांसी मिश्रा एवं डॉ. दिग्विजय मिश्र रहे। स्वागत डॉ. मनोज कुमार पांडेय द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विनय कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर परिसर के शोधार्थी एवं विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गणितज्ञ रामानुजन ने कम उम्र में महान उपलब्धियां हासिल कीं : कुलपति

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) संस्थान के गणित

**समारोह**

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी

विभाग में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 135वीं जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने महान गणितज्ञ रामानुजन के शोध कार्यों, उपलब्धियों, उनके योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कि रामानुजन कम आयु में लगभग 3900 प्रमेय और 120 सूत्रों को प्रकाशित किया। अतिथियों का स्वागत उद्बोधन रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने किया। संगोष्ठी में प्रो. मिथिलेश सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। मुख्य अतिथि प्रो. सत्येंद्र ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन 'फेलो ऑफ रॉयल सोसाइटी' के सबसे पहले फेलो थे जिनको गणित के अनूठे योगदान के कारण उनको फेलोशिप दी गयी। प्रो. देव ने मूलभूत गणितीय सूत्रों के माध्यम से रामानुजन टैक्सी नंबर, अंकों के क्रमचय से विभिन्न प्रकार के बनने वाले रजिस्ट्रेशन नंबर के निर्मित करने के बारे में वर्णन किया। आयोजन सचिव डॉ. दीपक कुमार मौर्य ने मुख्य वक्ता डॉ. अमित कुमार वर्मा का परिचय कराया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना के गणित विभाग से आये डॉ. वर्मा ने रामानुजन योग, रामानुजन वर्ग, रामानुजन क्यूब, रीमान जीटा फंक्शन, शोध पत्रों को प्रकाशित करने हेतु रामानुजन जर्नल आदि के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. सौरभ कुमार सिंह ने संचालन व धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. राज कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. सुशील शुक्ला, डॉ. सुजीत चौरसिया, अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



आर्यभट्ट सभागार में गणित दिवस के अवसर पर अतिथि एवं प्रतिभागीगण

# एक ही स्थान पर दुर्घटना में दस लोगों की मौत से दहशत में ग्रामीण



**ग्रामीणों ने सरकार से की सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संसाधनों की मांग**

**बरसठी।** स्थानीय क्षेत्र के मियाचक (हसियां) गांव के पास एक अंधा मोड़ होने के कारण अक्सर सड़क हादसा होता रहता है। जिसमे अब तक सड़क हादसे में दस लोगो की जान भी जा चुकी है। बीते गुरूवार को भी उसी 200 सौ मीटर के रेंज में एक और बाइक सवार मौत के घाट उतर गया और एक अपनी जिंदगी और मौत की लड़ाई अस्पताल में लड़ रहा है।

गांव वालों ने बताया की दो साल पहले (सरसरा) गांव के ही रहने वाले तीन लोंगो की इसी स्थान पर सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गई थी और तभी से लगातार दिन पर दिन यह आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को गांव के सैकड़ों लोगो ने एकत्रित होकर सरकार और पीडब्लूडी से सड़क दुर्घटना के बचाव के संसाधनों की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके जिसमे ब्रेकर, सड़क पर रेडियम बोर्ड जल्द से जल्द लगाए जायं। इस मौके पर गुलाबधर बिंद, अशोक गिरी, जगन बिंद, मुन्ना लाल बिंद, विजय बहादुर बिंद, घनश्याम बिंद, भगवान दास बिंद खन्ना, अजय विश्वकर्मा, मुख्तार अली, आदि उपस्थित रहे।

# पीएनबी में खाता धारकों की उमड़ी भीड़, कई के खाते से रुपये गायब

**खेतासराय।** अपनी गाढ़ी कमाई को बैंक में रखकर सुरक्षित समझने वालों के लिए शुक्रवार को बुरी खबर मिली। उनके खाते से लाखों रुपए पल भर में छू मंतर हो गये तो वहीं बैंक में अफरा तफरी का माहौल दिन भर बना रहा। ऐसे में कई जिलों की टीम मामले की

**हड़कंप**

### बैलेंस देख पैरों तले धरती खिसकी, बैंक कर्मियों ने पिलायी आश्वासन की घुट्टी

जांच पड़ताल करती नजर आई तो ग्राहकों को आश्वासन की घुट्टी पिलाई जा रही थी।

दरअसल नगर के पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में एक करोड़ साठ लाख के घोटाले की छपी खबर पढ़कर यहां खाताधारकों में खलबली मच गई जिसके चलते बैंक में बैलेंस चेक कराने वाले खाता धारकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं मथुरा व जोनल टीम भी आवश्यक जानकारी के बाद जांच पड़ताल में जुटी थी ऐसे में बैंक प्रबंधन भी हांफता नजर आया। बैलेंस चेक कराने के बाद कई खाताधारकों के खाते से रुपए गायब थे जिन्हें आश्वासन की घुट्टी पिलाई गई और मीडिया से दूर रहने को बोला गया। उक्त बैंक के लुटे हुए ग्राहकों में रंजीत यादव निवासी खेतासराय का एक लाख बीस हजार, बासमती देवी सोंधी पचपन हजार, आशीष बिंद, मुन्नू निवासी खेतासराय अस्सी हजार व तीन लाख साठ हजार जिसमें दो फिक्स व एक साठ अकाउंट से गायब है तो दिलीप निवासी महरौड़ा का चार लाख तीस हजार खाते से गायब है। खास बात यह है की यह सभी किसान या छोटी दुकान के संचालक हैं जिनका कहना है की अब बैंक में भी पैसा सुरक्षित नहीं है हम लोगों को प्रायः दौड़ाया जाता था कभी प्रिंटर खराब बता कर तो कभी अन्य कारणों से लेकिन स्पष्ट जानकारी खाते की नहीं दी जाती थी। यदि सही जांच होगी तो इसमें कैशियर ही नहीं और दो लोग नपेंगे। फिलहाल इस बाबत प्रबंधक मनीष जायसवाल व आई हुई जांच टीम मीडिया से कुछ भी बोलने से परहेज किया कहा ऊपर के लोग इस संबंध में बताएंगे।



बैंक में अपने खातों की जांच करते ग्राहक

## संक्षेप

### गो तस्कर प्रतिबंधित मांस व औजार के साथ गिरफ्तार

**खेतासराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मानीकलां ग्राम निवासी एक गोतस्कर को मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गोकशी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। इनके अनुसार मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की रात्रि ढाई बजे उक्त गांव में दबिश देकर गुफरान पुत्र मुख्तार को गिरफ्तार कर लिया जिसके पास से 46 किलो प्रतिबंधित मांस के अतिरिक्त एक लकड़ी का ठीहा, गंड़ासा पाया गया जिसे विधिक करवाई के बाद चालान न्यायालय भेज दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह, हरिशंकर यादव, दिनेश कुमार, दिनेश सरोज, रणजीत यादव आदि शामिल रहे।



### दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक, लाखों के सामान का नुकसान

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित चिरैयामोड़ रेलवे क्रासिंग पर इंडस्ट्रियल एरिया के मोती आहार मील से मैदा लादकर जा रहा ट्रक अनियन्त्रित होकर आधा दर्जन दुकानों को तोड़ता हुआ एक दुकान में घुस गया। बताया जाता है कि दुर्घटना में कई लाख रुपये मूल्य के सामान का नुकसान हुआ। फिलहाल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक सिकंदर यादव मैदा लाद देर रात बिहार जा रहा था। चिरैया मोड़ पर ताखा पश्चिम गांव निवासी पिंटू पासवान की डेयरी उत्पाद की दुकान है। बगल में अनिल कुमार की बर्तन दुकान, राकेश की कबाड़ दुकान समेत सब्जी व फल समेत आधा दर्जन गुमटी को ट्रक ने तहस नहस कर दिया।

### घर से विद्यालय के लिये निकला किशोर लापता

**सुइथाकला।** सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार से विद्यालय के लिए निकला छात्र घर वापस नही आया। जानकारी के अनुसार उक्त बाजार निवासी घनश्याम गुप्ता का 18 वर्षीय पुत्र लालमनी गुप्ता क्षेत्र के आरएलएस कान्वेंट स्कूल शहाबुद्दीनपुर में कक्षा 11 का छात्र है। गुरूवार को वह घर से विद्यालय के लिये निकला था, जब शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो उठे। विद्यालय में पता लगाने पर जब यह जानकारी मिली कि लालमनी विद्यालय नहीं आया था तो परिजन उसकी तलाश करना शुरू किये। देर शाम तक बच्चे का कोई पता नहीं चला तो परिजन ने इसकी सूचना थाने पर दी। प्रकरण में पुलिस किशोर की गुमशुदगी पंजीकृत आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव से शुक्रवार को पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गांव निवासी अशोक कुमार पर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। हाजिर न्यायालय न होने पर नोटिस के बाद गैरजमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया।

### चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सुइथाकला।** बीते बुधवार की देर शाम अरसिया बाजार में हुई मारपीट व गोली मारने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घटना के तीसरे दिन चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। बता दे कि बीते बुधवार देर शाम अरसिया बाजार में क्षेत्र के भुसौड़ी और मनवल गांव के युवकों में मारपीट हो गई थी जिसमें आरोप है कि मनवल गांव निवासी सुधीर सिंह पुत्र दयाशंकर सिंह गोली से घायल हो गया था जिसका इलाज वाराणसी स्थित एक हास्पिटल में चल रहा है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर थाने में भुसौड़ी निवासी विक्रान्त सिंह ऊर्फ गप्पू, शिवा सिंह ऊर्फ राजबाबू, धरम सिंह व अरसिया निवासी अभिषेक अग्रहरि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### वारंटी भेजे गए जेल

**सुइथाकला।** शुक्रवार को पुलिस द्वारा तीन वारण्टियों को जेल भेजे जाने का मामला संज्ञान में आया है। थाना क्षेत्र के पहरजापुर गांव निवासी शिवराम, हरीराम और बाबूराम पुत्रगण स्व. रामदुलार गिरफ्तारशुदा वारण्टी थे जिन्हे बुधवार को थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक सच्चिदानन्द मय हमराही भ्रमण के दौरान गिरफ्तार कर लिया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान हेड कांसटेबल द्वय मुकेश यादव और अमित सिंह मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित समय में चल रही रोडवेज बस नाली में धंसी

**चंदवक।** प्रतिबंधित समय में वाराणसी से आजमगढ जा रही बेल्थरा रोड डिपो की बस चंदवक बाजार में गुरुवार देर रात अधिकारियों द्वारा पकड़े जाने पर किनारे लगाते समय नाली में धस गयीं जिससे रात में यात्रियों की काफी फजीहत हुई। कोहरे के कहर को देखते परिवहन विभाग के आयुक्त द्वारा रोडवेज बसों का संचालन रात्रि आठ बजे से सुबह तक प्रतिबंधित रखने का आदेश जारी किया गया है। प्रतिबंध को दरकिनार कर बेल्थरा रोड डिपो के बस चालक यात्रियों को लेकर गुरुवार देर रात्रि वाराणसी से आजमगढ़ जा रहा था। चंदवक बाजार में अधिकारियों ने पकड़ लिया। बस को खड़ी करने के लिए किनारे चालक लगा रहा था इसी दौरान बस जल निकासी के लिए बनी नाली में जा धंसी। बस धंसने से यात्रियों को काफी फजीहत झेलनी पड़ी। क्रेन शुक्रवार दोपहर आयी तो बस को निकाला गया।

### आबकारी निरीक्षक ने दुकानों का किया निरीक्षण

**पवांरा।** जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में आबकारी निरीक्षक मछलीशहर इन्द्रजीत कुमार ने अपनी टीम के साथ शुक्रवार को पवांरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पवांरा, सरायबीका व सुजानगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत नगुआपार, मुस्तफाबाद, सुजानगंज, मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेरमाव में स्थित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों व बीयर की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि दुकान पर भीड़ नहीं लगना चाहिए और मॉस्क लगाकर ही शराब की बिक्री करें व लोगों को भी जागरुक करें। चेतावनी दी कि किसी प्रकार की मिलावटी शराब व अवैध शराब नहीं बिकना चाहिए तथा ओवर रेटिंग न की जाय, जो रेट निर्धारित है उसी रेट पर बिकना चाहिए अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। चेकिंग अभियान से दुकानदारों में हड़कम्प मचा हुआ है।



शराब की दुकानों का निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक

# नवनिर्मित सड़क का हुआ शिलान्यास

**सुइथाकला।** शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक विधायक रमेश सिंह ने सवायन गांव में नवनिर्मित सड़क का शिलान्यास किया जो एक करोड़ सड़सठ लाख की लागत से लगभग 4 किलोमीटर लम्बी बननी है। लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता का सही मायने में सेवक होता है लेकिन इससे परे

**कार्यक्रम**

### बोले विधायक, जनप्रतिनिधि होता है जनता का सेवक

होकर पिछली सरकार के जनप्रतिनिधि ने जातिवाद और गुण्डागर्दी के क्षेत्र में विकास किया लेकिन आज भाग्य का विषय है कि विकास पुरूष के रूप में केन्द्र और प्रदेश सरकार बगैर भेदभाव के सबका साथ सबका विकास करने के लिए कटिवद्ध है। जनता की माँग पर ही इस सड़क के शिलान्यास का अवसर प्राप्त हुआ। विकास में जनसहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से कहाकि आज केन्द्र और प्रदेश की सरकार बगैर भेदभाव के जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर विकास के लिए कटिबद्ध हैं। इस मार्ग के बन जाने से गंगौली तक जाने वाले राहगीरों की दूरी आधी कम हो जाएगी। बतौर वक्ता प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चन्द तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा रहे।

क्षेत्रीय जनता की माँग पर विधायक ने विधान सभा की 16 सड़कें मुख्यमंत्री से संस्तुति कराकर उक्त नवनिर्मित मार्ग के लिए धन आवंटित करवाया जो लखनऊ बलिया राजमार्ग से बाया सवायन ऊसरा बस्ती होते हुए चिलबिली मार्ग तक कुल 2.600 किलोमीटर तक बनना है जिसके लिए क्षेत्रवासियों ने विधायक के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सालिक वर्मा, सन्तोष तिवारी, अमन वर्मा, संजय सिंह, रमेश सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता हृदय नारायण शुक्ला व संचालन संतोष कुमार दीक्षित के किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**चंदवक।** क्षेत्र के बीरीबारी गांव में एक युवक ने शुक्रवार की भोर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। युवक ने ऐसा क्यों किया कारण स्पष्ट नहीं हो सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

भोनू सोनकर (22) पुत्र नंदलाल सोनकर निवासी चंदौली जो अपनी मां रेमा देवी की मौत के बाद बीरीबारी गांव में बुजुर्ग नानी सवित्रा देवी के यहां रहता था। पिता भी अपनी दूसरी शादी कर चुका है। एक साल पूर्व मृतक की शादी गाजीपुर नंदगंज के रामधारी की बेटी काजल से हुई थी। भोर में उसने रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों को जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक का पत्नी के संग आए दिन झगड़ा होता रहता था। वह एक दिन पहले ससुराल गया था वहां से वापस आने पर रात को घटना को अंजाम दिया।

# गांधीवादी विचारधारा में यकीन रखते थे चौधरी चरण सिंह : लाल बहादुर

### पूर्व प्रधानमंत्री की 120वीं जयंती पर सपाजनों ने किया नमन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 120वीं जंयती समारोह के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया।



चौधरी चरण सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सपाजन

चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए लाल बहादुर यादव ने कहा चौधरी चरण सिंह भारत के गृहमंत्री, उप प्रधानमंत्री और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे और वे भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। चरण सिंह किसानों की आवाज बुलंद करने वाले नेता माने जाते थे। वे अपने समकालीन लोगों को समान गांधीवादी विचारधारा में यकीन रखते थे। स्वत्रंतता प्राप्त करने के बाद गांधी टोपी को कई बड़े नेताओं ने त्याग दिया था लेकिन चौधरी चरण सिंह ने इसे जीवन पर्यन्त धारण किए रखा। जंयती समारोह में मुख्य रूप से यशवंता यादव, राजेंद्र यादव, टाइगर, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, कलीम अहमद, कमालुद्दीन अंसारी मनोज मौर्या, महेश साहू, अरुण यादव आदि रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल ने किया।

# हिंसा के खिलाफ महिलाएं स्वयं हों जागरूक : जितेंद्र कुमार



कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**प्राथमिक विद्यालय शीतला चौकियां में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**जौनपुर।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित नई चेतना-पहल बदलाव की कार्यक्रम के अन्तिम दिन शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय शीतला चौकियां में रचना विशेष विद्यालय की तरफ से जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दिव्यांग महिलाओं के प्रति भेदभाव विषय पर विद्यालय के विशेष शिक्षक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि महिलाओं के प्रति हो रही हिंसा के खिलाफ महिलाओं को स्वयं आवाज उठानी चाहिए। फिर चाहे वो सामान्य हो अथवा दिव्यांग हो। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका बबिता सिंह, सहायक अध्यापक पूजा सिंह, ममता चतुर्वेदी, संगीता यादव, नीलम यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के विषय में विस्तार जानकारी सुनील कुमार गुप्ता ने दी।

# रेलवे ने भूमि अधिग्रहण का शुरू किया काम

**जफराबाद।** क्षेत्र के वसीरपुर से नाथुपुर तक नई ट्रैक बनाने के लिए जमीन का अधिग्रहण शुरू हो गया है। किसानों की जमीन का मुआवजा भी देना शुरू हो गया है। कुछ समस्याएं हैं जिसके लिए रेलवे के अधिकारी तथा स्थानीय राजस्व अधिकारी से मुलाकात कर उसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञात हो गाजीपुर सहित अन्य कई स्टेशन से आने वाली ट्रेनों को दिल्ली वाया सुल्तानपुर स्टेशन जाने के लिए जफरबाद स्टेशन पर इंजन को बोगी से खोलकर पुनः सुल्तानपुर की तरफ जोड़ा जाता था। तब कहीं जाकर ट्रेन उक्त लाइन पर जाती है। इस प्रक्रिया में आधे से पौन घण्टे लगते है। इसमें लोगों का काफी समय लगता था साथ ही कई बार उक्त लाइन पर आने वाली गाड़ियां भी प्रभावित होती हैं। इन्ही समस्याओं के कारण रेलवे ने जिले की यह अति आवश्यक जरूरत को वरीयता के आधार पर दूर करने का निर्णय लिया। वाराणसी लखनऊ रेल प्रखंड पर वसीरपुर रेलवे ब्रिज के पास से वाराणसी सुल्तानपुर रेल प्रखंड पर नाथुपुर रेलवे के फाटक संख्या तीन तक लगभग डेढ़ किमी तक नई रेल लाइन बनाने के लिए किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने के लिए जमीन की पैमाइश कर पत्थर गाड़ दिया गया है। उसके मुआवजे के लिए धन भी आवंटित हो गया है। काफी किसान मुआवजा भी पा चुके हैं।

# शीतलहर शुरू होते ही नगर पंचायत में जले अलाव

**खेतासराय।** एक तरफ जहां लोग ठण्ड से कांप रहें हैं ऐसे में लोग इससे बचने का पुख्ता इंतजाम कर रहे हैं वहीं आने-जाने वाले राहगीरों के लिए भी नगर पंचायत प्रशासन ने ठण्ड से बचने के लिए व्यवस्था कर

**मौसम**

### मुसाफिरों को ठहरने के लिए बनवाया रैन बसेरा

दिया है जिसमें नगर के विभिन्न जगहों पर नियमित अलाव जलाया गया है। इसके अलावा रात्रि में राहगीरों को ठहरने के लिए रैन बसेरा अधिशासी अधिकारी द्वारा बनवा दिया गया है। इसमें यात्रियों के लिए रात गुजारने के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आरपी सिंह ने बताया कि कड़ाके की ठण्ड अब दस्तक दे चुकी है ऐसे में स्थानीय कस्बे के आसपास के दस-बारह किलोमीटर तक के लोग बाजार आते-जाते रहते है। इसके अलावा भी लोग इस नगर से होकर तहसील या जिला मुख्यालय जाते है।

इस ठिठुरन भरे ठण्ड से राहगीरों को बचने के लिए नगर के आठ स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है जो शाम को सूरज ढलते ही जला दिया जाता है। इसके अलावा खेतासराय-जौनपुर मार्ग पर पुराने थाने के समीप डॉ. भीम राव अंबेडकर स्कूल में रैन बसेरा बनवा दिया गया है। जहाँ पर यात्रियों के लिए रात में ठहरने के लिए रजाई-गद्दा आदि का बंदोबस्त किया गया है।



नगर पंचायत द्वारा जलवाया जा रहा अलाव

# सुनवाई न होने पर पानी टंकी पर चढ़ी महिला

## दबंग द्वारा जमीन कब्जा करने का लगाया आरोप

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पिपरिस गांव में खुद की भूमिधरी जमीन पर दबंग व्यक्ति द्वारा पक्का निर्माण कराये जाने का आरोप लगाकर एक महिला पानी टँकी पर चढ़ कर धमकी देने लगी, सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे सीओ भदोही ने आश्वासन देकर किसी तरह महिला को नीचे उतारा। इस दौरान महिला ने आरोप लगाया कि अपना दल के एक बड़े नेता के दबाव में आकर तहसील प्रशासन सुनवाई नहीं कर रही है। इस संबंध में कई बार शिकायत किया, लेकिन किसी भी स्तर से सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद मजबूरी में यह कदम उठाया गया। पिपरिस रमेश्वरपुर निवासी आरके बिंद गंगापुर नहर के पास मेडिकल चलाते हैं। मेडिकल की दुकान के ऊपर ही इनकी पत्नी सुनीता देवी कॉस्टमेटिक की दुकान संचालित करती हैं।

आरोप है कि गांव के ही रमेश चन्द्र पटेल द्वारा उसके मेडिकल की दुकान के ठीक सामने ही न सिर्फ पक्का निर्माण कराया जा रहा है, बल्कि उसकी भूमिधरी जमीन पर भी कब्जा किया जा रहा है। आरोप लगाया कि जिस जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। वह सरकारी जमीन हैं। शुक्रवार को आरके बिंद की पत्नी सुनीता पिपरिस गांव के पानी टंकी पर चढ़ गई। टंकी पर चढ़ी सुनीता ने कहा कि जब तक उसे न्याय नहीं मिल जाता, तब तक वह टंकी से नीचे नहीं उतरेगी। महिला के टंकी पर चढ़ने की सूचना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। महिला के पति आरके बिंद ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद हम लोगों के पास कोई रास्ता नहीं बचता है। आरोप लगाया कि नायाब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय से शिकायत करने पर उन्होंने उसे धमकी भी दी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे सीओ अजय कुमार चौहान ने महिला को आश्वासन देकर नीचे उतारा व प्रकरण के स्थायी समाधान के लिये एसडीएम भदोही से बात की।

# किसान सम्मान दिवस पर किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

**कार्यक्रम**

**ग्राम पंचायत मूँसीलाटपुर में कार्यशाला आयोजित कर सुशासन सप्ताह- 'प्रशासन गांव की ओर' को किया गया साकार**

**जनसंदेश न्यूज**


किसान मेला में बेसिक शिक्षा विभाग के स्टाल का निरीक्षण कर बीईओ भदोही चंद्र शेखर से जानकारी लेते डीएम गौरांग राठी

**भदोही।** सुशासन सप्ताह-प्रशासन गॉव की ओर विषयक कार्यशाला एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जयंती किसान सम्मान दिवस पर किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन चिंतामणि राय इण्टर कालेज मूँसीलाटपुर में किया गया। जिसका जिला पंचायत अध्यक्ष अनुरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, सांसद प्रतिनिधि विजय बिन्द, पूर्व जिलाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह, जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, द्वारा कृषि विभाग एवं विकास भवन के अन्तर्गत लगाये गये प्रदर्शनी व कार्यशाला का अवलोकन करते हुए उद्घाटन किया गया।

कृषि विभाग एवं विकास भवन के अन्तर्गत लगाये गये प्रदर्शनी व कार्यशाला में वन विभाग के अन्तर्गत नवग्रह वाटिका, जैविक कृषि-जीवामृत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हेल्पडेस्क, पशुपालन विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, वर्मी कम्पोस्ट, निपुण भारत, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या योजना, स्वच्छता एक्शन प्लान नमामि गंगे, क्लीन अभियान अन्तर्गत जैविक मेला, मतदाता पंजीकरण कैम्प, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत किसान मेला, पारदर्शी जनसंवाद, विषयक लगाये गये विभिन्न स्टालो का उपर्युक्त अतिथियों द्वारा अवलोकन करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए लाभ से जनमानस को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।

## स्वच्छ भारत मिशन पार्ट 2 के तहत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



कचरा प्रबंधन के संबंध में बनाये गए मॉडल को प्रस्तुत करती छात्राएं

**गोपीगंज।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत स्वच्छ टेक्नोलॉजी चैलेंज अंतर्गत कार्यक्रम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गोपीगंज में शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमे अधिशाषी अधिकारी अमिता सिंह ने छात्राओं को सूखे गीले कचरा पृथकरन के संबंध में जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा कचरा प्रबंधन के संबंध में मॉडल प्रस्तुत किया गया। क्रायक्रम में प्रमुख रूप से आशीष कुमार यादव, विवेक मोदनवाल और शिच्छकगण मोजूद रहे

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वितरित किया लैपटॉप


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लैपटॉप के साथ खड़े लाभार्थी व अन्य

**गोपीगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरो को लैपटॉप मुहैया कराया गया। शुक्रवार को सीएचसी के अंतर्गत दस सेंटरो में कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसरो को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सिराज अख्तर ने लैपटॉप का वितरण किया। भाजपा नेता सिराज अख्तर ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की जांच सहित अन्य जांच कार्य लैपटॉप के माध्यम से आसानी से होगा, जिससे विभिन्न मरीजों को समय-समय पर बेहतर इलाज कराने में सहायता मिलेगी। वही मुख्य रूप से उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार सिंगार, डॉक्टर विजय गौतम, डॉ. स्वपनिल, डॉ. राजवीर कौर, डॉ. अशलम अंसारी, डॉ. समीर , दीपक मिश्रा, संजय यादव, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। लैपटॉप पाने वालों में मुख्य रूप से अमित, सुलेखा, बजरंग, अंकुर, पवन, नीलम, पूजा, सरोजा व सरोज रहे। इस दौरान समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी की योजना बना रहे दो अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**कब्जे से 02अदद चाकू व लोहे की रॉड बरामद**

**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया है। इसी के क्रम में थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि में मुखबिर खास की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान आरोपीगण फिरोज पुत्र मुनौवर निवासी नई बस्ती बंधवा थाना व जनपद भदोही, राहुल सेठ पुत्र बांकेलाल सेठ निवासी स्टेशन रोड जलालपुर थाना व जनपद भदोही को मदर हलीमा स्कूल के पीछे से गिरफ्तार कर कब्जे से एक-एक अदद चाकू नाजायज व लोहे की रॉड बरामद किया। गया। उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मुअसं-327/2022 धारा-401भादवि व 4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही किया गया।

# केंद्रीय बल सहित पुलिस जवानों ने नगर में किया फ्लैग मार्च

**अभियान**

**लोगों को सुरक्षा का एहसास कराने व निकाय चुनाव को लेकर किया यह फ्लैग मार्च**

**जनसंदेश न्यूज**


शहर के स्टेशन रोड पर फ्लैग मार्च करते केंद्रीय बल सहित पुलिस के जवान

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान के नेतृत्व में केंद्रीय बल सहित स्थानीय पुलिस द्वारा नगर में फ्लैग मार्च किया गया। जवानों ने फ्लैग मार्च कर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया।

इस दौरान पैरामिलिट्री फोर्स (आरएएस) व स्थानीय पुलिस के जवानों ने नगर के स्टेशन रोड स्थित कोतवाली प्रांगण से फ्लैग मार्च की शुरूआत की। फ्लैग मार्च नगर के स्टेशन रोड से निकलकर लिप्पन तिराहा पहुंचा। जहां से अजीमुल्लाह चौराहे के लिए रवाना हुआ। वहां से कटरा बाजार, अंबरनीम, जमुंद आदि मोहल्ले में जलालपुर व काजीपुर मोहल्ले में पहुंचा। उसके बाद भरत तिराहा, मर्यादपट्टी, एकमा तिराहा होते हुए फ्लैग मार्च में शामिल जवान नई बाजार नगर में पहुंचे। जहां पर उनके द्वारा फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन किया गया। जवानों ने फ्लैग मार्च व एरिया डोमिनेशन कर आमजन मानस में सुरक्षा का एहसास कराया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया। इस मौके पर आरएएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अरविंद कुमार आजाद, प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ, उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह, सगीर अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# चौकीदारों के बीच एसपी ने किया कम्बल वितरण

**ज्ञानपुर।** पुलिस लाइन ज्ञानपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रहरी ग्राम चौकीदार के सम्मान व बढ़ते शीतलहर के प्रकोप से उन्हें राहत देने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यरत कुल 380 ग्राम चौकीदारों को कम्बल वितरण किया गया। बढ़ते ठंड के मौसम में कम्बल पाकर ग्राम चौकीदारों द्वारा पुलिस अधीक्षक भदोही को धन्यवाद दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि चौकीदार हमारे पुलिस विभाग की सबसे प्रथम कड़ी हैं। पुलिस विभाग से ग्राम प्रहरियों को जोडने एवं प्रोत्साहन हेतु संवाद स्थापित कर उन्हें सम्मानित किया गया। किसी भी अपराधी या आपराधिक गतिविधि होती है तो इसकी सूचना पुलिस के साथ साझा करें। भविष्य में ग्रामीण क्षेत्र में घटित कोई भी छोटी से छोटी घटना व कानून व्यवस्था सम्बंधित सूचना ग्राम प्रहरियों चौकीदार के माध्यम से

**नेक कार्य**

**पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिस लाइन ज्ञानपुर स्थित शाखाओं का किया निरीक्षण**

**ड्यूटी के प्रति लापरवाह पुलिस कर्मियों को अर्दली रूम में दी गई हिदायत**

जनपदीय पुलिस को तत्काल प्राप्त हो सके। जिससे जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया। इस दौरान परिवहन शाखा भोजनालय बैरिक शस्त्रागार एवं बैरिक भवन मरम्मत रंग रोगन कार्यों जिम हॉल का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उसके पश्चात पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों का अर्दली रूम चेक किया गया जिसमें लापरवाह पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 40 अन्नदाता सम्मानित

**आयोजन**

**पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन**


जयंती पर सम्मानित हुए किसान

**जौनपुर।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर किसान सम्मान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य व गन्ना विभाग आदि के पैदावार में अच्छा कार्य करने वाले प्रगतिशील 40 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किसान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोकन कर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान भारी संख्या किसान मौजूद रहें जिन्हे विभाग के तरफ से जागरूक किया गया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि किसान वैज्ञानिक खेती कर कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त कर अपनी आय दोगुनी कर सकते है। उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मानित करने का उददेश्य है कि अन्य किसान भी इन किसानों से प्रेरणा लें। कृषि के क्षेत्र में महिलाए उल्लेखनीय कार्य कर रही है अन्य महिलाओं से भी अपील की कि वे आगे आये एवं वैज्ञानिक तकनीकी से खेती करते हुए आजीविका में वृद्वि करें। कृषि वैज्ञानिक डा. सुरेश कनौजिया द्वारा विस्तार से किसानों को तकनीकी कृषि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। कृषि वैज्ञानिक डा. संदीप, डा. अमित कुमार, डा. सुरेन्द्र प्रताप, डा. अनिल यादव ने किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला कृषि अधिकारी डा. रमेशचन्द्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपकृषि निदेशक जयप्रकाश, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला कृषि अधिकारी केके सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह राना, देवराज पाण्डेय, अंजनी उपाध्याय, अमित मिश्र, सुरेंद्र शर्मा, श्रवण कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पहलवान बाबा का वार्षिक शृंगार महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**सरकी।** केराकत कस्बे के सरायबीरु चौराहे के पास स्थित जय पहलवान बाबा मंदिर का वार्षिक श्रृंगार महोत्सव गुरुवार को धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर विग्रह सहित पूरे मंदिर परिसर की आकर्षक सजावट की गई थी। महोत्सव का आरम्भ रामायण पाठ से हुआ। तत्पश्चात विशेष आरती की गई। दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपना यथोचित योगदान दिया। शाम को भव्य भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नगर पंचायत के चेयरमैन विजय गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य वंदना सरोज के प्रतिनिधि पप्पू सरोज, सीओ गौरव शर्मा, कोतवाल संजय वर्मा आदि उपस्थित रहे। महोत्सव को सफल बनाने में अजय सोनकर, दिलीप सोनकर, मकालू सोनकर, श्यामजी प्रजापति, विजय सोनकर, प्रदीप सोनकर, नितिन सोनकर आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।



# मानवीय स्वास्थ्य संरक्षण में औषधीय पौधों का विशेष महत्व

**बोले प्रो. अरुण कुमार**

**किसान दिवस पर आयोजित की गयी संगोष्ठी**

**जनसंदेश न्यूज**


मॉडल प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण

**सिंगरामऊ।** राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयन्ती के उपलक्ष्य में घरेलू पौधों के उपयोग विषय पर संगोष्ठी और मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

किसान दिवस पर आयोजित इस संगोष्ठी कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार सिंह ने कहाकि भारतीय संस्कृति में घरेलू पौधों के औषधीय उपयोग की प्राचीन परंपरा रही है। औषधीय पादप क्षेत्र के विकास में युवाओं को रोजगार प्रदान करने की काफी सम्भावना है क्योंकि देश और विदेश में औषधीय पौधों और उनकी तैयारियों के लिए एक बड़ा और लगातार बढ़ता हुआ बाजार है। छात्र-छात्राओं द्वारा घरेलू पौधों के उपयोग पर एक मॉडल प्रदर्शित किया गया जिसमें जागृति सिंह, अनुपम मिश्रा और संगम दास के मॉडल को सबसे अधिक सराहा गया। संगोष्ठी कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार त्रिपाठी ने किया और आमंत्रित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन विभाग के प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर प्रो. सुधीर कुमार सिंह, प्रो. इंदु प्रकाश सिंह, डॉ. अजय दुबे, डॉ. सन्तोष कुमार सिंह, डॉ. संजय तिवारी, प्रभाकर सिंह, आशीष मिश्र, पृथ्वीपाल सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जेसीआई चेतना ने कैंप लगाकर गरीबों में वितरण किया कंबल



जौनपुर। जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा आयोजित निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम संस्था की नव चयनित अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में शहर के मध्य स्थित मीना रिजवी गर्ल्स इंटर कॉलेज के प्रांगण में कैंप लगाकर शहर के गरीब बस्ती से बुलाकर लोगों में निःशुल्क कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित मीना रिजवी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल तहसीन ने जेसीआई संस्था की प्रशंसा करते हुए कहाकि इस तरह के कार्यक्रम जनपद के सभी संस्थाओं को करना चाहिए इस समय शीतलहर का समय चल रहा है लोगों को ठंड में कंबल की आवश्यकता पड़ रही है। सदस्यों ने कंबल वितरण कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस मौके पर सरला माहेश्वरी, विभा गुप्ता, चेतना साहू, मंजू जायसवाल, सारिका सेठ, ममता गुप्ता, अनीता कुमारी, अंजू पाठक, रिंकी जायसवाल, शालिनी सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन सारिका सेठ ने किया। संस्था की नव चयनित कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**जनसंदेश न्यूज**


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

**जौनपुर।** अलाव एवं रैन बसेरा की संख्या में बढ़ोत्तरी एवं बजबजाती नालियों की समुचित सफाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि नगर के तमाम नुक्कड़, चौराहों पर राहगीर, ठेला, खोमचा, रिक्शा चालक सहित तमाम जनमानस को इस समय पड़ रही ठण्ड के बचाव के लिये जगह–जगह अलाव की व्यवस्था होनी चाहिये जो अभी तक नहीं हुई। इसके अलावा नगर में रैन बसेरा जो जनसंख्या के हिसाब से कम है। ऐसे में रैन बसेरा की संख्या भी बढ़ायी जानी चाहिये, ताकि दूर–दराज से देर रात को आने वाले यात्रियों को ठण्ड में राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित कर्मचारियों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है, क्योंकि वे चैन की नींद सो रहे हैं और टैक्स के रूप में ऐसे लोगों को वेतन देने वाली जनता त्राहिमाम कर रही है। ज्ञापन लेते हुये नगर मजिस्ट्रेट ने व्यापारियों को शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमण्डल में अमरनाथ मोदनवाल, आशुतोष जायसवाल, संजय कन्नौजिया, चंगेज खान, नितेश साहू, पवनेश यादव, कन्हैया लाल यादव सहित तमाम व्यापारी शामिल रहे।

## बैंक व समूह सखियां घर पर बनाएंगी फिनायल, हैंडवाश

**गभिरन।** स्वयं सहायता समूह और बैंक सखियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत खुटहन ब्लाक मुख्यालय के सभागार में विभिन्न हथकरघा उद्योग के विषय में उन्हें प्रशिक्षित किया गया। सखियों को घर पर ही फिनायल, फर्श क्लीनर, हैंडवाश इत्यादि बनाने के लिए तकनीकी जानकारी दिया गया। ब्लाक मिशन प्रबंधक ऋषि मिश्रा ने महिलाओं के लैंगिंग भेदभाव की रोकथाम के लिए संविधान द्वारा प्रदत्त मूल अधिकार व समता के अधिकार के बारे में विधिवत बताया। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वरोजगार की विभिन्न तकनीकियां अपनाने को प्रेरित किया। इस मौके अवनीश कुमार राय, बैंक सखी अर्चना पाण्डेय, मीरा देवी, पुनीता देवी, चांदनी,पूनम आदि मौजूद रही।

# हमाम वहीद बनाए गए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता

**जनसंदेश न्यूज**



**खेतासराय।** आजादी के बाद देश में लम्बी राजनीति करने वाली राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी ने युवा नेता हमाम वहीद का कद बढ़ाते हुए एक नई जिम्मदारी दी है जिससे शुभचिंतको ने तमाम माध्यमों से बधाई देते हुए शुभकामनाएं दे रहे है। उत्तर-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष एवं मीडिया विभाग के चेयरमैन नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस के युवा नेता हमाम वहीद को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए श्री वहीद ने कहा कि पार्टी ने मुझे एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका अदा करने की पूरी कोशिश करूंगा। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश को एकता के सूत्र में पिरोने, नफरत मिटाने के लिए, मोहब्बत का पैगाम देने के लिए काम कर रहे है। हमें राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।

## जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर जाना हाल

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा विकासखण्ड बक्शा के ग्राम पंचायत वीरभानपुर में चल रहे हर घर जल नल कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि बोरवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। पानी की टंकी का सीविल कार्य धीरे चल रहा था जिस पर वेलस्पन के प्रोजेक्ट मैनेजर कृष्णा तिवारी को निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या बढाकर कार्य में तेजी लाये और समय से कार्य पूर्ण करायें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, एक्सईएन जलनिगम राजेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!

# श्री रामचरित मानस नवाह्न पाठ महायज्ञ समिति राबर्ट्सगंज के तत्वावधान में आयोजित महायज्ञ 28 वें वर्ष के उपलक्ष्य में जनपदवासियों एवं कथा प्रेमियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत्...!

## स्थान- आर0टी0एस0 क्लब मैदान, राबर्ट्सगंज-सोनभद्र

दिनांक- 24 दिसम्बर 2022 से 01 जनवरी 2023 तक प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से प्रभु का श्रृंगार एवं आरती प्रातः09 बजे मानस पाठ प्रारम्भ रात्रि 07 बजे से श्रीराम कथा



सत्यपाल जैन – अध्यक्ष रामचरित मानस समिति, प्रदेश उपाध्यक्ष- उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल

सुशील पाठक – महामंत्री, राम चरित मानस समिति

जय प्रकाश पाण्डेय 'चेखुर' – सदस्य, जिला पंचायत, सोनभद्र

मिठाई लाल सोनी – जिलाध्यक्ष, सर्राफा एसोसिएशन, सोनभद्र

ई0 रमेश चन्द्र दुबे – पूर्व विधायक घोरावल, समाजवादी पार्टी

इन्द्रदेव सिंह – संरक्षक, रामचरित मानस समिति

भूपेश चौबे – विधायक, सदर, सोनभद्र



अजीत चौबे – जिलाध्यक्ष, भाजपा, सोनभद्र

डा0 धर्मवीर तिवारी – पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा, सोनभद्र

अशोक मिश्रा – पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा, सोनभद्र/ जिला प्रभारी, गाजीपुर

विजय जैन – पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र

उष्मान अली – अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र

कृष्ण मुरारी गुप्ता – पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जिलामहामंत्री भाजपा, सोनभद्र

अजीत रावत – ब्लाक प्रमुख सदर/क्षेत्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र

25-12-2022 दिन रविवार
माध्यान्तर के बाद
प्रभु श्रीरामचन्द्र जी का
**जन्मोत्सव**

26-12-2022 दिन सोमवार
माध्यान्तर के बाद
**प्रभु श्रीराम विवाह**



31-12-2022 दिन शनिवार
माध्यान्तर के बाद
**रावण वध**

01-01-2023 दिन रविवार
प्रातः 09 बजे से प्रभु श्रीराम जी
**का राज्याभिषेक**

02-01-2023 दिन सोमवार प्रातः 11 बजे से प्रभु का भण्डारा एवं प्रसाद वितरण दोपहर 01 बजे से प्रभु श्रीराम जी की शोभा यात्रा रात्रि 09 बजे से मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के तत्वावधान में कवि सम्मेलन

**उपरोक्त कार्यक्रम में कोविड नियमों का पालन करते हुए उपस्थित होकर पुण्य के भागीदार बनें**



अयोध्या दूबे – प्रमुख व्यवसायी/संरक्षक मानस समिति

पुनीत जैन – समाजसेवी-सोनभद्र

राकेश मेहता – जिला कोषाध्यक्ष भाजपा-सोनभद्र

डा. प्रमोद कुमार प्रजापति – लाईफ केयर हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर

उदय नाथ मौर्या – जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सोनभद्र

अतुल पाठक – सदस्य, रामचरित मानस समिति

विनोद सिंह पटेल – जिलामंत्री भाजपा, सोनभद्र



अजीत जायसवाल – अध्यक्ष, लायन्स क्लब, सोनभद्र

संतोष कुमारी – जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ, सोनभद्र

कोमल पाण्डेय – समाजसेवी, सोनभद्र

वर्षा वर्मा – जिलाउपाध्यक्ष, महिला शिक्षक संघ, सोनभद्र

शिवम अग्रवाल – जिलाध्यक्ष, यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन सोनभद्र

आनन्द त्रिपाठी – अध्यापक, बेसिक शिक्षा परिषद

शीतल दहलान – प्रदेश उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, जोनल अध्यक्ष, महिला शिक्षक सशक्तिकरण संघ, उ0प्र0

!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!!! जय श्रीराम !!